You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-343 ❐ शनिवार, 17 जनवरी 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है। जब भारत 11 वें स्थान से चौथे स्थान पर आ सकता है तो हम नंबर 01 पर भी आ सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का आहवान किया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी को प्रयास करना है।

केशव प्रसाद मौर्य

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 1008 कुण्डीय हनुमान महायज्ञ में हुई शामिल 11

दरभंगा के लगमा में 17 जनवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन 12

### भविष्य में किसी देश को आगे रखने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में क्रांति जरूरी होगी

# भारतीयों द्वारा भारतीय सर्वरों पर तैयार हो स्वदेशी एआई : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भविष्य में किसी देश को आगे रखने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में क्रांति जरूरी होगी और इसलिए हमारा प्रयास होना चाहिए कि स्वदेशी एआई भारतीयों द्वारा भारतीय सर्वरों पर ही तैयार हो। श्री मोदी ने यहां भारत मंडप में स्टार्टअप इंडिया मिशन के 10 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि पिछले 10 साल में देश में एक ऐसा वातावरण तैयार हुआ है जो नवाचार को बढ़ावा देता है। सरकार ने विश्वास और पारदर्शिता का माहौल बनाया है। जन विश्वास कानून बनाया है। स्टार्टअप के लिए कई कानूनों में स्व.प्रमाणन की सुविधा दी गयी है ताकि स्टार्टअप का समय मुकदमेबाजी में बर्बाद न हो।

इससे पहले श्री मोदी ने कुछ स्टार्टअप कंपनियों के स्टॉल पर जाकर उनके द्वारा किये जा रहे काम के बारे में जाना। इसके बाद कुछ स्टार्टअप ने मंच से अपनी यात्रा और स्टार्टअप इंडिया मिशन से मिले लाभ के बारे में बताया। श्री मोदी ने कहा कि आज का अनुसंधान ही कल की बौद्धिक संपदा बनती है। जो देश एआई की क्रांति में जितना आगे होगा वह उतनी ही लाभ की स्थिति में होगा। कार्यक्रम में मौजूद स्टार्टअप का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा यह काम आपको करना होगा। इंडिया एआई मिशन के जरिये 38 हजार से अधिक जीपीयू को ऑनबोर्ड किया है। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्वदेशी एआई भारतीयों द्वारा भारतीय सर्वरों पर ही तैयार हों। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का नौजवान आज खिंची.खिंचाई लकीर पर आराम से अपनी जिंदगी गुजारने के लिए तैयार नहीं है। वह अपने लिए नये रास्ते खुद बनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि जोखिम लेने वालों को अब सम्मान मिलता है और यह अब फैशन बन रहा है। इसी संदर्भ में अपनी सरकार की काम करने की शैली का उल्लेख करते ● शेष पेज 11 पर



**मोदी बोले**

- ❐ पीयूष गोयल ने कहा कि साल 2016 में जब स्टार्टअप इंडिया मिशन शुरू हुआ तो देश में सिर्फ 400 स्टार्टअप हुआ करते थे
- ❐ प्रधानमंत्री कहा कि भविष्य में किसी देश को आगे रखने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में क्रांति जरूरी होगी
- ❐ आज का अनुसंधान ही कल की बौद्धिक संपदा बनती है। जो देश एआई की क्रांति में जितना आगे होगा वह उतनी ही लाभ की स्थिति में होगा
- ❐ देश का नौजवान आज खिंची.खिंचाई लकीर पर आराम से अपनी जिंदगी गुजारने के लिए तैयार नहीं है

### प्रधानमंत्री आज देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का करेंगे शुभारंभ

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार और रविवार को पश्चिम बंगाल और असम के अपने दो दिन के दौरे में कोलकाता हावड़ा और कामाख्या गुवाहाटी के बीच पहली स्लीपर वंदे भारत एक्प्रेस ट्रेनों को हरी झंडी देने के साथ ही दोनों राज्यों के प्रमुख रेलवे स्टेशनों से देश के विभिन्न स्थानों के लिए नौ आधुनिक सुविधाओं से सज्जित अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी इसके साथ पश्चिम बंगाल में बंगलादेश की सीमा के पास राधिकापुर स्टेशन और बलूरघाट स्टेशन से बेंगलूर के लिए दो एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं का भी शुभारंभ करेंगे। रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि इन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुरू होने से लोगों के आवागमन की सुविधा बढ़ने के साथ साथ व्यापार और पर्यटन को भी बढावा मिलेगा। श्री मोदी इस दो दिन के दौरे में शनिवार को मालदा पश्चिम बंगाल में ● शेष पेज 11 पर

## लोकतांत्रिक संस्थाओं की प्रासंगिकता समावेशी और जवाबदेह होने पर निर्भर : लोकसभा अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों का 28वाँ सम्मेलन (सीएसपीओसी) शुक्रवार को लोकतांत्रिक संस्थाओं को और अधिक जन-केंद्रित बनाने की नवीकृत प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुआ। दो-दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समापन संबोधन दिया।

समापन सत्र के दौरान लोक सभा अध्यक्ष ने 29वें सीएसपीओसी की अध्यक्षता यूनाइटेड किंगडम के हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष सर लिंडसे होयल को सौंपी तथा लंदन में आयोजित होने वाले अगले सीएसपीओसी की सफलता के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाएँ तभी सशक्त और प्रासंगिक बनी रह सकती हैं जब वे पारदर्शी, समावेशी, उत्तरदायी और जनता के प्रति जवाबदेह हों। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता निर्णय-प्रक्रिया में खुलेपन को सुनिश्चित कर जनता के विश्वास को बढ़ाती है, जबकि समावेशन यह सुनिश्चित करता है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रत्येक आवाज़, विशेषकर समाज के हाशिये पर खड़े लोगों की सुनी जाए और उसका सम्मान हो। उनके अनुसार, ये सिद्धांत मिलकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की वैधता को बनाए रखते हैं और नागरिक तथा राज्य के बीच स्थायी संबंध को सुदृढ़ करते हैं।

बिरला ने कहा कि 28वें सीएसपीओसी ने सीएसपीओसी की विरासत को नई ऊर्जा और सार्थकता के साथ आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह व्यापक और समावेशी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगा कि नई दिल्ली सम्मेलन ● शेष पेज 11 पर



❐ 28वें सीएसपीओसी ने सीएसपीओसी की विरासत को नई ऊर्जा और सार्थकता के साथ आगे बढ़ाया है।

## दिल्ली विधानसभा ने पंजाब के एफएसएल डायरेक्टर को भेजा नोटिस

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने नेता प्रतिपक्ष आतिशी से जुड़े वीडियो मामले में पंजाब फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) के डायरेक्टर को नोटिस जारी किया है। इसके अलावा आतिशी को कथित विशेषाधिकार उल्लंघन के संबंध में भी नोटिस जारी किया गया है और उनसे 19 जनवरी तक लिखित जवाब देने का अनुरोध किया गया है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता में कहा, ''विधानसभा सचिवालय द्वारा आज पंजाब एफएसएल के डायरेक्टर को नोटिस जारी किया गया है, जिसमें रिपोर्ट के आधार सहित विस्तृत उत्तर मांगा गया है। इसके लिए उन्हें 22 जनवरी तक का समय दिया गया है। इस मामले की विधिक प्रक्रिया में दिल्ली विधानसभा सदन किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देगा।''

उन्होंने कहा कि पूरे मामले की गंभीरता, दिल्ली विधानसभा की गरिमा तथा लोकतांत्रिक जवाबदेही को बनाए रखने की आवश्यकता को देखते हुए सदन का विशेष सत्र भी बुलाया जा सकता है, क्योंकि इस विषय में सभी निर्णय केवल सदन द्वारा ही लिए जाने चाहिए, कहीं और नहीं। गुप्ता ने कहा कि यह विषय सिख गुरु तेग बहादुर जी से ● शेष पेज 11 पर

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने की यूके हाउस ऑफ लॉर्ड्स के लॉर्ड स्पीकर से भेंट

नई दिल्ली । उप राष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को यूनाइटेड किंगडम (यूके) की संसद के हाउस ऑफ लॉर्ड्स के लॉर्ड स्पीकर, लॉर्ड मैकफॉल ऑफ एल्क्लुइथ पीसी के साथ संसद भवन में सौहार्दपूर्ण एवं सार्थक भेंट की। यह भेंट 14 से 16 जनवरी तक भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) के दौरान हुई। लॉर्ड स्पीकर का राज्य सभा में स्वागत करते हुए सीपी राधाकृष्णन ने सम्मेलन में उनकी भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनकी उपस्थिति दोनों देशों के बीच सतत ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### बीएमसी में भाजपा की सरकार बनने जा रही: केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को लखनऊ में इण्डिया फूड एक्सपो-2026 का उदघाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है। जब भारत 11 वें स्थान से चौथे स्थान पर आ सकता है तो हम नंबर 01 पर भी आ सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का आहवान किया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी को प्रयास करना है। उन्होंने किसानों से कहा कि ?अवसर का लाभ उठायें।

### कठुआ में आतंकियों के तीन ठिकाने ध्वस्त, सर्च ऑपरेशन जारी

कठुआ। कठुआ जिले के बिलावर क्षेत्र में पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों की संयुक्त कार्रवाई में आतंकियों के तीन ठिकानों का भंडाफोड़ किया गया है। बीते 7 जनवरी 2026 को कामाड़ नाला, कलाबन और धनु परोल के जंगलों में आतंकियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना के आधार पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की, जिसके बाद रात भर मुठभेड़ चलती रही। सर्च के दौरान एक आतंकी ठिकाने से एम-4 राइफल के खाली कारतूस, खाने-पीने का सामान, कंबल, तिरपाल और अन्य उपयोगी वस्तुएं बरामद की गईं। इसके बाद 16 जनवरी 2026 को कलिखड़ और कलाबन इलाकों में दो और आतंकी ठिकानों का पता लगाकर गैस सिलेंडर, बर्तन, टॉर्च, कंबल और अन्य सामग्री जब्त की गई।

### हज यात्रा के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ी

नई दिल्ली। हज यात्रा संबंधी प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 जनवरी कर दी गई है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने साफ किया है कि इसके बाद कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज यात्रियों से हज बुकिंग और अन्य कागजी प्रक्रिया 25 जनवरी 2026 तक पूरा कर लेने का अनुरोध किया है ।हज यात्रियों को अपना वैध पासपोर्ट अपने चुने हुए एचजीओ (हज ग्रुप ऑर्गनाइजर) या संबंधित कार्यालय में जमा करने, नुसुक पोर्टल पर अपना पंजीकरण विवरण दर्ज करने को कहा गया है।

## बांसेरा में तीसरे अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव का किया उद्घाटन : शाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली के सराय काले खां स्थित यमुना फ्लडप्लेन में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा विकसित 'बांसेरा' घास के मैदान में तीसरे 'अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने दिल्ली सरकार से इस उत्सव को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए एक विशेष समिति बनाने का आग्रह किया।

अमित शाह ने दिल्ली सरकार से आग्रह किया कि वह दिल्ली को पतंग उत्सव का वैश्विक केन्द्र बनाने के लिए एक समिति का गठन करे। इस पहल से न केवल पूरे देश इस उत्सव से जोड़ेगा, बल्कि दिल्ली भविष्य में अंतरराष्ट्रीय पतंगबाजों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनकर उभरेगी। आयोजन स्थल 'बांसेरा' की प्रशंसा करते हुए मंत्री ने कहा, ऌआज यहां देश की हर नस्ल का बांस मौजूद है। यह स्थान इस बात का परिचायक है कि यदि कोई अपने संकल्प के लिए कृतनिश्चयी हो, तो ऐसे ही सुंदर परिणाम आते हैं।'' उन्होंने सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने और देश भर में मनाए जाने वाले उत्तरायण पर्व की देशवासियों को बधाई दी और कहा कि भारत में उत्सव समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। गृह मंत्री ने इतिहास को याद करते हुए 'साइमन कमीशन' के विरोध के दौरान पतंग उत्सव की भूमिका को भी रेखांकित किया, जो देशभक्ति की भावना जगाने का एक जरिया बना था। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के नागरिकों को एक प्राकृतिक और सुंदर स्थान प्रदान करने के साथ-साथ पारंपरिक खेलों को अंतरराष्ट्रीय मंच देना है। 'बांसेरा' अब दिल्लीवासियों ● शेष पेज 11 पर



### गडकरी आज मप्र में 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास

भोपाल। केंन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी शनिवार, 17 जनवरी को मध्?य प्रदेश के विदिशा जिले में 4,400 करोड़ रुपये से अधिक लागत से निर्मित और प्रस्तावित 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियाजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 181 किलोमीटर लम्बी ये परियोजनाएं मध्य भारत और बुंदेलखंड क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी को मजबूती प्रदान करेंगी और प्रदेश के सड़क एवं परिवहन अवसंरचना विकास की दिशा में एक ओर ऐतिहासिक अध्याय जुड़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश को मिल रही ये परियोजनाएं क्षेत्रीय विकास, औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार, आवागमन की सुगमता और आर्थिक प्रगति को नई गति प्रदान करेंगी। साथ ही सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और कुशल, प्रशिक्षित चालकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में 3 आधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी अरूण शर्मा ने शुक्रवार ● शेष पेज 11 पर

## मुझे जेल भेजने के बारे में सोच रहे हैं लोगों के लिए मरने को भी तैयार हूं : ममता

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि उन्हें जेल में डालने की धमकी दी जा रही है, लेकिन वह डरने वाली नहीं हैं। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी के कार्य में बाधा देने का दावा कर मुझे जेल में डालने की धमकी दी जा रही है लेकिन मैं डरती नहीं हूं। जरूरत पड़ी तो जनता के लिए जान देने को तैयार हूं। पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में शुक्रवार को हालात तनावपूर्ण रहे। एक ओर झारखंड में एक प्रवासी मजदूर की मौत के विरोध में मुर्शिदाबाद के बेलडांगा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग और रेल लाइन को जाम किया गया, वहीं दूसरी ओर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर कथित उत्पीड़न के खिलाफ पूर्व बर्दवान जिले के समुद्रगढ़ स्टेशन पर रेल अवरोध शुरू हो गया। इन घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हिंसा और अशांति के पीछे केंद्रीय एजेंसियों का समर्थन है। दो दिवसीय उत्तर बंगाल दौरे पर रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय में जो गुस्सा है, वह स्वाभाविक है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तोड़फोड़ और हिंसा किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि कुछ योजनाबद्ध कोशिशों के तहत राज्य में अशांति फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। बेलडांगा में स्थानीय लोगों की ओर से हुई हिंसा और आगजनी की घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूरी तरह से एक साजिश है और इसका मकसद हिंसा फैलाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में बंगाल के प्रवासी मजदूरों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। राज्य सरकार ने इस तरह की घटनाओं की जांच की है और पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता दी जा रही है। ममता ने लोगों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की। एसआईआर को लेकर मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि इसके नाम पर अल्पसंख्यकों के साथ-साथ आदिवासी, मतुआ और राजबंशी समुदाय के लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि रोजाना संदेश माध्यमों के ● शेष पेज 11 पर



❐ सआईआर को लेकर मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि इसके नाम पर अल्पसंख्यकों के साथ-साथ आदिवासी, मतुआ और राजबंशी समुदाय के लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश की जा रही है

### उत्तर प्रदेश ने खेलों के माध्यम से भी विकसित भारत बनाने के अभियान में भरपूर प्रयास

# खेल प्रतिभाएं तराशें शिक्षण संस्थान : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों का आह्वान किया है कि वे किसी एक खेल को गोद लेकर उससे जुड़ी प्रतिभाओं को तराशें। खेल के जरिये स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कराकर अनुशासन और खेल भावना को मजबूत करने में योगदान दें। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल (महिला) प्रतियोगिता के औपचारिक उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल गतिविधियों को बढ़ाने से युवा नशे से दूर रहेंगे, तमाम विकृतियों से बचे रहेंगे। युवा खेलेगा तो खिलेगा और यही युवा देश को आगे बढ़ाने में, 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में योगदान देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने खेलों के माध्यम से भी विकसित भारत बनाने के अभियान में भरपूर प्रयास किए हैं। प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेरठ में बन चुकी है। मेरठ में हर प्रकार के स्पोर्ट्स आइटम बन रहे हैं और इसे सरकार ने ओडीओपी में शामिल किया है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत 11 वर्षों में देश में एक नई खेल संस्कृति ने जन्म लिया है। 2014 के पहले खेल की गतिविधियां और प्रतियोगिताएं सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं होती थीं। खेल और खिलाड़ियों की उपेक्षा होती थी। अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर न होने से खिलाड़ी खेल से पलायन करने को विवश होते थे। कुंठित, हताश और निराश रहते थे। जबकि 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में खेल और खिलाड़ियों का प्रोत्साहन देखते ही बनता है। प्रधानमंत्री मोदी ने खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेल प्रतियोगिता जैसे अभियानों से स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र की प्रेरणा दी है। गांव-गांव तक खेल प्रतिभाओं को मंच दिया है। प्रधानमंत्री स्वयं विभिन्न खेलों में देश की विजेता टीमों के खिलाड़ियों के साथ बैठते हैं। प्रतियोगिता से पहले भी उनका हौसला बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर ● शेष पेज 11 पर



**योगी बोले**

- ❐ उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को आगे बढ़ाया गया है
- ❐ 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स गुजरात में होंगे। हर राज्य और खिलाड़ियों को इसके अनुरूप खुद को तैयार करना होगा

### रुपये लेकर पट्टा करने वालों के विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई : योगी

गोरखपुर । लगातार दो दिन मकर संक्रांति/खिचड़ी महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधाओं के प्रबंधन तथा निगरानी में व्यस्त रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनता दर्शन का आयोजन किया। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्रता से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में भूमि पट्टा आवंटन से जुड़ी कतिपय शिकायतों पर गंभीर दिखे मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिस भी गांव में रुपया लेकर पट्टा आवंटन की शिकायत हो, वहां तत्काल जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में शुक्रवार सुबह आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के ● शेष पेज 11 पर

## भाजपा महायुति की बंपर जीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ महाराष्ट्र नगर निकाय चुनाव में भाजपा गठबंधन ने लहराया परचम, ठाकरे युग का अंत

मुंबई। महाराष्ट्र की शहरी राजनीति में बड़ा उलट.फ़ेर करते हुए भाजपा और महायुति ने नगर निगम चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। राज्य की 29 महानगर पालिकाओं में से करीब दो दर्जन सीटों पर भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन ने जीत हासिल कर अपना दबदबा साबित कर दिया है। खास तौर पर बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) में पहली बार भाजपा ने एकनाथ शिदे की शिवसेना के साथ मिलकर उद्धव ठाकरे को करारी शिकस्त दी है, जिससे मुंबई में करीब तीन दशक से चला आ रहा ठाकरे परिवार का वर्चस्व समाप्त हो गया है। बीएमसी चुनावों में भाजपा-शिवसेना (शिदे गुट) गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। इसके साथ ही उद्धव ठाकरे गुट दूसरे स्थान पर खिसक गया है और पहली बार मुंबई में विपक्ष की भूमिका में नजर आ रहा है। शुक्रवार सुबह 10 बजे शुरू हुई मतगणना के बाद अब तक करीब 1700 उम्मीदवारों की जीत-हार का फैसला हो चुका है। शुरुआती रुझानों से ही यह स्पष्ट हो गया था कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों की लहर शहरी मतदाताओं में मजबूत है। मुंबई के अलावा पुणे, नागपुर, ठाणे, नवी मुंबई, पिपरी-चिचवाड़ और नासिक जैसे प्रमुख नगर निगमों में भी भाजपा गठबंधन ने विपक्ष को पीछे छोड़ते हुए निर्णायक बढ़त बनाई है। इन नतीजों ने यह साफ कर दिया है कि शहरी क्षेत्रों में भाजपा के विकास एजेंडे और स्थिर नेतृत्व पर मतदाताओं का भरोसा कायम है। माना जा रहा है कि बुनियादी ढांचे, शहरी सुविधाओं और प्रशासनिक सुधारों को लेकर भाजपा की रणनीति को मतदाताओं ने समर्थन दिया है। हालांकि मराठवाड़ा क्षेत्र के लातूर नगर निगम में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 70 में से 43 सीटों पर जीत दर्ज की है। यहां भाजपा 22 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इसके बावजूद राज्य के कुल परिणामों में भाजपा-महायुति का पलड़ा भारी रहा है। मतगणना के दौरान विपक्ष की ओर से सवाल भी उठाए गए। शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने कुछ ● शेष पेज 11 पर

# माघ मेले में पर्यटकों के लिए पहली बार शुरू हुई हेली जॉय राइड सेवा

**उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने की माघ मेला हेली जॉय राइड की शुरुआत, माघ मेले का एरियल दर्शन करा रही है सेवा**

**माघ मेला के समापन तक सेवा का उठा सकते हैं लाभ, 4200 में 7 मिनट का राइड का उठा सकते हैं लुत्फ**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। त्रिवेणी के तट पर आयोजित माघ मेले में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पर्यटकों के लिए पर्यटन के अवसर भी बढ़ाए जा रहे हैं। पर्यटकों के लिए अब माघ मेला क्षेत्र में हेली जॉय राइड सेवा की शुरुआत हुई है। इसके पहले प्रयागराज महाकुंभ में यह सेवा दी गई थी।

### माघ मेले में पहली बार शुरू हुई हेली जॉय राइड सेवा

संगम किनारे लगा माघ मेला आस्था , भक्ति और सांस्कृतिक का महा समागम बन गया है। माघ मेला के दो प्रमुख स्नान पर्वो के निकलने बाद उठी आस्था की लहर का ही यह परिणाम है कि मेला के आरंभ हुए इन 13 दिनों में 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आगमन हुआ है। पर्यटकों का झुकाव भी तेजी से माघ मेले में आगमन को लेकर बढ़ा है जिसे देखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने माघ मेला हेली जॉय राइड की शुरुआत की है। यूपीएसटीडीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष कुमार सिंह बताते हैं कि पर्यटकों को आसमान से भी माघ मेला क्षेत्र का दर्शन का आनंद प्रदान करने के लिए माघ मेला हेली जॉय राइड सेवा की शुरुआत हुई है। इसके लिए मेला क्षेत्र के अरैल इलाके में डीपीएस के निकट अस्थाई हेलीपैड बनाया गया है। पुणे की थुम्बी एविएशन इसकी जिम्मेदारी उठा रही है।

### माघ हेली जॉय राइड की तरफ तेजी से बढ़ा पर्यटकों का आकर्षण

हेलिकॉप्टर के माध्यम से माघ मेला क्षेत्र का एरियल दर्शन कराने के लिए शुरू हुई हेली जॉय राइड सेवा को लेकर पर्यटकों का रेस्पॉन्स भी अच्छा है। राइड की जिम्मेदारी उठा रही थुम्बी एविएशन के मैनेजर ऑपरेशन सिद्धार्थ का कहना है कि सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक यह सेवा पर्यटकों को प्रदान की जा रही है। एक राइड 7 से 8 मिनट की है जिसके लिए प्रति व्यक्ति 4200 रूपये किराया है। इस सेवा के लिए ऑनलाइन और ऑफ लाइन बुकिंग की सेवा उपलब्ध है। पर्यटकों का रेस्पॉन्स भी अच्छा है। हेली राइड सेवा का आनंद अस्थाई हेलीपैड पहुंचे यदुवेंद्र यादव का कहना है कि महा कुंभ में अधिक भीड़ की वजह से इस सेवा का आनंद हम लोग उठा नहीं पाए थे अब माघ मेला में इसकी सेवा शुरू हुई है जिसका आनंद उठाने दोस्तों के साथ आए हैं। पर्यटक अखंड प्रताप का कहना है कि हेली जॉय राइड से माघ मेला क्षेत्र के एरियल दर्शन का आनंद ही कुछ और है। सात मिनट में मेला क्षेत्र का चप्पा-चप्पा देख लिया जो यादगार रहेगा।

# मिल्कीपुर में 39 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित



मिल्कीपुर अयोध्या। मिल्कीपुर ब्लॉक मुख्यालय परिसर में 39 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और मिठाई वितरित की गई। यह वितरण मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाना है।इस अवसर पर विधायक चंद्रभानु पासवान ने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि ट्राई साइकिल मिलने से दिव्यांगों को आवागमन में सुविधा होगी, जिससे वे अपने दैनिक कार्य, शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक आसानी से पहुंच सकेंगे।विधायक ने बताया कि संसाधनों की कमी के कारण दिव्यांगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। इन समस्याओं को देखते हुए संबंधित विभाग ने जून-जुलाई में ही दिव्यांगों को चिह्नित किया था, जिसके परिणामस्वरूप आज उन्हें ट्राई साइकिल प्रदान की गई है।जिला दिव्यांगजन अधिकारी अयोध्या, चंद्रेश त्रिपाठी ने जानकारी दी कि कुल 39 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई है।

उन्होंने यह भी बताया कि कुछ लाभार्थी तकनीकी कारणों से मौके पर उपकरण प्राप्त नहीं कर सके, जिन्हें चिह्नित कर लिया गया है और जल्द ही उन्हें भी ट्राई साइकिल उपलब्ध करा दी जाएगी। भविष्य में दिव्यांगजनों को अन्य सहायक उपकरण भी प्रदान किए जाएंगे।इस कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह, एडीओ पंचायत सुरेंद्र कुमार राव, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा, ब्रम्हा प्रकाश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ब्लाक अध्यक्ष ने कुकुरहटा में बाटा कंबल



कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष कोरांव पवन कुमार सोनकर ने कुकुरहटा में गरीब जरूरतमंद दर्जनों लोगों को कंबल वितरण किया कंबल पाने वाले में मुख्य रूप से चंद्र कली , पतिया, कलावती,पप्पू, दर्शन, फूलवंती,सूर्य लाल,बृज मोहन,लल्लू राम, जगवती,समेत आदि लोग शामिल थे ।

## घरेलू कलह से आहत होकर महिला ने घर में किया सुसाइड, जांच में जुटी पुलिस

बीकेटी,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया,वही घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अन्य विधिक कार्यवाही में जुटी हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीकेटी थाना क्षेत्र के रामपुर देवराई रोजाना शॉपिंग के पीछे रहने वाले दुर्गेश सिंह की पत्नी गोल्डी सिंह ने घर में घरेलू कलह से आहत होकर घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया,वही मृतक गोल्डी के ससुरालजन शव को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।वही घटना की सूचना पर थाना प्रभारी बीकेटी संजय सिंह मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अन्य विधिक कार्यवाही में जुट गए थे,वहीं उन्होंने बताया कि मृतक महिला के परिजनों द्वारा अगर तहरीर दी जाएगी तो उसी के आधार पर जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## टाइल्स-मार्बल की दुकान पर बम से हमला, आरोपी फरार



लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता। दुबग्गा आंधी चौकी क्षेत्र में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे उस समय सनसनी फैल गई, जब एसआर ट्रेडर्स नामक टाइल्स और मार्बल की दुकान पर अज्ञात हमलावरों ने विस्फोटक सामग्री फेंक दी। धमाका इतना तेज था कि दुकान तहस-नहस हो गई। घटना के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी, जिससे स्थानीय लोग सहम गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी।दुकान मालिक मलिहाबाद का निवासीप्राप्त जानकारी के अनुसार, दुकान के मालिक का नाम रिहान है, जो मूल रूप से मलिहाबाद के निवासी हैं और वर्तमान में अलमास बाग क्षेत्र में रहते हैं। गनीमत रही कि घटना के समय कोई बड़ा जान-माल का नुकसान नहीं हुआ।मैनेजर ने कही फिरौती की मांगे जाने की बातदुकान पर मैनेजर के रूप में कार्यरत अंकित ठाकुर ने बताया कि घटना से तीन दिन पहले एक अज्ञात नंबर से फिरौती की मांग की गई थी। उनका कहना है कि इस संबंध में वह थाने भी गए थे। हालांकि पुलिस ने फिलहाल इस दावे की पुष्टि नहीं की है।सोशल मीडिया पर फैली धमाके की खबरघटना के बाद विस्फोट की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल और गहरा गया। व्यापारियों में भी दहशत देखी गई।जांच में जुटी पुलिस, टीम गठितथाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, हालांकि अभी तक आरोपियों की स्पष्ट तस्वीर सामने नहीं आई है।जल्द खुलासे का दावापुलिस का कहना है कि विस्फोटक सामग्री, घटनास्थल के साक्ष्य और अन्य बिंदुओं पर जांच जारी है। थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाया है कि बहुत जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद से इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। अब देखना यह है कि जांच में फिरौती का एंगल सही निकलता है या इसके पीछे कोई अन्य वजह सामने आती है।

## गांजा सहित आगरा का अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद । थाना मटसैना पुलिस टीम ने शुक्रवार को एक अभियुक्त को 07 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है। बरामद गांजा की कीमत करीब 01 लाख 40 हजार रुपये है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर जनपद में अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी थाना मटसैना विमलेश कुमार त्रिपाठी ने सीओ सदर तेजस त्रिपाठी के नेतृत्व में अभियुक्त पंकज पुत्र कालीचरन निवासी साकेत नगर बाह चौराहा फतेहाबाद थाना फतेहाबाद जनपद आगरा को रसीद्पुर कनैटा की ओर जाने वाले सर्विस रोड से गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद गांजा की कीमत करीब 01 लाख 40 हजार रुपये है। अभियुक्त पंकज के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर उसे जेल भेजा है।

## वित्त मंत्री का जोन-1 में स्वच्छता व्यवस्था पर सख्त रुख

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर में स्वच्छता, जल निकासी और नागरिक सुविधाओं को लेकर प्रशासनिक सक्रियता एक बार फिर देखने को मिली। शुक्रवार को वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना जी के साथ महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने जोन-1 के विभिन्न वार्डों में औचक निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था की गहन समीक्षा की। निरीक्षण का उद्देश्य जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना और लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण की शुरुआत जोन-1 अंतर्गत विक्रमादित्य महात्मा गांधी वार्ड स्थित योजना भवन, डायमंड डेयरी एवं उदयगंज क्षेत्र से हुई। यहां नालियों की खराब सफाई और सड़कों पर फैली गंदगी को लेकर मंत्री जी व महापौर जी ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त की। संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई कराने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डायमंड डेयरी उदयगंज क्षेत्र यह भी पाया गया कि कुछ स्थानों पर सड़क पर मलबा और कचरा अव्यवस्थित रूप से डाला गया है। इस पर मंत्री जी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे तत्वों के विरुद्ध बिना किसी ढिलाई के जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि नागरिकों की सहभागिता भी उतनी ही आवश्यक है। इसके बाद डायमंड डेयरी के पास स्थित पंपिंग स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। वर्षों से खाली पड़े एक प्लॉट में भारी मात्रा में जमा मलबा पाए जाने पर अधिकारियों को तत्काल उसे हटाने के निर्देश दिए गए।

# उल्लास योजना के तहत 54 शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**केंद्र सरकार की उल्लास योजना के तहत 15 वर्ष की अधिक आयु वर्ग के अशिक्षित लोगो को शिक्षित किया जाएगा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । ब्लाक संसाधन केंद्र पाली में शिक्षा विभाग ने उल्लास योजना के अंतर्गत शुक्रवार को क्षेत्र के स्कूलों में तैनात 54 शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। केंद्र सरकार की उल्लास योजना के तहत पंद्रह वर्ष की अधिक आयु वर्ग के अशिक्षित लोगो को शिक्षित किया जाएगा।

ब्लाक संसाधन केंद्र में आयोजित एक दिवसीय उल्लास प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। योजना के तहत विभिन्न कारणों से शिक्षा के प्रकाश से अछूते रहने वाले लोगों को अब शिक्षा विभाग उल्लास योजना के जरिए साक्षर करेगा। बकायदा इसके लिए शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को विभाग द्वारा प्रशिक्षण देकर लगाया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने बताया कि उल्लास योजना के अनुसार योजना का उद्देश्य लोगों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना है। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत साक्षर भारत बनाने की ओर बढ़ाए गए कदम से अशिक्षित रह गए लोगों को लाभ दिलाने के लिए शिक्षा विभाग ने भी एडी चोटी का जोर लगा दिया है?। निरक्षरों को बेसिक शिक्षा का ज्ञान, बुनियादी शिक्षा, व्यवसायिक कौशल के तहत रोजगार संबंधी प्राथमिक जानकारियां तथा वर्तमान में साइबर अपराधियों के जंजाल से बचने को अहम जानकारियां उपलब्ध कराई जाएगी।प्राथमिक शिक्षा का ज्ञान प्राप्त करने के बाद चिह्नित लोगों की परीक्षा होगी जिसमें सफल होने पर उन्हें प्रमाण पत्र भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

# विश्व प्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट पर चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों को लेकर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया अपना पक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से काशी स्थित विश्व प्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट पर चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों को लेकर अपना पक्ष स्पष्ट किया है। मंत्री शर्मा ने कहा कि काशी में माँ गंगा के तट पर स्थित मणिकर्णिका घाट अत्यंत प्राचीन, पौराणिक एवं निरंतर दाह-संस्कार की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थल है।

दशकों से यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में शवदाह होता रहा है, जिसमें आने वाले लोगों को बैठने, ठहरने, लकड़ी भंडारण, पूजा सामग्री, मुंडन स्थल एवं अवशेषों की सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता रहा है।उन्होंने कहा कि इन समस्याओं से सभी परिचित थे, लेकिन पूर्व की सरकारों द्वारा दशकों तक कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। मा.प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, नमो घाट, अस्सी घाट सहित अनेक विकास कार्यों के माध्यम से काशी की भव्यता और दिव्यता को नई दिशा मिली है। इसी क्रम में अब मणिकर्णिका घाट पर भी सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुविधाजनक पुनर्निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है।उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान परियोजना के अंतर्गत पौराणिक मंदिरों, चिन्हों और धरोहरों का पूर्ण संरक्षण करते हुए शवदाह स्थल, प्लेटफार्म, लकड़ी स्टोर, पूजा सामग्री स्टोर, मुंडन स्थल तथा मढ़ी का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ वीडियो एवं फोटो कार्य के दौरान अस्थायी रूप से प्रभावित कलाकृतियों के हैं, जिन्हें सुरक्षित रख लिया गया है और पुनर्निर्माण के पश्चात यथास्थान पुनः स्थापित किया जाएगा। इस प्रक्रिया में किसी भी मंदिर को कोई क्षति नहीं पहुंची है।नगर विकास मंत्री ने यह भी कहा कि पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर जी की कृतियों सहित घाट की समस्त पुरातन धरोहरों का संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनकी 300वीं जयंती पूरे सम्मान एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई है और उनके योगदान के प्रति सरकार पूर्णतः कृतज्ञ है।

उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि कुछ नेता राजनीतिक स्वार्थवश निष्ठापूर्ण पुनर्निर्माण कार्य को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या पूर्व के लंबे शासनकाल में इस घाट की समस्याओं के समाधान हेतु कोई प्रयास किया गया था, और क्या कोरोना काल में यहां उत्पन्न परिस्थितियों के लिए उन्होंने कोई ठोस कदम उठाए थे। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार ल्लविरासत के साथ विकासङ्क की भावना के अनुरूप काशी की दिव्यता, भव्यता एवं मानवीय सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और मणिकर्णिका घाट का पुनर्निर्माण इसी सोच का सशक्त उदाहरण है।

# सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे सांसद तनुज पुनिया का धूमधाम से जन्म दिवस मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरदोई। बालामऊ विधान सभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी और कंग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे कंग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सांसद तनुज पुनिया का धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया यह कदम उनका उत्तर प्रदेश कंग्रेस पार्टी के बढ़ते कदम के रूप से देखा जा रहा है राज्य की राजनीति में उनकी भूमिका हमेशा अहम मानी गई है बीते दस वर्षो से संगठन में उनके पास कोई औपचारिक जिम्मेदारी नहीं थी लेकिन हाल ही में बढ़ते कदम को अनुसूचित जाति जनजाति समाज तक पहुंचा जा रहा हैं और उन्होंने बताया की कंग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में तनुज पुनिया जी का जन्म दिवस पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है।

इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न ग़ण मान्य लोग मौजूद रहे कंग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव मोमीन सिद्दीकी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया हैं उनका कार्य पूरे उत्तर प्रदेश में तनुज पुनिया हर जनपद सर्व समाज समाज में मजबूत पकड़ है कंग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश की कमेटी उनको जन्म दिवस पर बधाई दिया है सुरेन्द्र कुमार ने कहा सांसद तनुज पुनिया के पिता पी एल पुनिया विभिन्न सरकारों में प्रमुख सचिव रहे और 2009 में बाराबंकी से संसद निर्वाचित हुए , भारत सरकार में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन पद पर रहे थे राज्य सभा सांसद भी रहे। कंग्रेस पार्टी के विभिन्न राज्यों के प्रभारी रहे हैं 2024 में लोक सभा बाराबंकी से तनुज पुनिया सर्वाधिक मतों से निर्वाचित हुए। इस मौके पर बालामऊ विधान सभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे है इस कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार विजय कुमार गौतम, धर्मेन्द्र कुमार, कृष्णा वर्मा, आदित्य मौर्या, आदि लोगों का बहुत सहयोग रहा है

## गुमशुदा की सूचना



थाना विकास नगर क्षेत्र मे रहने वाली 67 वर्षीय गौरी नामक महिला जो अपने निवास सेक्टर एच अलीगंज से दिनांक 22 दिसंबर 2025 को दुबग्गा अपने रिश्तेदार के यहाँ जाने के लिए निकली थी वो कही लापता हो गई हैं गुमशुदा महिला के परिजनों ने इसकी सूचना विक्कासनगर पुलिस को दी है। किसी भी व्यक्ति को अगर महिला का कुछ पता चले तो विकास नगर पुलिस के नंबर 9454403873 पर या पीड़िता के निवास नंबर 7905827790 पर देने का कष्ट करें।

# वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने किया योजना भवन डायमंड डेरी, उदयगंज का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री व लखनऊ जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना के साथ महापौर सुषमा खर्कवाल ने जोन-1 अंतर्गत विक्रमादित्य महात्मा गांधी वार्ड स्थित योजना भवन, डायमंड डेरी, उदयगंज का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान नालियों की सफाई एवं क्षेत्र में फैली गंदगी को लेकर संबंधित अधिकारियों को मंत्री जी एवं माननीय महापौर जी द्वारा कड़ी फटकार लगाई गई तथा तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए।साथ ही सड़क पर मलबा एवं गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध जुर्माना लगाने के सख्त निर्देश भी दिए गए, ताकि स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर पर नगर आयुक्त महोदय, अपर नगर आयुक्त महोदय सहित नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **06.02.2026** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00402026 दिनांक 15.01.2026 |
| 2 | निविदा संख्या : 30-SrDEN-I-LKO-2025-26 | |
| 3 | कार्य का नाम : स्टेशन के प्रमुख पुनर्विकास के तहत लखनऊ (चारबाग) रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1,2,7,8,9 एवं एमआर 1 एवं 2 लाइनों पर गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान। | |
| 4 | अनुमानित लागत : रु. 34,96,22,214.16 | |
| 5 | धरोहर राशि : रु. 18,98,100.00/- | |
| 6 | कार्य की समापन अवधि : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से (12) बारहः माह। | |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि : 23.01.2026 | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 06.02.2026 at 15:00 hrs. | |
| 9 | वेबसाईट : www.ireps.gov.in | |

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 158/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भारतीय रेल

### "सार्वजनिक सूचना"

रेलवे एवं परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज ए. सी. सिरोपरि कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से सिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि लाइन के समीप दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| सेक्शन (खंड) | मण्डल (डिवीजन) | दिनॉक |
|---|---|---|
| लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे के अंतर्गत शाहगंज स्टेशन पर लाइन संख्या 1, 2 एवं 3 का विद्युतीकरण– स्थानः किमी SHG/61A एवं SHG/62A (चेनज 863/941.000) से किमी SHG/1032 (चेनज 862/460.000) तक, संबद्ध टर्नआउट एवं क्रॉसओवर सहित | लखनऊ | 20.01.2026 |

**उत्तर रेलवे**

**के वी ट्रैक्शन लाइन का आरंभ 25 सड़क "उपयोगकर्ताओं हेतु अधिसूचना"**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेल खंड **"लखनऊ मण्डल, उत्तर रेलवे के अंतर्गत शाहगंज स्टेशन पर लाइन संख्या 1, 2 एवं 3 का विद्युतीकरण-स्थानः किमी SHG/61A एवं SHG/62A (चेनज 863/941.000) से किमी SHG/1032 (चेनज 862/460.000) तक, संबद्ध टर्नआउट एवं क्रॉसओवर सहित"** पर 25 केवी विद्युत ट्रैकशन का शुभारंभ किया जाएगा। सभी समपार फाटक हाइट गेज़ का निर्माण सड़क की सतह से स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई **4.78 मीटर** पर अत्यधिक ऊंचाई भारो को ट्रैक्शन लाइन (**कांटेक्ट तार), जो की समपार फाटक पर रेल लेवल 5.5 मीटर न्यूनतम ऊंचाई पर हो**, के खतरनाक संपर्क में आने से बचाव के उद्देश्य से किया गया है।

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारित वाहनों के लिए उपर्युक्त निर्धारित ऊंचाई का अवलोकन करें तथा यह भी ध्यान रखें कि सड़क वाहनों में लदा हुआ भार हाइट गेज़ में किसी भी परिस्थिति में न टकराए।

**अधिक ऊँचे भार से निम्न खतरे हैं:-**

1. हाइट गेज़ को नुकसान और तत्पश्चात सड़क व रेल लाइन का अवरोध।
2. स्वयं वाहन अथवा ले जाये जाने वाले सामान अथवा उपकरण को खतरा।
3. बिजली के तारों से संपर्क अथवा खतरनाक समीपता के कारण आग फैलने व जान माल को खतरा।

**सं.: 126/Elect/C/Dy.CEE/LKO/Warning/01 दिनांक: 09.01.2026** 157/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ. रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MFKA-MX-149-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.01.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.01.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.01.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.01.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 155/2026

# यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप : बिजली से जुड़ी सारी समस्याओं का एक समाधान, नहीं पड़ेगी दफ्तर जाने की जरूरत

## बिजली खपत से लेकर रिचार्ज तक की सुविधा एक ऐप पर

कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ । उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन (यूपीपीसीएल) बिजली के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए एक खास ऐप लेकर आया है। यह ख्र्यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐपङ्क बिजली से जुड़ी उपभोक्ताओं की सारी समस्याओं का सीधा समाधान है। उपभोक्ता अपने मोबाइल में डाउनलोड करने के बाद प्रतिदिन की बिजली खपत की रीडिंग देखने के साथ रिचार्ज की हुई राशि का बैलेंस भी देख सकते हैं और उसके मुताबिक अपने बिजली उपयोग पर नियंत्रण भी कर सकते हैं। सबसे खास बात यह है कि उपभोक्ताओं को बिजली से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए बिजली दफ्तर जाने की जरूरत नहीं है। क्योंकि, सभी सुविधाएं इसी ऐप पर उपलब्ध है।



यूपी के बिजली उपभोक्ता इस ऐप के जरिए अपने नियमित बिजली खपत की जानकारी देख सकते हैं। इसी ऐप के जरिए अपने ऐप को रिचार्ज भी कर सकते हैं और बैलेंस भी चेक कर सकते हैं। जिससे समय रहते रिचार्ज किया जा सकता है। मीटर को रिचार्ज करने की सुविधा भी इस यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप में उपलब्ध है। यदि किसी वजह से बिजली कट जाती है तो इसी ऐप के जरिए शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं। सबसे खास बात यह कि आपको अपने घर के बिजली कनेक्शन को कटवाना भी है तो आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है, बस इसी ऐप के माध्यम से अपनी आग्रह भेज सकते हैं।

यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप पर रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया सरल है। आप 2026 के नवीनतम अपडेट के अनुसार नीचे दिए गए चरणों का पालन करके अपना पंजीकरण पूरा कर सकते हैं। सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर या एपल एप स्टोर से आधिकारिक यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप डाउनलोड करें। साइन-अप विकल्प चुनें-ऐप खोलें और होम स्क्रीन पर दिए गए 'लॉगिन/रजिस्टर बटन पर क्लिक करें। इसके बाद नए अकाउंट के लिए 'साइन अप' पर टैप करें। अपना 10 अंकों का खाता नंबर भरें और उसे वेरीफाई करें। इसके बाद वह मोबाइल नंबर दर्ज करें जो आपके बिजली कनेक्शन के साथ पंजीकृत है। आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी प्राप्त होगा। इसे निर्धारित बॉक्स में डालें और 'वेरीफाई' पर क्लिक करें। वेरिफिकेशन के बाद, ऐप के लिए अपनी पसंद का एक यूजरनेम और पासवर्ड बनाएं। भविष्य में लॉगिन करने के लिए इन्हें सुरक्षित रखें। सभी जानकारी भरने के बाद 'सबमिट' या 'साइन अप' बटन दबाएं। सफल पंजीकरण के बाद आप लॉगिन कर अपना बिल, स्मार्ट मीटर बैलेंस और कंजम्पशन देख सकते हैं।यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप पर अपने प्रीपेड स्मार्ट मीटर को रिचार्ज करने की प्रक्रिया 2026 के अपडेट के अनुसार अत्यंत सरल और डिजिटल है। रिचार्ज करने के लिए नीचे दिए गए चरणों का पालन करें: उपभोक्ता अपने मोबाइल पर यूपीपीसीएलस्मार्ट ऐप खोलें और अपने क्रेडेंशियल्स के साथ लॉगिन करें। रिचार्ज विकल्प चुनें : होम स्क्रीन पर आपको आपका वर्तमान बैलेंस दिखाई देगा। रिचार्ज शुरू करने के लिए ' पे नाऊ ' या 'रिचार्ज' बटन पर क्लिक करें। विवरण और राशि भरें। अपना खाता संख्या सुनिश्चित करें। जितनी राशि का रिचार्ज करना चाहते हैं (जैसे 100, 500, 1000 रुपये आदि), उसे दर्ज करें। पेमेंट गेटवे चुनें। इसके बाद ' प्रोसीड टू पे पर क्लिक करें। आपको भुगतान के कई विकल्प मिलेंगे जैसेः यूपीआई/क्यूआर : सबसे आसान तरीका ( फोन पे, गूगल पे, पेटीएम आदि)। डेबिट/क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग।

गोमती नगर जोन के मुख्य अभियंता सुशील कुमार गर्ग ने यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप को उपभोक्ताओं के लिए काफी लाभकारी बताया है। उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा स्मार्ट ऐप रजिस्ट्रेशन और बिल से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए चार कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। गोमती नगर जोन में अभी तक हजारों की संख्या में यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप रजिस्टर हो चुके हैं। साथ ही जोन के ज्यादातर उपभोक्ताओं के पास सत्यापन कोड (ओटीपी) आ चुका है। वहीं, गोमती नगर जोन में वहाट्सअप और सोशल मीडिया के लिए एई और जेई को तैनात किया गया है, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जा सके।

# नि:शुल्क कोचिंग का शुभारंभ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । शुक्रवार को लखनऊ के किला मोहम्मदी नगर गांव, लखनऊ, में अमृत मार्ग एजुकेशन एंड वेलफ़ेयर फाउंडेशन ने एक सराहनीय पहल शुरू की है।

फाउंडेशन ने उन बच्चों के लिए मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की है, जो कोचिंग की फीस नहीं दे पाते।फाउंडेशन के संचालक रामपाल सिंह ने बताया कि इस कोचिंग में अग्रेजी, विज्ञान, कप्यूटर और गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई होगी। बच्चों की प्रगति जानने के लिए समय-समय पर टेस्ट भी लिए जाएंगे।उन्होंने आगे कहा कि आज समाज में नैतिक मूल्यों की कमी महसूस हो रही है। इसे दूर करने के लिए हर सप्ताह एक दिन नैतिक शिक्षा (मोरल एजुकेशन) की कक्षा भी चलाई जाएगी। इस अवसर पर पढ़ाई की सामग्री भी वितरित की गई। यह कोचिंग जरूरतमंद बच्चों को बेहतर शिक्षा और अच्छे संस्कार देने में मदद करेगी। फाउंडेशन की यह पहल गरीब परिवारों के बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भोजवाल फाउंडेशन के द्वारा निकाली गई जागृति पद यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । भोजवाल समाज को राजनीति की मुख्य धारा से जोड़ने को लेकर 16 जनवरी 2026 को लखनऊ से अयोध्या धाम तक भोजवाल फाउंडेशन के द्वारा निकाली गई जागृति पद यात्रा।

भोजवाल फाउंडेशन द्वारा आयोजित भोजवाल जागृति पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य भोजवाल समाज को राजनीति में जागरूक करना और उनकी हिस्सेदारी सुनिश्चित करना है। इस पदयात्रा के माध्यम से समाज के लोगों को उनके राजनीतिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा और उन्हें अपने हक और अधिकारों के लिए लड़ने के लिए जागरूक किया जाएगा। इस पदयात्रा का उद्देश्य भोजवाल समाज को संगठित करना और उन्हें राजनीति में अपनी आवाज़ बुलंद करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा, यह पदयात्रा समाज के लोगों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने और देश के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी प्रयास करेगी। इस यात्रा का यह भी उद्देश्य है कि उत्तर प्रदेश सरकार भोजवाल समाज के लिए श्रीअन्नकला बोर्ड का निर्माण गठन करें ताकि भोजवाल समाज का राजनीतिक, शैक्षणिक,सामाजिक एवं आर्थिक स्तर पर सुधार हो सके पदयात्रा का नेतृत्व भोजवाल फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष अरुण भोजवाल आजाद के द्वारा किया जा रहा है जिसको इंजीनियर उमाशंकर भोजवाल, सुनील भोजवाल एवं अन्य समाज के गणमान्य लोगों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पदयात्रा में इंजीनियर उमाशंकर भोजवाल, सुनील कुमार भोजवाल, शिवनाथ भोजवाल, दिलीप कुमार, हरीश कुमार, मालिक दीन, मंजू देवी, आलोक कुमार, शिवराम, युगल किशोर, प्रदीप कुमार, इंद्रपाल सुरेंद्र प्रकाश, राम नरेश भोजवाल, राजेश भोजवाल, ज्ञानेश भोजवाल, आदर्श भोजवाल, सुरेंद्र भोजवाल, महेश भोजवाल, संत लाल भोजवाल, विपिन कुमार, संतोष कुमार, रिंकू, आनंद प्रकाश, दिलीप कुमार, सत्य प्रकाश भोजवाल, राम भोजवाल, राम तीर्थ, रामानंद भोजवाल एवं भोजवाल समाज के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# भाजपा ने फैजुल्लागंज में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी उत्तर मण्डल४ की ओर से फैजुल्लागंज क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत घर-घर संपर्क कर पात्र नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास किया गया तथा शिवनगर प्रथम में कैम्प लगाकर नए मतदाताओं के फार्म भरवाए गए। अभियान के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों का उत्साहजनक सहयोग प्राप्त हुआ और बड़ी संख्या में नए मतदाताओं ने फार्म भरकर अभियान को सफल बनाया।मण्डल अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्य ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक है और भारतीय जनता पार्टी उत्तर मण्डल४ इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।इस अवसर पर महानगर इकाई में मण्डल प्रतिनिधि नम्रता सिंह, महामंत्री विनोद अवस्थी, मंत्री गीतेश मिश्रा, राहुल, वरिष्ठ कार्यकर्ता पुत्तीलाल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यकर्ताओं ने नागरिकों को मतदाता सूची में नामांकन के महत्व के बारे में जागरूक किया और अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया।

## सुन्दरकांड एवं समरसता भोज का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कर्तव्या फाउंडेशन एवं सालिग राम मंदिर व घाट ट्रस्ट द्वारा आयोजित सुंदरकांड एवं समरसता भोज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह सम्पर्क प्रमुख डॉ हरनाम सिंह ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व सामाजिक समरसता का संदेश देता है। मकर संक्रांति यानी सूर्य का दिशा परिवर्तन से मौसम परिवर्तन और मन के परिवर्तन से व्यवस्था का सम्यक परिवर्तन। मकर संक्रांति के दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते है तथा दक्षिणायन समाप्त होकर उत्तरायण प्रारंभ होता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में परिवर्तन लाकर राष्ट्र को समुन्नत कर स्थायी परिवर्तन में विश्वास रखता है। कार्यक्रम का संचालन संघ के विभाग सेवा प्रमुख एवं कर्तव्या फाउंडेशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रवाल ने किया। जिसमे प्रमुख रूप से राम हौसला सिंह, विनोद सिंघल, श्रीमन्दर अग्रवाल, अशोक बंसल, सतीश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, विनीत यादव, भाग प्रचार प्रमुख रमाकांत, कृष्ण मोहन,ललित मोहन, श्याम सुन्दर, अरुण अग्रवाल एवं राजेश सिंह सहित फाउंडेशन एवं ट्रस्ट से सम्बंधित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, निकाली जागरूकता रैली

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को शिया पीजी कॉलेज में रोड सेफ्टी क्लब, यातायात विभाग एवं एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेमिनार के साथ जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश दिया गया। रैली में प्राचार्य प्रो. एस.एस.आर. बाकरी, टीआई महानगर प्रमेश कुमार पाठक, एआरटीओ आलोक कुमार यादव, आरटीओ लखनऊ प्रभात पांडे सहित यातायात विभाग के अधिकारी, हीरो मोटोकॉर्प के सुमित मिश्रा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुधाकर वर्मा, डॉ. वहीद आलम, डॉ. नग़ीना बानो, एनसीसी अधिकारी प्रो. आगा परवेज़ मसीह, डॉ. एस. नुजहत हुसैन तथा एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## खरगापुर के दो दिवसीय मेले में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** गोसाईगंज क्षेत्र के गांव खरगापुर में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में वार्ड नंबर 19 से जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत कार्यकारिणी सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज ने भी शिरकत की। उन्होंने बाबा कमरिया दास का आशीर्वाद लिया।मेले के समापन अवसर पर भारद्वाज ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे समर्थकों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम लोगों को अपनी संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं से जोड़े रखते हैं । उन्होंने कहा कि मेले और धार्मिक आयोजन लोगों को एक साथ लाते हैं। इस प्रकार के आयोजनो से आपसी भाईचारा और सामुदायिक एकता मजबूत होता है।ग्रामीणों को एक-दूसरे से मिलने-जुलने, सुख-दुख साझा करने और सामाजिक संबंध मजबूत करने का मौका भी मिलता हैं। कार्यक्रम में हरिकृष्ण भारद्वाज (गौरव), पूर्व डायरेक्टर शसर्वेश तिवारी, ग्राम प्रधान विजय चौरसिया, इस्माइल नगर सोसाइटी के अध्यक्ष रामलाल रावत, ग्राम प्रधान दीपक सिंह, एडवोकेट दीपक मिश्रा, पत्रकार गंगा चरण भारद्वाज, पूर्व प्रधान ,द्वारिका प्रसाद रावत, बृजेश रावत (लाला), एडवोकेट श्री हरिओम पटेल, अमरेंद्र वर्मा, रवींद्र वर्मा, एडवोकेट विशाल भारद्वाज, मयंक द्विवेदी और मेला आयोजक सोनू मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एवियान लक्स सेरेनिटी में कबीला सरदार का भव्य आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एवियान लक्स सेरेनिटी में कबीला सरदार एक वैश्विक जनजातीय अग्नि भोज का भव्य आयोजन 16 से 25 जनवरी तक किया जा रहा है। यह विशिष्ट पाक उत्सव विश्व की प्राचीन जनजातीय खान-पान परंपराओं को समर्पित है, जहाँ पारंपरिक अग्नि-आधारित पाक विधियों के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। शांत, लक्ज़री और प्रकृति-सन्निहित वातावरण में आयोजित यह उत्सव अतिथियों को भोजन से परे एक समृद्ध सांस्कृतिक एवं अनुभवात्मक यात्रा प्रदान कर रहा है। भोज के दौरान धुएँ में पके अनाज, पहाड़ी सूप, जंगलों से प्राप्त मौसमी सब्जियाँ, नदी-आधारित व्यंजन तथा पारंपरिक जनजातीय ब्रेड अतिथियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। व्यंजनों की मौलिक पहचान को बनाए रखते हुए उन्हें एवियान लक्स सेरेनिटी की प्रीमियम आतिथ्य शैली के अनुरूप प्रस्तुत किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार कबीला सरदार का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक एवं लगभग विलुप्त हो चुकी पाक विधियों को पुनर्जीवित करना और उन्हें आधुनिक लक्ज़री परिवेश में प्रस्तुत करना है, ताकि अतिथियों को साधारण भोजन से आगे बढ़कर एक समृद्ध सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त हो सके।

# खेत से आधा किलोमीटर दूर जंगल में मिला गायब युवक का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा, लखनऊ । थाना क्षेत्र के अमांवा जंगल में शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी पाकर मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। युवक की पहचान सहिजनपुर गांव निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र सुमति रावत उम्र करीब 30 वर्ष के रूप में हुई।

मौके पर ग्रामीणों के साथ पहुंचे परिजनों का बुरा हाल है। वहीं जानकारी पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और अपनी जांच पड़ताल कर रही है। युवक की मौत के संबंध में परिजन अभी कुछ कहने को तैयार नहीं है, वहीं पुलिस युवक की जान किन परिस्थितियों में गई, हत्या अथवा कोई हादसा जैसे पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। बताया जा रहा है कि युवक राजेंद्र गुरुवार सुबह करीब 9:00 बजे घर से करीब 1 किलोमीटर दूर खेत में पानी लगाने के लिए गया हुआ था इसके बाद से वह लापता था। दोपहर में जब युवक की मां खाना लेकर वहां पहुंची तो युवक का कहीं अता पता नहीं चला जिसके बाद से परिजन युवक की तलाश कर रहे थे। सुबह खेत से 500 मीटर दूर जंगलों में युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ मिला। फिलहाल पुलिस अनेक पहलुओं पर अपनी जांच कर रही है।

# जरुरतमंदों को वितरित किये भोजन और कंबल

## प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था सुर ताल संगम का जारी है मानवीय अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । समाज और संस्कृति सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था सुर ताल संगम द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जरूरतमंदों के लिए कंबल एवं अन्न वितरण अभियान 2026 का आयोजन किया गया। यह अभियान राजधानी लखनऊ स्थित एसजीपीजीआई अस्पताल, मोहनलाल गंज में स्थापित करुणालय दिव्यांगजन आश्रम और बख्शी तालाब स्थित चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

संस्था के द्वारा से ठंड से बचाव हेतु कंबलों एवं जरूरतमंदों को भोजन का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता पहुंचाकर मानवीय संवेदनाओं को सशक्त बनाना है।इस विशेष अवसर पर संस्था के प्रमुख पदाधिकारी संस्थापक अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, संस्थापक डायरेक्टर डॉ जया श्रीवास्तव, महिला मंच की संरक्षिका सीमा श्रीवास्तव, अनुभवी जन मंच के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र नाथ सहित सदस्य हिमांशु वर्मा, शिवानी कनोजिया, आनंद कुमार एवं रमन श्रीवास्तव उपस्थित रहे। इस सहायतार्थ कार्यक्रम में अभय श्रीवास्तव, माया तुन्नू , नीरजा पांडेय, डॉ राका सिन्हा, सलीम अब्बासी, अनीता सिंह और किरन सोनी आदि ने स्वैच्छिक सहयोग प्रदान कर मुहिम को सफल बनाया। संस्था की डायरेक्टर डॉ जया श्रीवास्तव ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विगत एक दशक से अधिक समय से सुर ताल संगम परिवार द्वारा समय समय पर किए जा रहे सामाजिक कार्य आगामी भविष्य में भी यथावत सुचारू रूप से संपन्न होते रहेंगे।

# आपरेशन से 3 किलो की गांठ निकालकर बचाई गई युवती की जान

## युवती के मातृत्व का सपना सुरक्षित!

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी के गोमतीनगर स्थित मिनर्वा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 26 वर्षीय एक युवती को उसके परिजन उस समय अस्पताल लेकर पहुँचे, जब उसका पेट असामान्य रूप से बाहर की ओर निकल आया था और उसे लगातार असहजता महसूस हो रही थी। शुरुआत में परिजनों को लगा कि यह कोई सामान्य समस्या होगी, लेकिन जब डॉ. प्रज्ञा गुप्ता की सलाह पर एमआरआई (MRI) जांच कराई गई तो चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई। युवती की बच्चेदानी (यूट्रस) में बड़ी गांठ पाई गई थी, जो पेट निकलने की मुख्य वजह थी।

डॉ. प्रज्ञा गुप्ता के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि गांठ को पूरी तरह निकाला जाए, लेकिन बच्चेदानी को किसी भी तरह का नुकसान न पहुँचे। युवती अभी अविवाहित थी और भविष्य में माँ बनने की उसकी संभावना को सुरक्षित रखना बेहद ज़रूरी था।करीब दो घंटे तक चले इस जटिल ऑपरेशन को डॉ. प्रज्ञा गुप्ता, एमडी (प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ) ने पूरी सावधानी और कुशलता से अंजाम दिया। ऑपरेशन के दौरान बच्चेदानी में मौजूद बड़ी गांठ (फाइब्रॉइड) को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। हॉस्पिटल से मिली जानकारी के अनुसार गांठ का वजन करीब ढाई से तीन किलो के बीच बताया जा रहा है। ऑपरेशन में बच्चेदानी को पूरी तरह सुरक्षित रखा गया।ऑपरेशन के बाद युवती की हालत अब स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो रही है। डॉ. प्रज्ञा गुप्ता के मुताबिक अगर समय रहते जांच और इलाज न होता, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी।डॉ. प्रज्ञा गुप्ता ने बताया कि आजकल कई युवतियों में हार्मोनल बदलाव और बिगड़ी जीवनशैली के कारण बच्चेदानी में गांठ (फाइब्रॉइड) की समस्या बढ़ रही है। उन्होंने सलाह दी कि पेट में असामान्य सूजन, दर्द, भारीपन या मासिक धर्म में गड़बड़ी जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से जांच करानी चाहिए।मिनर्वा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में हुई यह सर्जरी न सिर्फ एक सफल चिकित्सा उपलब्धि है, बल्कि एक युवती के भविष्य और उसके मातृत्व के सपने को बचाने की मिसाल भी है। युवती के पिता ने डॉ. प्रज्ञा गुप्ता को धन्यवाद देते हुए बताया कि उनकी बेटी को नया जीवनदान मिला है और डॉ. प्रज्ञा की कुशलता के चलते उसकी बच्चेदानी भी पूरी तरह सुरक्षित रह सकी।

# मुंशी पुलिया लखनऊ व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न, नितिन जैन बने अध्यक्ष

लखनऊ । शुक्रवार को मुंशीपुलिया लखनऊ व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रहे। जिन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।



जिसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष नितिन जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, अनुज सिंह कोषाध्यक्ष, एस.पी. मिश्रा उपाध्यक्ष, एस.एस. यादव, ओम प्रकाश सिंह, पी.के. श्रीवास्तव, ललित राजपाल, अनिल अग्रवाल, राहुल कुमार जायसवाल, संदीप जायसवाल वरिष्ठ संगठन मंत्री, आर्क चंदन सिंह संगठन मंत्री, दीपक तिवारी, विनीत जैन विधि सलाहकार, सुभाष चंद्रा, अनिल तिवारी मीडिया प्रभारी, अभिषेक जैन मंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्य रामशंकर गुप्ता, राहुल अग्रवाल, गुलशन कुमार जसवानी, अजित यादव, अनुराग मिश्रा, मोमिन सिद्दीकी बने। वहीं कार्यक्रम के दौरान अयोध्या रोड के पवन सिंह एवं आदर्श प्रताप सिंह ने लखनऊ व्यापार मंडल की सदस्यता अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र की उपस्थिति में ली, साथ ही पवन सिंह को उपाध्यक्ष एवं आदर्श प्रताप सिंह को संगठन मंत्री भी घोषित किया गया। वहीं इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, युवा अध्यक्ष मनीष गुप्ता, अरविन्द पाठक, हिमांशु भट्ट, परमजीत सिंह, अभिषेक सिंह चौहान, मुकेश सिंह के साथ मंचासीन रिंकू यादव, विशाल चौरसिया, बी.बी. सिंह, महेश शर्मा एवं रवि मिश्रा मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस 2026 के कार्यक्रमों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक

**बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार समस्त आयोजन सुनिश्चित कराये**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के निर्धारण के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार समस्त आयोजन सुनिश्चित करायें।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं आमजनमानस सभी आयोजनों में बढ़चढ़कर प्रतिभाग करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी पार्कों, प्रतिमाओं/मूर्तियों के आस-पास के स्थलों एवं अन्य सभी आयोजन स्थलों की सफाई व्यवस्था समय सुनिश्चित कर ली जाये। उन्होंने बैठक के दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर कार्यक्रम की रूप-रेखा आवश्यकतानुसार संशोधित किये जाने के निर्देश भी दिये।जिलाधिकारी ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपद में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ परम्परागत ढंग से मनाया जायेगा। इस अवसर पर 25 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों से अपेक्षा की कि गणतंत्र दिवस की गरिमा के अनुसार इस अवसर पर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्म निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत बनाने पर बल दिया जाये। समस्त शिक्षण संस्थाओं, कार्यालयों एवं अन्य निर्धारित स्थलों में भी इस अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास भी बताया जाये और सशस्त्र सैन्यबलों के बलिदान को नमन करते हुए देश भक्तों के जीवन के प्रेरक प्रसंग दोहराये जायें, जिससे राष्ट्रीय चेतना विकसित हो। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस एक महत्वपूर्ण एवं राष्ट्रीय पर्व है इस कार्यक्रम में बच्चे, बूढ़े, नौजवान सभी बढ़ चढ़कर भाग लें और समारोह के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराएं। उन्होंने बताया कि सभी लोग गणतंत्र दिवस के महत्व को समझें और इस अवसर पर आयोजित होने वाले समारोह के कार्यक्रमों में अपना सहयोग प्रदान करें।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय, उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम0 दास सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावली विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर अपर जिलाधिकारी ने जारी की सूचना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आयोग द्वारा घोषित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के घोषित कार्यक्रम के अनुसार दावे और आपत्तियां दिनांक–06.01.2026 से दिनांक 06.02.2026 तक प्राप्त की जायेंगी**

सीतापुर । अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 06.01.2026 को आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों को समस्त बीएलओ द्वारा अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित होकर दिनांक-18.01.2026 को पुनः पढ़कर सुनाया जायेगा, जिससे सभी जनसामान्य/राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों/संबंधित क्षेत्र के पार्षद/ग्राम प्रधान/वार्ड सदस्य/बूथ लेवल एजेण्ट/स्थानीय प्रतिनिधियों/मतदाताओं से यह अनुरोध है कि दिनांक-18.01.2026 को मतदाता सूची पढ़े जाने के समय अपने-अपने संबंधित मतदेय स्थलों पर उपस्थित होने का कष्ट करें। उक्त के साथ ही आयोग द्वारा घोषित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के घोषित कार्यक्रम के अनुसार दावे और आपत्तियां दिनांक-06.01.2026 से दिनांक 06.02.2026 तक प्राप्त की जायेंगी। यदि किसी अर्ह निर्वाचक का नाम दिनांक-06.01.2026 को आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली में नहीं है तो ऐसे निर्वाचकों द्वारा फार्म 6 घोषणा पत्र के साथ भरकर जमा किया जा सकता है। निर्वाचक नामावली में किसी भी प्रविष्टि में संशोधन करने/ मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रतिस्थापन/दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन करने/निवास परिवर्तन हो जाने के संबंध में फार्म-8 एवं घोषणा पत्र भरकर संबंधित बी0एल0ओ0/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को जमा किये जा सकते हैं। इसी प्रकार फार्म-7 भरकर अपमार्जन की कार्यवाही नियमानुसार करायी जा सकती है।उक्त के अतिरिक्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय के टेलीफोन नम्बर-05862-242333 अथवा 9454418071 अथवा टोलफ्री नम्बर-1950 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

# 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला की अब तक की गयी तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 84 कोसीय परिक्रमा एवं पंचकोसीय परिक्रमा पड़ाव के मार्गो का दुरूस्तीकरण कराया जाये एवं जहां पर सड़क पैचिंग का कार्य होना है, वहां पर कार्य प्रारम्भ किया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये गये कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कराया जाये। उन्होंने संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव में पड़ने वाले मार्गों की झाड़ियों की साफ-सफाई अवश्य करा दी जाये एवं जहां-जहां अवैध अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न हो रही है, ऐसे में अतिक्रमण को हटवाये जाने की कार्यवाही की जाये।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों पर बैरीकेटिंग, साफ-सफाई, शौचालय, रंगाई-पुताई आदि के कार्य होने हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये एवं जिन स्थानों पर साइजेन लगाये जाने हैं, उनको भी लगवा दिया जाये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत के जर्जर हुये तारों को बदलवानें की कार्यवाही की जाये तथा जहां पर तार नीचे लटक रहे हैं, उनके लिये उचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाये तथा विद्युत के खम्भों को सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक प्रबंध किये जायें।पुलिस विभाग के अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परिक्रमा के दौरान मॉस एवं मदिरा की दुकानें पूर्णतया बन्द रखी जायें, इसके लिये विशेष प्रबंध सुनिश्चित किये जायें एवं पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती रखी जाये। ट्राफिक व्यवस्था सुदृढ़ रहे एवं जिन स्थानों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे स्थापित होने हैं, वहां पर संबंधित से समन्वय स्थापित करते हुये सी0सी0टी0वी0 कैमरे स्थापित करा दिये जायें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाहन पार्किंग का स्थान चिन्हित करते हुये कार्य प्रारम्भ करा दिया जाये।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ खिचड़ी भोज का आयोजन



शाहजहांपुर। मकर संक्रांति के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और अपर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने आगंतुकों को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सौहार्द, सहयोग और सकारात्मक कार्य-संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं कलेक्ट्रेट कर्मचारी कल्याण समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# स्कूली वाहन चालकों के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सड़क सुरक्षा की दिलाई गई शपथ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अटल ऑडिटोरियम में स्कूली वाहन चालकों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पूर्णतः पालन करने की अपील की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और प्रतिदिन लगभग 1 से डेढ़ घण्टे तक वाहन पर यात्रा करते हैं। उस समय वाहन चालक ही उनके अभिभावक की भूमिका में होते हैं और वे मनोवैज्ञानिक रूप से अपने चालक, परिचालक की गतिविधियों को देखकर भी सीखते हैं। ऐसे में स्कूली वाहन चालकों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का ठीक तरह से पालन करना वाहन में बैठे सभी छात्रों को प्रभावित करता है और वे भी सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन करने हेतु जागरूक होते हैं। इसलिए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए ही वाहन संचालन करना चाहिए। कहा कि सीएनजी चालित वाहनों में सिलिन्डर के ऊपर सीट का कोई उपबन्ध नहीं होना चाहिए। वाहनों में एफडीएसएस सिस्टम लगा हो। सीट के नीचे रैंक लगी हो। समस्त सीटों में सीट वैल्ट लगाई जाएंगी। यान गति सीमा यंत्र और लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस से युक्त होगी। यान में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। यात्री माल कर अधिकारी विकास यादव ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों को एडीएम प्रशासन ने सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, आरपी गौतम, यातायात उपनिरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय, व्यापारी नेता सचिन बाथम सहित चालक, परिचालक मौजूद रहे।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अपील, समय रहते जांचें वोटर लिस्ट में अपना नाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**17 और 18 जनवरी तथा 31 जनवरी और 1 फरवरी को जिले के सभी पदाभिहित स्थलों पर मेगा अभियान चलाया जाएगा**

लखीमपुर खीरी। मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम को तेज कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिले में चार विशेष अभियान दिवस तय किए गए हैं। 17 और 18 जनवरी तथा 31 जनवरी और 1 फरवरी को जिले के सभी पदाभिहित स्थलों पर मेगा अभियान चलाया जाएगा। इन दिनों प्रत्येक मतदान केंद्र पर आवश्यक स्टाफ की तैनाती के साथ पदाभिहित अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।विशेष अभियान के दौरान हर बूथ पर हेल्प डेस्क बनाई जाएगी, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में पूरी मदद दी जाएगी। फार्म-6, 6ए, 7 और 8 (घोषणा-पत्र सहित) पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहेंगे। प्राप्त सभी दावे और आपत्तियों का विधिवत अभिलेखीकरण किया जाएगा, ताकि निरीक्षण के समय अभिलेख तुरंत उपलब्ध कराए जा सकें। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों को भी अभियान की तिथियों से अवगत कराते हुए सहयोग लिया जाएगा।अभियान को प्रभावी बनाने के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्वयं पदाभिहित स्थलों का भ्रमण करेंगे। भ्रमण कार्यक्रम इस प्रकार बनाया जाएगा कि कोई भी बूथ छूटने न पाए। इसके अंतर्गत 18 जनवरी को सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहकर आलेख्य निर्वाचक नामावली का वाचन करेंगे। साथ ही बीएलओ के पास अप्राप्त, अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भी उपलब्ध रहेगी।निगरानी व्यवस्था को मजबूत करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी स्वयं 5 बूथों और उप जिला निर्वाचन अधिकारी 10 बूथों का निरीक्षण करेंगे। वहीं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक अधिकारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के 10 प्रतिशत पोलिंग स्टेशनों का भ्रमण करेंगे।जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनपद के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट फ्धफ्न्प.द्ग्दद्ब.द्दश्च.द्बद्ध अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम जांच लें तथा आवश्यकता होने पर निर्धारित फार्मों के जरिए आवेदन करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए।

# घोसियाना रोड पर सीडीओ का औचक निरीक्षण

**अतिक्रमण व पोल शिफ्टिंग पर सख्त निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। घोसियाना रोड पर चल रहे सड़क व नाली निर्माण कार्यों की हकीकत जानने के लिए शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बीच सड़क खड़े विद्युत पोल और निर्माण में बाधक बने अतिक्रमणों को देखकर सीडीओ ने नाराजगी जताई और उन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए।सीडीओ ने अधिशासी अभियंता (विद्युत) को स्पष्ट शब्दों में कहा कि पोल शिफ्टिंग में किसी भी तरह की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही नाली निर्माण कार्य में तेजी लाने, गुणवत्ता बनाए रखने और तय समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश जारी किए।निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने सड़क व नाली निर्माण की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की और जहां-जहां कमियां पाई गईं, वहां तत्काल सुधार के आदेश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने की हिदायत दी ताकि कार्य में अनावश्यक बाधाएं न आएं।सीडीओ ने मौके पर मौजूद स्थानीय नागरिकों से भी संवाद किया और अपील की कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सड़क और नाली निर्माण पूरा होते ही क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और लोगों को सुरक्षित, सुगम व बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।निरीक्षण के समय एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह, पीडी (डीआरडीए) सोमनाथ चौरसिया, अधिशासी अभियंता (विद्युत) शैलेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## यादव महासभा ने किया खिचड़ी भोज का आयोजन



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मकर संक्रांति के अवसर पर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने खिचड़ी भोज का आयोजन शांति देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथोड़ा बुजुर्ग में किया। कार्यक्रम की शुरूआत में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर खिचड़ी का भोग लगाया गया। इसके बाद सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ रिंकू, समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष तनवीर खां, महानगर अध्यक्ष रामकुमार भोजवाल, सपा नेत्री गायत्री वर्मा, रामनरेश सिंह यादव, बालकराम यादव, प्रधानाचार्य अशोक कुमार यादव, डॉ. कैलाश सिंह यादव, सर्वेश सिंह यादव, श्यामलाल यादव, गंगा सिंह, डॉ. अमीर सिंह, डॉ. प्रकाश यादव, दोदराम वर्मा, यादव महासभा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य झब्बू सिंह यादव, विजय मानव, सुरेंद्र पाल सिंह, विपिन यादव पार्षद, मोनू यादव, सत्यपाल सिंह यादव प्रधान, बुधपाल सिंह, अखिलेश यादव, रामलड़ैते यादव, छविनाथ सिंह, राजेश्वर सिंह, मिथिलेश कुमार फौजी, धीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह यादव, लालाराम यादव, लल्लन यादव, प्रमोद यादव प्रधान, वीरेंद्र पाल सिंह एडवोकेट, सरनाम सिंह यादव एडवोकेट, अभय यादव एडवोकेट, राजपाल सिंह यादव एडवोकेट, रामप्रकाश सिंह यादव एडवोकेट, अविनाश सिंह यादव, धर्मसिंह यादव, राधेश्याम यादव प्रधान, हरवीर सिंह यादव, जयसिंह यादव, रामकुमार यादव, बुधपाल सिंह यादव, पीयूष यादव, राकेश यादव, रजनीश यादव, महावीर सिंह यादव, लल्लन सिंह यादव, लालाराम यादव, रणधीर सिंह, जयपाल सिंह, वीरपाल यादव, अजीत सिंह, रामशंकर यादव, रामनाथ सिंह आदि कई लोग मौजूद रहे।

## भीमगंज गांव के पास निकले चार अजगर, मचा हड़कंप

**डलमऊ,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भीमगंज गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब आबादी के पास चार अजगर निकल आए। अजगर दिखने की सूचना ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को दी। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम और पीआरवी 7976 मौके पर पहुंची। टीम ने सतर्कता बरतते हुए रेस्क्यू अभियान चलाया और चारों अजगरों को सुरक्षित पकड़ लिया। रेस्क्यू के बाद सभी अजगरों को जंगल में छोड़ दिया गया। मौके पर पीआरवी कमांडर हीरालाल, चालक देवेंद्र कुमार, वन विभाग के अमरनाथ और अनिल कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे रेस्क्यू के दौरान अफरा–तफरी का माहौल बना रहा, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं

## डलमऊ तहसील मे आयोजित हुआ खिचड़ी भोज



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को डलमऊ तहसील परिसर में एसडीएम सत्येंद्र सिंह, तहसीलदार मंजरी सिंह, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, डलमऊ तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेन्द्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।जिसमे सैकडो की संख्या में लोगों ने खिचड़ी भोज के प्रसाद को चखा। तहसील परिसर में आयोजित खिचड़ी भोज में सर्व प्रथम एसडीएम सत्येंद्र सिंह, तहसीलदार मंजरी सिंह, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह ने हनुमान जी की पूजा अर्चना के साथ खिचड़ी भोज का प्रसाद वितरण किया इस दौरान करीब सैकड़ों की संख्या में आये लोगो ने भडारे का प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर राजस्व निरीक्षक हरि प्रकाश त्रिवेदी, राजेन्द्र प्रजापति, बृजेश सिंह, लेखपाल हरिओम त्रिपाठी, प्रवीण यादव, राजेन्द्र तिवारी, अमरेंद्र एडवोकेट राजीव श्रीवास्तव, जितेंद्र, सुनील श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार त्रिपाठी,रजत, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाराबंकी में टोल प्लाजा पर अधिवक्ता के साथ अभद्रता पर अधिवक्ताओं ने किया विरोध

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर एक अधिवक्ता के साथ टोल कर्मियों द्वारा की गई अभद्रता और मारपीट के विरोध में शुक्रवार को महाराजगंज के अधिवक्ताओं ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। घटना से नाराज अधिवक्ताओं ने महाराजगंज कस्बे की सड़कों पर उतरकर हैदरगढ़ पुलिस और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। तहसील परिसर में एकत्रित होकर दर्जनों अधिवक्ताओं ने कार्य का बहिष्कार किया और जुलूस निकाला। आक्रोशित अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर से निकलकर कस्बे के मुख्य तिराहे तक पहुंचे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने हैदरगढ़ पुलिस''प्रशासन मुर्दाबाद'' और ''दोषियों को गिरफ्तार करो'' जैसे नारों के साथ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठअधिवक्ताओं ने कहा कि टोल कर्मियों की दबंगई लगातार बढ़ती जा रही है। एक अधिवक्ता के साथ सरेआम मारपीट करना निंदनीय है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**छात्र–छात्राओं को बताए यातायात के नियम , राहवीर योजना की दी जानकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत एसपी के निर्देश तथा एसपी सिटी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय ने खुटार क्षेत्र के रामपुर कलां स्थित शहीद इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और उन्हें दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, ट्रिपल राइडिंग से बचने, शराब पीकर वाहन न चलाने और ओवर स्पीडिंग न करने की सख्त हिदायत दी। इस दौरान उन्होंने राहवीर योजना की भी जानकारी दी। कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाकर राहवीर बनें। इसमें राहवीर को सरकार द्वारा 25 हजार का नगद इनाम और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। यातायात प्रभारी ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई। यातायात नियमों का पालन करना न केवल कानून का सम्मान है, बल्कि यह जीवन को सुरक्षित रखने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह और कॉलेज के स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मतदाता सूची दुरुस्तीकरण अभियान तेज 23 जनवरी से जमा होंगे फॉर्म–6

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला खीरी। मतदाता सूची के विशेष पुनर्निरीक्षण अभियान के तहत जिन मतदाताओं की मैपिंग अब तक पूरी नहीं हो सकी है, उनके खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे सभी मतदाताओं को आज 16 जनवरी से नोटिस जारी किए जा रहे हैं, ताकि समय रहते मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके।एसडीएम ने बताया कि मतदाता पंजीकरण और सूची में नाम सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की सूची भी जारी कर दी गई है। आगामी 23 जनवरी से निर्धारित केंद्रों पर मतदाता फॉर्म-6 जमा कर सकेंगे। प्रशासन की ओर से सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे समय पर अपने दस्तावेज जमा कर पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करें, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न हो।प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदाता पहचान के लिए केंद्र अथवा राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के नियमित कर्मचारी/पेंशनभोगी को जारी पहचान पत्र या पेंशन भुगतान आदेश मान्य होंगे। इसके अलावा 1 जुलाई 1987 से पहले जारी कोई भी पहचान पत्र, प्रमाण पत्र या अभिलेख भी स्वीकार किया जाएगा। जन्म प्रमाण पत्र (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी), पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन अथवा अन्य शैक्षणिक प्रमाण पत्र भी मान्य दस्तावेजों में शामिल हैं।इसके साथ ही सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी/एससी/एसटी अथवा अन्य जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहां लागू हो), राज्य या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा तैयार परिवार रजिस्टर तथा सरकार द्वारा जारी भूमि या मकान आवंटन से संबंधित प्रमाण पत्र भी पंजीकरण के लिए स्वीकार किए जाएंगे।एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव है, इसलिए सभी पात्र नागरिक समय पर दस्तावेज जमा कर अपना नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित कराएं। लापरवाही बरतने पर संबंधित मतदाताओं को नोटिस के माध्यम से जवाबदेह बनाया जाएगा।

# विवादित रास्ता बताकर रोकी गई प्रभात फ़ेरी, पुलिस के लाठीचार्ज में कई घायल

**बदायूं जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योर कासिमाबाद का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। ब्योर गांव में माघ माह की प्रभात फ़ेरी को पुलिस ने विवादित रास्ता बताकर रोकने की कोशिश की, जिस पर ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। पुलिस के लाठीचार्ज में कई ग्रामीण घायल हुए।

आपको बता दे कि पूरा मामला इस्लामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योर कासिमाबाद में शुक्रवार की भोर माघ माह में निकाली जा रही प्रभात फ़ेरी को पुलिस ने विवादित रास्ता बताते हुए रोक दिया। जबकि यह प्रभात फ़ेरी पिछले 50 वर्षों से इसी रास्ते से निकलते आ रही है। बात इतनी बढ़ गई कि हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। आरोप है कि लाठीचार्ज में कई ग्रामीण घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बृहस्पतिवार को दूसरे समुदाय के लोगों ने प्रभात फ़ेरी को रोकने का प्रयास किया था और पुलिस से मामले की शिकायत की थी। दूसरे समुदाय के लोगों की शिकायत के बाद शुक्रवार सुबह पांच बजे इस्लामनगर थाने की पुलिस गांव ब्योर पहुंची। इस बीच लोग प्रभात फ़ेरी निकालने पर अड़ गए। लोगों के गुस्से को देखकर बिल्सी, उघैती पुलिस को भी मौके पर बुला लिया गया। पीएसी बटालियन भी बुला ली गई। खते ही देखते एसडीएम बिसौली राशि कृष्णा, सीओ बिल्सी मौके पर पहुंच गए। करीब आठ बजे पुलिस ने भक्तों पर लाठी चार्ज कर दिया। जिसके बाद भगदड़ मच गई। पुलिस के लाठीचार्ज से महिलाएं व युवक घायल हो गए। वहीं सूचना पर पहुंचे एसपी देहात हृदेश कठेरिया ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने प्रभात फ़ेरी रोकने वाले पुलिसकर्मियों व अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। काफी गहमा-गहमी के बाद पुलिस बैकफुट पर आ गई और प्रभात फ़ेरी को अपने सामने ही निकलवा दिया। प्रभात फ़ेरी निकालने के बाद भी घायल महिलाओं व युवकों के परिजन कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं।वही एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया ने बताया कि प्रभात फ़ेरी का लोग विरोध कर रहे थे। इसी को लेकर प्रभात फ़ेरी को रोका गया था, लेकिन बाद में पता चला कि प्रभात फ़ेरी कई वर्षों से इसी रास्ते से निकलती आ रही है तो मौके पर पहुंचकर प्रभात फ़ेरी को निकलवाया गया है। ग्रामीणों को समझा दिया गया है। प्रभात फ़ेरी पर अब कोई रोक नहीं रहेगी। वहीं ग्रामीणों के अनुसार, गांव में कई वर्षों से प्रभात फ़ेरी निकाली जाती रही है। लगभग दस वर्ष पूर्व सपा सरकार के समय एक समुदाय विशेष की आपत्ति के बाद प्रभात फ़ेरी का मार्ग बदल दिया गया था। इस बार ग्रामीणों ने प्रभात फ़ेरी पुराने मार्ग से निकालनी शुरू कर दी। इसी को लेकर समुदाय विशेष के लोगों ने थाना पुलिस को फोन कर आपत्ति दर्ज कराई। बृहस्पतिवार को भी ग्राम ब्योर कासिमाबाद में प्रभात फ़ेरी के मार्ग को लेकर बीते गुरुवार की भोर के समय भी स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। समुदाय विशेष द्वारा पुराने मार्ग से प्रभात फ़ेरी निकाले जाने पर आपत्ति जताए जाने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला था और प्रभात फ़ेरी को दूसरे मार्ग से निकलवाया था। एसएसपी डॉ. डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम ब्यौर कासिमाबाद में गैर परम्परागत मार्ग से प्रभात फ़ेरी निकालने के दौरान स्थानीय थाना पुलिस और प्रभात फ़ेरी निकालने वालों के बीच वाद-विवाद हो गया था,और गैर परंपरागत मार्ग पर निकलने का प्रयास किया गया जिससे पुलिस के द्वारा रोका गया और आपस में उनकी कहानी हुई इस संबंध में मार्ग निर्धारण के लिए उनके द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है, जो एसडीएम बिसौली द्वारा जांच करके निर्धारित किया जाएगा, यह जो पूरा प्रकरण हुआ है इस संबंध में एसपी सिटी को जांच दी गई है, जो भी दोषी पाया जाता है, उस पर कार्रवाई कार्रवाई की जाएगी।

## जनपद में हुआ ग्राम चौपालों का आयोजन 19 शिकायतें मौके पर ही निस्तारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डों में 02-02 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का अयोजन किया गया। ग्राम चौपाल के दौरान सम्बंधित अधिकारियों द्वारा विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को दी गई।

जनपद में ग्राम चौपालों में 19 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया एवं शेष शिकायतों का निस्तारण यथाशीघ्र कराने के निर्देश दिये गये। शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डों में 02-02 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का अयोजन किया गया। विकास खण्ड अम्बियापुर के मिर्ज़ापुर सहोरा एवं हरदलपुर, विकास खण्ड आसफपुर के भरतपुर एवं भोजपुर, विकास खण्ड बिसौली के छिबरूकलॉ एवं मोहम्मपुर मई, विकास खण्ड दातागंज के नवादामधुकर एवं पसिया नगला, विकास खण्ड दहगवॉ के उस्मानपुर एवं सिरसा खुर्द, विकास खण्ड इस्लामनगर में बुद्धनगर एवं नगला बराह, विकास खण्ड जगत में मई बरचरू एवं रहमा, विकास खण्ड म्यॉऊ के अल्लपुर भोला भज्जू एवं उरूलिया, विकास खण्ड कादरचौक के भमुईया एवं इन्द्राई, विकास खण्ड सहसवान में अब्बूनगर एवं शेखपुर साहिदपुर, विकास खण्ड सालारपुर के बराहतेगदार एवं कैली, विकास खण्ड समरेर के अंगदपुर एवं अमरोली, विकास खण्ड उझानी के चन्दनपुर पुख्ता एवं नररू, विकास खण्ड उसावॉ के सरेली पुख्ता एवं अजररू एवं विकास खण्ड वजीरगंज के बगरैन एवं जखैलियॉ में ग्राम चौपालों का आयोजन हुआ। इन ग्राम चौपालों में विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों एवं ग्राम स्तरीय कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित की जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, आवास योजना ग्रामीण, पशुपालन विभाग की योजनाएं, विभिन्न प्रकार की पेंशनों, राशन कार्ड, डा0 अम्बेडकर विशेष रोजगार योजना, चिकित्सा विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। जनपद में ग्राम चौपालों में 19 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया।

## फीता काटकर एसएसपी ने अपने नए कार्यालय का किया उद्घाटन , सुनीं फरियादें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। शुक्रवार को जिले के एसएसपी डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह ने विधिवत फीता काटकर अपने नए कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

इस आयोजन में एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी, एसपी ग्रामीण डॉ. हिरदेश कठेरिया, सीओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय तथा सीओ उझानी डॉ. देवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उद्घाटन के अवसर पर एसएसपी डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि नए कार्यालय के संचालन से पुलिस प्रशासन की कार्यक्षमता में और अधिक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता है तथा नए कार्यालय के माध्यम से जनसुनवाई व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उद्घाटन के बाद एसएसपी ने जनसुनवाई करते हुए आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान एक दर्जन से अधिक फरियादी अपनी-अपनी शिकायतें लेकर उनके समक्ष पहुंचे। कई मामलों में एसएसपी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर शिकायतों का निस्तारण कराया, जबकि अन्य मामलों में शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि फरियादियों के साथ संवेदनशीलता से व्यवहार करें और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मॉकड्रिल के सम्बन्ध में उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद नीरज चक द्वारा मॉकड्रिल हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत की गयी**

मुरादाबाद । नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस के अवसर पर नागरिक सुरक्षा जनपद मुरादाबाद में आयोजित ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आयोजित किये जाने की तैयारियों/कार्य योजना के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गयी।

बैठक में मॉकड्रिल के सम्बन्ध में उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद नीरज चक द्वारा मॉकड्रिल हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सुश्री ज्योति सिंह एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय के निर्देशन में मॉक ड्रिल के लिए एम0आई0टी0 इंस्टीट्यूट रामगंगा विहार मुरादाबाद निर्धारित किया गया तथा चयनित स्थल पर निर्धारित समय पर ब्लैक आउट मॉकड्रिल के आयोजन हेतु निर्देशित किया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा आवश्यक एम्बुलेंस चिकित्सा टीम सहित मॉकड्रिल में प्रतिभाग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा फायर टेंडर के साथ मॉकड्रिल में प्रतिभाग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया विद्युत विभाग को मॉकड्रिल स्थल एवं आस-पास के घरों में ब्लैक आउट किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।अपर जिलाधिकारी (वित्त/रा0) द्वारा ब्लैक आउट मॉकड्रिल में आपदा मित्रों एवं एस0डी0आर0एफ0 द्वारा प्रतिभाग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में अग्निशमन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय, अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 (प्रान्तीय खण्ड), आपदा विशेषज्ञ, सहायक उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा पंकज सक्सेना डिप्टी चीफ वार्डेन नागरिक सुरक्षा, प्रभागीय वार्डेन नागरिक सुरक्षा कटघर प्रभाग, सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता प्रभागीय वार्डेन नागरिक सुरक्षा प्रभाग सिविल लाईन, अशोक कुमार गुप्ता स्टाफ अधिकारी टू प्रभागीय वार्डेन कोतवाली उपस्थित रहे।

## उ0प्र0 राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने आयोजित किया खिचड़ी भोज

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बदायूँ शाखा द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के राज्य कर्मचारियों ने सहभागिता की। आयोजन का उद्देश्य आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना एवं कर्मचारियों को एक मंच पर एकत्रित करना रहा। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों में सरक्षक रविन्द्र मोहन सक्सेना, जिलाध्यक्ष इं रवि कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव यादव, संप्रेक्षक भूप सिंह, जिला मंत्री सरोज कुमारी, बाढ़ खंड के जिलाध्यक्ष अनिल मिश्रा, लेखाकार विकास सक्सेना सहित परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन कर्मचारियों में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे प्रारम्भ होकर सायं 5 बजे तक चलता रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## 20 फरवरी तक चलेगा डुप्लीकेट मतदाताओं की जांच प्रक्रिया का विशेष अभियान

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा निर्गत अधिसूचना (संशोधन) के क्रम में 23 दिसम्बर 2025 को आलेख्य प्रकाशन के उपरान्त प्राप्त दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियों तैयार करने तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करना एवं सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन/निस्तारण की कार्यवाही करने की अवधि 07 जनवरी, 2026 से 20 फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है।उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण हेतु निर्धारित विशेष अभियान तिथियों 17 जनवरी 2026 (शनिवार), 18 जनवरी 2026 (रविवार), 31 जनवरी 2026 (शनिवार) तथा 01 फरवरी 2026 (रविवार) को जनपद की सभी तहसीलों की ग्राम पंचायतों में नियुक्त बीएलओ अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पूर्वान्ह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक उपस्थित रहकर सम्बन्धित डुप्लीकेट निर्वाचक नामावली को पढंकर सुनायेंगे तथा नियमानुसार कार्यवाही करेंगे।उन्होंने बताया कि जनपद बदायूँ के जिन विद्यालयों/इण्टर कालेज/डिग्री कालेज/समस्त कार्यालय में मतदेय स्थल स्थापित है वह 17 जनवरी 2026 (शनिवार), 18 जनवरी 2026 (रविवार), 31 जनवरी 2026 (शनिवार) तथा 01 फरवरी 2026 (रविवार) को खुले रहेंगे।

## मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण शुरू, 6 फरवरी तक दावे–आपत्तियाँ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की सभी 06 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत सभी मतदेय स्थलों / मतदान केन्द्रो पर 06 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन करा दिया गया है।उन्होंने बताया कि मा0 आयोग के निर्देशानुसार 06 जनवरी 2026 (मंगलवार) से 06 फरवरी 2026 (शुक्रवार) तक दावे और आपात्तियाँ प्राप्त की जानी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ द्वारा 17 जनवरी 2026 (शनिवार), 18 जनवरी 2026 (रविवार), 31 जनवरी 2026 (शनिवार) तथा 01 फरवरी 2026 (रविवार) को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित की गयी है। इन निर्धारित तिथियों में जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नियुक्त बी0एल0ओ0 इन विशेष अभियान की तिथियों में अपने मतदेय स्थलो पर पूर्वाह्न 10:45 बजे से सांय 04:15 बजे तक अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर मतदाताओं से फार्म-6, फार्म-7, तथा फार्म-8 (दावे और आपत्तियों) मय घोषणा पत्र के साथ प्राप्त करेगे। साथ ही साथ समस्त बीएलओ द्वारा 17 जनवरी 2026 (शानिवार), 18 जनवरी 2026 (रविवार), 31 जनवरी 2026 (शनिवार) तथा 01 फरवरी 2026 (रविवार) को अपने बूथ पर उपस्थित रहकर सम्बन्धित आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनायेगें। बीएलओ के पास उनके मतदान केन्द्र की एएसडीडीआर सूची (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, डुप्लीकेट) भी रहेगी, ताकि वे उस दिन आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली और एएसडीडीआर सूची को पढकर सुना सकें। सम्बन्धित बीएलओ के पास पर्याप्त मात्रा में फार्म-6 (नाम पंजीकरण), फार्म-7 (नाम हटाना) तथा फार्म-8 (सुधार एवं स्थानांतरण) एवं घोषण पत्र के साथ उपलब्ध रहेंगे। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य (वर्तमान या पूर्व) राशन डीलर और स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों की मदद ली जाये। बीएलओ सुपरवाइजर लगातार फील्ड में रहकर केन्द्रों का निरीक्षण करेंगें। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल रहेंगें।

## प्रयागराज माघ मेला: मौनी अमावस्या पर तीन दिन रहेगा रूट डायवर्जन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । विश्व प्रसिद्ध प्रयागराज माघ मेला के तीसरे प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर शनिवार से तीन दिन तक वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। यह जानकारी शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) नीरज कुमार पांडेय ने दी।उन्होंने बताया कि मौनी अमावस्या पर्व पर स्नान को लेकर यातायात पुलिस ने शनिवार से रूट डायवर्जन किया है। यह डायवर्जन रात 12 बजे से लेकर सोमवार दोपहर 12 बजे तक रहेगा। वहीं, शहर की सीमाओं पर भारी वाहनों के लिए नो-इंट्री लागू की गई है। सिर्फ माघ मेला से संबंधित वाहनों को ही शहर में प्रवेश दिया जाएगा, जबकि अन्य वाहनों को दूसरे मार्गों की तरफ मोड़ दिया जाएगा। दिल्ली एवं कानपुर से आने वाले भारी वाहनदिल्ली से आने वाले वाहनों को कानपुर थाना कल्यानपुर (फतेहपुर) अंतर्गत बक्सर मोड़ (शुक्ला ढाबा के पास), बक्सर गंगापुल चंद्रिका देवी मंदिर बक्सर गंगापुल लालगंज (रायबरेली), गुरुबक्शगंज-ढ़िकया चौराहा थाना हरचंदपुर मुंशीगंज थाना भदोखर सलोन रोड रायबरेली, लालगंज अझारा प्रतापगढ़-भोपियामऊ, रानीगंज मुंगरा बादशाहपुर मछली शहर जौनपुर, जलालपुर फूलपुर, बाबतपुर एयरपोर्ट हरहुआ से रिंग रोड वाराणसी की तरफ जाने दिया जाएगा। वापसी भी इसी मार्ग से होगी।बांदा एवं रीवा की तरफ जाने वाले वाहन फतेहपुर स्थित चौडगरा चौराहा से बिंदकी से बंधवा तिराहा, ललौली से चिल्ला होते हुए बांदा की ओर वाहन भेजे जाएंगे। वाहनों की वापसी भी इसी मार्ग से होगी।

## एम्स रायबरेली में अनुसंधान परियोजनाओं के लिये अवधारणा प्रस्ताव लेखन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला



रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एम्स रायबरेली में अनुसंधान परियोजनाओं हेतु अवधारणा प्रस्ताव लेखन कार्यशाला विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजनसंस्थान अनुसंधान प्रकोष्ठ , एम्स रायबरेली द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2026 को ल्लअनुसंधान परियोजनाओं हेतु अवधारणा प्रस्ताव लेखन कार्यशाला विषय पर एक दिवसीय क्षमता-वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन, के संरक्षण तथा डीन (अकादमिक), डॉ. नीरज कुमारी के सह-संरक्षण में संपन्न हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य संकाय सदस्यों की अनुसंधान क्षमताओं को सुदृढ़ करना तथा उन्हें संक्षिप्त, प्रभावशाली एवं वित्तपोषण-योग्य अनुसंधान अवधारणा प्रस्ताव विकसित करने हेतु सक्षम बनाना था। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में संस्थान अनुसंधान प्रकोष्ठ की अध्यक्ष एवं डीन (अनुसंधान) प्रो. अर्चना वर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को प्रोत्साहित करने में संरचित अवधारणा प्रस्तावों की महत्ता पर बल दिया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख अनुसंधान संगठनों एवं शैक्षणिक संस्थानों से आए प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए, जिनमें डॉ. चंचल गोयल, साइंटिस्ट-एफ, आईसीएमआर-डीएचआर, डॉ. मंजुला सिंह, साइंटिस्ट-एफ, आईसीएमआर, नई दिल्ली; डॉ. अनुप कुमार, एसजीपीजी आईएमएस, लखनऊ; तथा डॉ. हुमा मुस्तफा, संयुक्त निदेशक, उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, लखनऊ शामिल थे। कार्यशाला में एम्स रायबरेली के विभिन्न विभागों से कुल 35 संकाय सदस्यों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। सत्र अत्यंत संवादात्मक रहे और इनमें अनुसंधान प्राथमिकताओं की पहचान, प्रभावी अवधारणा प्रस्ताव की संरचना, वित्तपोषण तंत्र की समझ, प्रस्ताव मूल्यांकन मानदंड तथा राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के अनुरूप अनुसंधान विचारों के संरेखण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान जिले से बाहर नहीं जाएंगें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आयोग के निर्देशानुसार 06 जनवरी 2026 (मंगलवार) से 06 फरवरी 2026 (शुक्रवार) तक दाये और आपात्तियों प्राप्त की जानी है**

बदायूँ। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की सभी 06 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत सभी मतदेय स्थलों / मतदान केन्द्रो पर 06 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन करा दिया गया है।

आयोग के निर्देशानुसार 06 जनवरी 2026 (मंगलवार) से 06 फरवरी 2026 (शुक्रवार) तक दाये और आपात्तियों प्राप्त की जानी है। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य गतिमान है। प्रश्नगत विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में नोटिस के वितरण, सुनवाई, दावे एंब आपत्तियों प्राप्त किये जाने एवं निस्तारण आदि की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने इसके दृष्टिगत विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम की पूर्ण अवधि अर्थात अंतिम प्रकाशन की अवधि तक कोई भी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं निर्वाचन से सम्बन्धित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद मुख्यालय से बाहर न जायें। आदि अपरिहार्य हो तो उनसे पूर्वानुमति प्राप्त कर ही मुख्यालय छोडना सुनिश्चित करें।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद सम्भल हेतु विशेष रोल प्रेक्षक के रूप में नियुक्त निखिल गजराज ( आईएएस) संयुक्त सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ( एस आई आर) संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विशेष रोल प्रेक्षक द्वारा बताया गया कि यह बैठक जनपद में एस आई आर के अन्तर्गत हुए कार्यों एवं उसके अंतर्गत जो परिणाम आये हैं उसके फीडबैक के लिए इस बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2003 के बाद हो रहा है जनपद की टीम द्वारा इसके अंतर्गत अच्छा कार्य किया गया है। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया के अन्तर्गत दावे एवं आपत्तियों को लेकर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव भी प्राप्त किये । विशेष रोल प्रेक्षक द्वारा एएसडी सूची तथा प्रोजेनी को लेकर चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बूथ लेवल ऐजेंट की सक्रियता को लेकर भी जानकारी प्राप्त की गयी। जनपद में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदेय स्थल एवं मतदान केंद्रों का विवरण ( सम्भाजन से पूर्व एवं सम्भाजन के उपरांत) पर चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। फॉर्म 6 के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि बीएलए फॉर्म 6 भर कर दें। विशेष रोल प्रेक्षक द्वारा अपर जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बीएलओ के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। दावे एवं आपत्तियों से संबंधित नोटिस को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परिवार रजिस्टर के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी।राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा जनपद में एस आई आर के अन्तर्गत किये कार्यों की सराहना की गयी। सभी राजनैतिक दलों को पुनरीक्षण अभियान में प्राप्त दावे एवं आपत्तियों से संबंधित सूची, फार्म 9,10,11 एवं 11ए तथा 11 बी की प्रतियां उपलब्ध करायी गयीं। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि विशेष रोल प्रेक्षक द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका अक्षरशः पालन किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा,उप जिलाधिकारी चंदौसी /ईआरओ आशुतोष तिवारी, उप जिलाधिकारी गुन्नौर/ ईआरओ अवधेश कुमार एवं डिप्टी कलक्टर निधि पटेल एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं तहसीलदार/ एईआरओ एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, जिलाध्यक्ष कांग्रेस मौ. आरिफ, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी सचिन कुमार, जिला महामंत्री युवा मोर्चा भाजपा सौरभ गुप्ता, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## साइबर ठगी के शिकार तीन पीड़ितों को मिला पैसा वापस

मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना पड़री साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार तीन अलग-अलग पीड़ितों के खातों में उनकी धनराशि वापस कराई। शुक्रवार को हुई इस कार्रवाई से पीड़ितों ने राहत की सांस ली और पुलिस की सराहना की।ग्राम सागर सेमर निवासी पुनीत सिंह के खाते से 2 जनवरी 2026 को गलत ट्रांजेक्शन के जरिए 30 हजार रुपये निकल गए थे। वहीं ग्राम रानी चौकिया निवासी झग्गड़राम के खाते से 27 दिसम्बर 2025 को 2350 रुपये और दुन्नैया पांडेय निवासी अरविंद कुमार के साथ 19 दिसम्बर 2025 को यूट्यूब पर फर्जी विज्ञापन के जरिए 1891 रुपये की ठगी हुई थी। तीनों ने साइबर हेल्पलाइन 1930 और एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में साइबर हेल्प डेस्क टीम ने जांच कर पीड़ितों की पूरी धनराशि सुरक्षित कराते हुए उनके खातों में वापस कराई। पैसा मिलने पर पीड़ितों ने थाने पहुंचकर पुलिस का आभार जताया। इस दौरान उन्हें साइबर ठगी से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया।

## विहिप की केजीएमयू परिसर में बनी अवैध मजारें हटाने की मांग

लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में लव जिहाद व धर्मान्तरण का मामला ठण्डा नहीं पड़ा है कि विश्व हिन्दू परिषद ने लैंड जिहाद का मुद्दा उठा दिया है। विहिप के प्रान्त संगठन मंत्री विजय प्रताप ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि केजीएमयू लैंड ?जिहाद की चपेट में है। यह चिकित्सा शिक्षा का परिसर है। केजीएमयू को लव जिहाद एवं लैंड जिहाद का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि केजीएमयू परिसर में बनी आधा दर्जन से अधिक अवैध मजारें सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई हैं।प्रान्त संगठन मंत्री ने कहा कि ?केजीएमयू के लव जिहाद के विषय को सबसे पहले विहिप ने उजागर किया एवं कार्यवाही की। आने वाले समय में विहिप शासन प्रशासन के सहयोग से इन मजारों को भी हटवाने का काम करेगा।

# विशेष टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ, तीन चरणों में चलेगा अभियान

## 318 भट्ठों पर 2500 से अधिक बच्चे व गर्भवती महिलाएँ होंगी सुरक्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जनपद में ईंट-भट्ठों पर काम करने वाले प्रवासी और श्रमिक परिवारों के बच्चों तथा गर्भवती को टीकाकरण से जोड़ने के लिए विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत चित्तौरा स्थित एसएएस ब्रिक फील्ड से की गई, जहाँ जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह की मौजूदगी में स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मौके पर ही टीके लगाए गए। यह अभियान तीन चरणों में संचालित होगा, जिसके तहत 318 ईंट-भट्ठों पर रह रहे लगभग 2500 बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कवर किया जाएगा।

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि प्रवासी श्रमिक परिवारों के बच्चे अक्सर टीकाकरण से छूट जाते हैं, इस कारण इन बच्चों में 12 प्रकार की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए भट्ठों पर ही टीकाकरण सेवाएँ पहुँचाई जा रही हैं। उन्होंने ईंट-भट्ठा संचालकों से अपील की कि वे अभियान के दौरान स्वास्थ्य टीमों को पूरा सहयोग दें और अपने यहाँ काम करने वाले परिवारों के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण के लिए प्रेरित करें।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह ने बताया कि अभियान तीन चरणों में संचालित होगा। पहला चरण 16, 19 और 20 जनवरी, दूसरा चरण 16, 17, 19 और 20 फरवरी तथा तीसरा चरण 23, 24, 27 और 30 मार्च को आयोजित किया जाएगा। यूनिसेफ़ के डीएमसी दिलीप मिश्रा ने बताया अभियान के दौरान स्वास्थ्य टीमें ईंट-भट्ठों पर जाकर बच्चों को निर्धारित टीके लगाएंगी, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच और परामर्श भी प्रदान करेंगी। साथ ही अभिभावकों को समय पर टीकाकरण कराने के लिए जागरूक किया जाएगा।

डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ. विपिन लिखोरे ने बताया कि टीकाकरण जन्म से पाँच वर्ष तक के बच्चों को टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिस-बी, डिप्थीरिया, टिटनेस, मीज़ल्स, काली खाँसी, रूबेला, निमोनिया, वायरल डायरिया, जेई और रोटावायरस जैसी जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा देता है। गर्भवती महिलाओं को भी टीडी के दो टीके लगाए जाते हैं, जिससे माँ और नवजात दोनों सुरक्षित रहते हैं।

मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने कहा कि ईंट-भट्ठे दूरस्थ क्षेत्रों में होने के कारण वहाँ रहने वाले परिवारों तक सेवाओं की पहुँच कठिन होती है। इसलिए प्रशासन ने रणनीति बनाकर भट्ठों पर ही शिविर लगाने का निर्णय लिया है, ताकि हर पात्र बच्चा और गर्भवती महिला स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ सके। उन्होंने बताया कि यह अभियान जनपद के सभी भट्ठों पर चलाया जा रहा है।

# गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण सांस्कृतिक,परेड देशभक्ति कार्यक्रमों का होगा आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन की अध्यक्षता में सिविल डिफेंस, उत्तर प्रदेश दिवस तथा गणतंत्र दिवस के सफ ल आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में तीनों कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गई तथा समय बद्ध एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिला धिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारि यों को निर्देशित किया कि सिविल डिफेंस, उत्त र प्रदेश दिवस एवं गणतंत्र दिवस से संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रमों का आयोजन गरिमा पूर्ण एवं सुचारु रूप से किया जा सके।उन्होंने कहा कि इन राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक महत्व के आ योजनों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीका र्य नहीं होगी। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा सौंपे गए दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें।मुख्य विकास अधिकारी अं किता जैन ने कहा कि कार्यक्रमों के दौरान स्व च्छ ता, सु र क्षा, या ता या त व्यवस्था,विद्युत,पेय जल चिकित्सा सुविधा एवं सजावट, माल्यार्पण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।उन्होंने विशेष रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों,झांकियों, परेड एवं अन्य प्रस्तुतियों की गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि आमजन में उत्साह एवं देशभक्ति की भावना का संचार हो सके। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि गण तंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण,परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाए।साथ ही, उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, विकास योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने पर विशेष जोर दिया जाए।सिविल डिफेंस से संबंधित कार्य क्र मों में स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि उपरोक्त सभी कार्यक्रम पूरे हर्षोल्लास,गरिमा एवं अनुशासन के साथ म नाए जाएं, जिससे जनसामान्य की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित हो सके।बैठक में संबंधि त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थि त रहे एवं सभी ने सौंपे गए दायित्वों को समय से पूर्ण करने का आश्वासन दिया।बैठक में मु ख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए,जिला पंचायत राज अधिकारी, डी सी एनआरएलएम, डीएसटीओ,जिले विद्यालय निरीक्षक,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

# राष्ट्र की संस्कृति को समझने और खुद को परखने का मंच है राष्ट्रीय एकीकरण शिविर : कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय

एजेंसी

झांसी । राष्ट्रीय सेवा योजना के दस चयनित स्वयंसेवकों ने कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में उत्तर प्रदेश का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व कर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी का गौरव बढ़ाया। सकुशल वापसी पर स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय से भेंट की और शिविर में प्राप्त अनुभव साझा किया। इस अवसर पर प्रो. एपी सिंह महानिदेशक राष्ट्रीय पुस्तकालय कोलकाता कुलसचिव ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला और वित्ताधिकारी प्रमोद कुमार भी उपस्थित रहे और स्वयंसेवकों को बधाई दी। कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के शिविर युवाओं को भाषा, संस्कृति, सामाजिक विविधता और नेतृत्व की नई दृष्टि प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण सेवा और अनुशासन की ओर प्रेरित करती है और यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि हमारे स्वयंसेवकों ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महानिदेशक,राष्ट्रीय पुस्तकालय प्रो. सिंह ने कहा कि कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के स्वयंसेवकों की भागीदारी सराहनीय रही। कुलसचिव ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के शिविर व्यक्तित्व विकास का प्रभावी माध्यम हैं और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास संवाद कौशल तथा सामाजिक चेतना को विकसित करते हैं। वित्ताधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सेवा और समाज के बीच समन्वय का मंच है और विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता का प्रमाण दिया। राष्ट्रीय एकीकरण शिविर 5 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक हसन कर्नाटक स्थित हसन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में आयोजित किया गया। इस शिविर में देश के 15 राज्यों के चयनित स्वयंसेवक शामिल हुए जिनमें केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा,पंजाब, कर्नाटक, ओडिशा आदि राज्य शामिल थे। शिविर का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता सांस्कृतिक समरसता सामाजिक जागरूकता नेतृत्व विकास और सेवा भावना को सुदृढ़ करना था। इस दल का नेतृत्व बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्वेता पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि एनआईसी शिविर स्वयंसेवकों के लिए नेतृत्व अनुशासन और सेवा भावना को परखने का अनूठा अवसर रहा। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से चयनित स्वयंसेवकों में आदर्श राजपूत, फैसल उस्मानी, शुभ शाक्या, ध्रुव प्रताप सिंह, आर्यन सिंह ्रचंचल साहू, दीपिका राजपूत, हर्षिता कुशवाहा, तान्या कुशवाहा और सलोनी शाहू शामिल रहे। सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में अपने अनुभव और प्राप्त सीखों को साझा किया और कहा कि इस अनुभव ने उनके नेतृत्व कौशल अनुशासन और सेवा भावना को और सशक्त किया। शिविर के दौरान उत्तर प्रदेश की टीम ने योग, ध्वजारोहण, श्रमदान ,स्वच्छता अभियान, व्याख्यान ,नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ,और सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी दी। टीम द्वारा प्रस्तुत राई लोकनृत्य और वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका ने शिविर में विशेष आकर्षण उत्पन्न किया और समय पालन एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर उत्तर प्रदेश की टीम को सम्मानित किया गया।

# 18 जनवरी को सभी बूथों पर मतदाता सूची का वाचन, 6 फरवरी तक दावे आपत्तियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार के सभी 2978 मतदेय स्थलों पर 18 जनवरी (रविवार) को पूर्वाह्न साढ़े दस बजे से अपराह्न साढ़े चार बजे तक बूथ लेवल अधि कारियों (बीएलओ) द्वारा आलेख्य निर्वाचक ना मावली का पुनःवाचन किया जाएगा।इस दौरान बीएलओ अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उप स्थित रहेंगे।जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षणऽ2026 के अंतर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 फरवरी निर्धारित की गई है।इसके लिए आयोग द्वारा चार विशेष अ भियान तिथियां तय की गई हैं– 17 जनवरी

18 जनवरी 31 जनवरी और एक फरवरी को इन तिथियों पर बीएलओ मतदेय स्थलों पर उ पस्थित रहकर आवेदन स्वीकार करेंगे।उन्होंने बताया कि जिन पात्र नागरिकों की आयु एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है और जिनका नाम अभी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जुड़वा सकते हैं।मृतक, स्थानांतरित या डुप्लीकेट नाम हटाने के लिए फॉर्म-7, जबकि नाम, पता, आयु आदि में सुधार अथवा एक स्थान से दूसरे स्थान पर नाम स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 जमा किया जा सकता है। ये फार्म संबंधित मतदेय स्थल, मतदाता पंजीकरण केंद्र, तहसील या जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।इसके अलावा मोबाइल ऐप पर ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है।जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे अपने कार्यकर्ताओं और बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने में सहयोग करें।आयोग का उद्दे श्य है कि सभी अर्ह नागरिक पंजीकृत हों सूची में दर्ज प्रविष्टियों की त्रुटियां दूर हों और कोई भी अनर्ह नाम मतदाता सूची में शेष न रहे।

# बीएचयू में शनिवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

एजेंसी

वाराणस । काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के कला संकाय अंतर्गत कवि सम्राट उपेन्द्र भेजा ओड़िया पीठ द्वारा ़ओड़िया भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक पहचान के निर्माण का पुनर्पाठक़ विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 17 जनवरी से किया जाएगा। यह संगोष्ठी परिसर स्थित महामना सभागार, मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र में आयोजित होगी। देशभर से आए विद्वान, लेखक और शिक्षाविद भाग लेंगे। संगोष्ठी में ओड़िया भाषा और साहित्य के ऐतिहासिक विकास, साहित्यिक परंपराओं, पांडुलिपि विरासत, मौखिक परंपराओं तथा समकालीन संदर्भों में उनकी भूमिका पर व्यापक विमर्श किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में बीएचयू के कुलपति प्रो़फ़ेसर अजित कुमार चतुर्वेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रो़फ़ेसर कैलाश पटनायक, पूर्व डीन, स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज, विश्व भारती, शांतिनिकेतन विशिष्ट अतिथि होंगे, जबकि सत्र की अध्यक्षता कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो़फ़ेसर सुषमा करेंगी। यह जानकारी बीएचयू के जनसंपर्क अधिकारी ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी के अकादमिक सत्रों में ओड़िया आलोचनात्मक विमर्श पर प्रो़फ़ेसर जितेन्द्र कुमार नायक मुख्य भाषण देंगे। इसके अतिरिक्त डॉ. गौरहरि दास, प्रो़फ़ेसर विष्णु महापात्र, प्रो़फ़ेसर लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, डॉ. हृषिकेश पांडा, प्रो़फ़ेसर यशोधरा मिश्र तथा केदार मिश्र सहित अनेक विद्वान विभिन्न सत्रों में अपने शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। दूसरे दिन आमंत्रित वक्ताओं के साथ एक गोलमेज परिचर्चा आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात समापन सत्र में डॉ. आनंद विक्रम सिंह सहित ओड़िया पीठ के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा संबोधन किया जाएगा।

# क्षेत्राधिकारी व यातायात पुलिस ने स्कूली वाह नों की फिटनेस जांच की

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोण्डा । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सड़क सुरक्षा माह में क्षेत्राधिकारी यातायात विनय कुमार सिंह एवं प्रभारी यातायात जगदंबा गुप्ता द्वारा जनपद के विभिन्न विद्यालयों के कुल 22 स्कूली वाहनों की सड़क सुरक्षा मानकों के अनु रूप फिटनेस की सघन जांच की गई।फिटनेस जांच के दौरान स्कूली वाहनों में आवश्यक सुर क्षा मानकों जैसे वैध दस्तावेज,फायर सिलिंडर, फर्स्ट एड बॉक्स, इमरजेंसी गेट,निर्धारित क्षमता एवं अन्य अनिवार्य सुरक्षा उपायों की जांच की गई।जांच के क्रम में दो स्कूली बसों में मानकों की कमी पाए जाने पर नियमानुसार उनका चालान किया गया।इस अवसर पर वाहन चा लकों एवं विद्यालय प्रबंधन को बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने, वाहनों को मानक अनुरूप संचालित करने एवं किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने हेतु जागरूक किया गया, पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु इस प्रकार के जांच एवं जागरूकता अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

## इटावा में बाइक सवार सिपाही को ट्रक ने कुचला, मौत

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत बाइक सवार सिपाही हर्षित मलिक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया । सिपाही की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक सिपाही यूपी के शामली जनपद का निवासी था और इटावा में डॉयल 112 में तैनात था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि थाना बसरेहर में डॉयल 112 की पीआरवी में तैनात सिपाही हर्षित मलिक की थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत कोकपुरा शाला के पास ट्रक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। सिपाही बाइक से जा रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार सिपाही को कुचल दिया जिससे सिपाही ने मौके पर ही दम तोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक सिपाही हर्षित मलिक पुत्र रामकुमार मलिक शामली जनपद के ग्राम सुनाना थाना कांधला क्षेत्र का निवासी था और 31 मई 2019 से इटावा जनपद में तैनात था। आज वह इटावा से बसरेहर की ओर ड्यूटी पर जा रहा था । जैसे ही वह बाइक से आईटीआई से कोकपुरा क्षेत्र में हाइवे पर पहुंचा तभी ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि सिपाही ट्रक के नीचे आ गया और कुचलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# पशुपालन विभाग का लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बागपत। बागपत जिले में एंटी करप्शन टीम ने पशु पालन विभाग के लिपिक को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। पशुपालन विभाग का लिपिक पांच हजार रुपये की रिश्वत के साथ पकड़ा गया है,जिसके खिलाफ बागपत कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

बरनावा गांव निवासी सतीश वाल्मीकि ने बकरी पालन के लिए आवेदन किया था जिसमें उसे 49 हजार रुपये मिले थे। बैंक खाते में रुपये आने के बाद बकरी खरीदकर पालन शुरू भी कर दिया।

आरोप है कि पशुपालन विभाग के लिपिक ने फोन कर अनुदान पास कराने के नाम पर 13 हजार रुपये की डिमांड की। जब उसने 13 हजार रुपये देने से मना कर दिया गया तो 10 हजार रुपये देने की डिमांड की गई। बार-बार फोन करके रुपये देने की डिमांड से परेशान होकर सतीश ने पांच हजार रुपये देने का समझौता कर लिया। सतीश ने इसकी जानकारी एंटी करप्शन मेरठ को देते हुए पशुपालन विभाग के लिपिक द्वारा रिश्वत मांगने की बात बताई। एंटीकरप्शन टीम ने सतीश से मिलकर लिपिक को पकड़ने का काम शुरू कर दिया। टीम ने रिश्वत देने से पहले पांच हजार रुपये लेकर नोटों पर केमिकल लगा दिया। सतीश केमिकल लगे नोटों के साथ पशुपालन विभाग के लिपिक के पास पहुंचा और पशुपालन विभाग के लिपिक अश्वनी कुमार को दे दिए। इसी समय एंटी करप्शन टीम मेरठ के द्वारा पांच हजार रुपये रिश्वत लेते लिपिक को रंग हाथ पकड़ लिया गया। टीम ने पशुपालन विभाग के लिपिक अश्वनी कुमार कोतवाली बागपत लेकर पहुंचे। इस संबंध में कोतवाली बागपत प्रभारी बृजेश कुमार का कहना है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। एंटी करप्शन विभाग द्वारा ही इसमें कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अशोक पाण्डेय की माता का निधन

वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) के प्रदेश प्रवक्ता अशोक पाण्डेय की माता श्यामा देवी (90) का शुक्रवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं और अस्पताल में भर्ती भी थीं।अशोक पाण्डेय के पुत्र अवनीश पाण्डेय ने बताया कि दादी श्यामा देवी का वाराणसी के अस्सी स्थित आवास पर ही निधन हुआ है। कल ही घर के लोग उन्हें अस्पताल से घर लाए थे। दादी लगातार अस्पताल में भर्ती रहीं। उनकी अंतिम यात्रा आज शाम सात बजे अस्सी स्थित आवास से शुरू होकर हरिश्चंद्र घाट तक जायेगी। अशोक पाण्डेय की माता के निधन पर उप्र सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभारी डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, मंत्री रविन्द्र जायसवाल, वाराणसी के मेयर अशोक तिवारी, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, भाजपा के महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि सहित तमाम नेताओं ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## सुशील मिश्रा ने प्रयागराज कुम्भ मेले में मौनी अमावस्या पर किया भंडारे का आयोजन

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। ऐतिहासिक प्रयागराज संगम नगरी में महाकुंभ माघ मेले के मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर प्रयागराज मेले में 18 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ मेले में आए श्रद्धालुओं के लिए समाजसेवी सुशील मिश्रा ने श्री भगवान नारायण खालसा द्वारा पीठ दरबार श्री पिंडोरीधाम गुरदास महावीर मार्ग खाक चौक प्रयागराज में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।सात समंदर पार गोण्डा जिले के चर्चित समाजसेवी व बिजनेस मैंन सुशील मिश्रा व (रंगुलाल कैरि यर इंक) के एमडी सुशील मिश्रा ने मौनी अमावस्या के पर्व कुम्भ मेला प्रयागराज के संगम नगरी में मौनी अमावस्या के दिन एक विशाल भंडारे का आयो जन किया जाएगा।प्रयागराज के महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या के दिन भंडारे में महंत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर जनार्दन दास जी मह राज (तुलसीदास छावनी अयोध्या) राजन दास जी महाराज अयोध्या के सानिध्य में संगम के त ट पर महाकुम्भ मेले में प्रयागराज मौनी अमा वस्या के पावन पर्व पर विशाल एक भंडारे का आयोजन किया गया। इसके तहत सुबह 11 बजे से भोग वितरण शुरू हो जाएगा।आयोज क अमेरिकी बिजनेसमैन समाज सेवी सुशील मिश्रा,व व्यवस्थापक अरुण मिश्रा ने प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है।

## एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। आकांक्षी जनपद बहराइच को वर्ष 2026 तक बाल श्रम मुक्त बनाने के संकल्प हेतु तैयार कार्ययोजना व बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन में विभिन्न विभागों एवं स्टेक होल्डर्स की भूमिका के सम्बन्ध में 19 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि कार्यशाला में राष्ट्रीय श्रम संस्थान नोएडा वी.वी. गिरी व मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा विषय विशेषज्ञों के रूप में प्रतिभाग किया जायेगा। कार्यशाला में जनपद की कार्ययोजना को अन्तिम रूप देकर चरणबद्ध रूप से बाल श्रम से प्रभावित क्षेत्रों को बाल श्रम मुक्त कराये जाने की रणनीति तैयार की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं स्टेक होल्डर्स को जिला स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## औद्यानिक विकास योजना हेतु 31 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं कृषक

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु उद्यान विभाग द्वारा संचालित राज्य औद्यानिक विकास योजना (राज्य सेक्टर) अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित कार्यक्रमों अन्तर्गत फल क्षेत्र विस्तार, शाकभाजी क्षेत्र, मसाला बीज उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट, मौनवंश, इको फ्रेडली लाइट ट्रैप, लो-कास्ट मशरूम उत्पादन इकाई स्थापना का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के तहत कृषकों का चयन ''प्रथम आवक-प्रथम पावक'' वरीयता के आधार पर किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक कृषक जिला उद्याान अधिकारी बहराइच के कार्यालय अथवा योजना प्रभारी पंकज वर्मा के मो.न. 9455108000 पर सम्पक कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल डीबीटी डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट इन पर स्वयं अथवा जनसेवा केन्द्र के माध्यम से 31 जनवरी 2026 तक पंजीकरण कर सकते हैं।

## मायावती ब्राह्मण समाज से मांगें माफी: पं.पंकज रावत

झांसी । भारतीय प्रजाशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पं. पंकज रावत ने एक बैठक के दौरान कहा कि ब्राह्मण समाज किसी की बाटी-चोखा या फर्जी सम्मान का लालची कभी नहीं रहा। उसने हमेशा से देश व समाज के हित में कार्य किया है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पहले ब्राह्मणों से माफी मांगें फिर सम्मान देने की बात कहें। बैठक में बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ब्राह्मण हमेशा से देश व समाज के हित की सोचता है और तदनुरूप कार्य करता है। उस वर्ग का हमेशा मार्गदर्शन किया जो मुख्य धारा से जुड़े नहीं है लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री मायावती जैसे राजनैतिक महात्वकांक्षी लोगों ने हमेशा से ब्राह्मणों का भरे मंच से अपमान किया है।

# महिला अस्पताल में प्रसूता की संदिग्ध मौत परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले में एक महिला की प्रसव के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह घटना जिला अस्पताल में हुई, जिसके बाद मृतका के परिजनों ने डॉक्टरों और कर्मचारियों पर गंभीर लापरवाही तथा बदसलूकी का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि समय पर इलाज न मिलने के कारण उनकी बेटी की जान गई। मृतका अंशिका उपाध्याय (24 वर्ष) पत्नी पंकज उपाध्याय कादीपुर कोतवाली के पदारथपुर की रहने वाली थीं। उनका विवाह बीते 5 मई 2025 को हुआ था। मृतका की मां उर्मिला पांडे ने बताया कि वे अंशिका को कल दोपहर 12 बजे अस्पताल लेकर आए थे। जांच में खून 11 पॉइंट था और सब कुछ सामान्य था। शाम 6:24 बजे अंशिका ने बच्चे को जन्म दिया। बच्चा होने के बाद डॉक्टरों ने उसे वैसे ही छोड़ दिया। रात 9:30 बजे टांके लगाए गए और रात 10:30 बजे उसे अंदर ले जाया गया। उर्मिला पांडे के अनुसार, अंशिका ने उन्हें बताया कि उसे बहुत ठंड लग रही है और वह कांप रही थी। परिजनों ने बार-बार डॉक्टरों को बुलाया, लेकिन वे सिर्फ ब्लड प्रेशर चेक करके चले जाते थे। सुबह 4:30 बजे जब अंशिका की सांसें उखड़ने लगीं, तब डॉक्टरों ने उसे कहीं और ले जाने को कहा। परिजनों ने सवाल उठाया कि यह बात पहले क्यों नहीं बताई गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने घटना का वीडियो बनाने की कोशिश की, तो छह महिला डॉक्टरों और कर्मचारियों ने उन्हें घेर लिया। उन्होंने मोबाइल छीनने का प्रयास किया और परिजनों व उनके रिश्तेदारों के साथ मारपीट भी की। परिजनों ने डॉक्टरों, गार्डों और पोस्टमार्टम स्टाफ के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया है। मृतका की मां ने यह भी बताया कि प्रशासन ने बिना उन्हें सूचित किए अंशिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी बेटी ने न तो जहर खाया था और न ही उसे कोई बीमारी थी, यह पूरी तरह से डॉक्टरों की लापरवाही का मामला है। मामले में सीएमएस महिला डॉ. आरके यादव ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। वहीं, नगर कोतवाल धीरज कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और हंगामा कर रहे परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

# ब्लॉक सभागार में सहकार भारतीय का 48वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर ब्लॉक सभागार में सहकार भारतीय के तत्वावधान में 48 वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहकार भारतीय के प्रदेश महामंत्री अरविंद दूबे उपस्थित रहे। उनके साथ संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सहकारी संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सहकार भारतीय के संस्थापकों के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। इसके बाद संगठन के उद्देश्यों और सहकारिता आंदोलन की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि अरविंद दूबे ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसके माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सहकार भारतीय पिछले 48 वर्षों से सहकारिता के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने युवाओं से सहकारी संस्थाओं से जुड़कर रोजगार और विकास के नए अवसर सृजित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सहकारिता के क्षेत्र में भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। अंत में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# बेटी होना बड़े सौभाग्य की बात है : बबिता चौहान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## महिला आयोग की अध्यक्ष ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

## कन्या जन्मोत्सव, गोद भराई व अन्नप्रासन कार्यक्रम में की सहभागिता

अमेठी । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान ने आज जिला अस्पताल गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल परिसर में आयोजित कन्या जन्मोत्सव, गोद भराई एवं अन्नप्रासन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।महिला आयोग की अध्यक्ष ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा छह माह के बच्चों का प्रथम अन्नप्रासन कराया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किया। इस अवसर पर डॉ बबीता सिंह चौहान ने उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुये उन्हें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, मिशन शक्ति कार्यक्रम सहित महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज समाज में बेटी के जन्म पर उत्सव मनाया जा रहा है।बेटा एक घर को रोशन करता है जबकि बेटियां दो दो घरों को रोशन करती हैं। बेटी होना बहुत सौभाग्य की बात है। महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि पहले महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस करती थी लेकिन अब सरकार महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए टीकाकरण कक्ष, एसएनसीयू वार्ड, डायलिसिस वार्ड, आयुष्मान भारत वार्ड एवं ऑपरेशन कक्ष का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से वार्ता कर उनका हाल-चाल जाना तथा चिकित्सकों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीपी अग्रवाल, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, महिला थाना की थानाध्यक्ष कंचन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन पर आधारित वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देशित तथा जिलाधिकारी कुमार हर्ष और मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन, करौंदिया में विज्ञान लोक प्रियकरण एवम् संचार कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन पर आधारित वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सह विद्यालय निरीक्षक जटा शंकर यादव, प्रसिद्ध सर्जन डॉ रमेश ओझा, एस बी यादव, चिकित्सक डॉ मनीष श्रीवास्तव, रिसोर्स पर्सन अंजली ढाका, जिला समन्वयक अखिलेश पांडे, शैलेन्द्र चतुर्वेदी समेत कई अतिथि उपस्थित थे।? सर्वप्रथम सभी अतिथियों को शुभतिलक लगाकर एवम् बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती व बाबू के एन सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए।? सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव ने आज के आधुनिक विज्ञान तथा कक्षा में पढ़ाए जाने वाले विज्ञान के विभिन्न खोजों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि चंद्रयान, मंगलयान, आदित्य एल 1 आदि विभिन्न प्रकार की खोजों में हमारा भारत देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने डॉ अब्दुल कलाम जी के साथ दूसाथ विभिन्न वैज्ञानिकों के बारे में भी बच्चों को बताया।? राजकीय इण्टर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य एस बी यादव ने बच्चों को पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हमारे वायुमंडल में उपस्थित विभिन्न गैसों के बारे में भी बताया जो हमारे पर्यावरण को प्रभावित करती हैं। पर्यावरण को स्वच्छ व सुरक्षित रखने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है।

## जिला गंगा कार्ययोजना की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत। डीएफओ सामाजिक वानिकी भरत कुमार डी के की अध्यक्षता में जिला गंगा कार्ययोजना की बैठक संपन्न हुई. जिसमे आगामी पांच सालो में जिले को किस तरह से नगर पालिका परिषद से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक गंदगी मुक्त किया जाए पर चर्चा हुई. बैठक में गंगा प्लान बनाने हेतु सालिड वेस्ट मैनेजमेंट,लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, जल संरक्षण, शहरी बाढ़, आद्र भूमि पर कब्जा मुक्त, फ्लड प्लेन जोन पर कब्जा तथा प्राकृतिक खेती जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ. बैठक में सिटी मैजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने टेम्पल्ट देकर विभिन्न विभागों से जरुरी जानकारी ससमय देने की अपील की. इस मौके पर उप निदेशक कृषि राम मिलन सिंह परिहार ने बताया की जिले में प्राकृतिक खेती के लिए 20 कलस्टर बनाये गए हैँ जो मरौरी एवं पूरनपुर ब्लाक में काम कर रहे हैँ किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए 2000 रुपया की प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है.प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड बरेली से आये मॉनिटरिंग असिस्टेंट एस बी द्विवेदी ने नगर पालिकाओ को निर्देश दिये की नालो की जल्द बायो रिमेड़ियेशन कार्य कराया जाए जिसे दूषित पानी नदियों में न जाए.बैठक में प्रवीण प्रकाश गौतम अधिशासी अभियंता शारदा सागर खंड, मनोज कुमार यूपी जल निगम रूलर, अंकुर कुमार गुप्ता प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दया सागर, प्रदीप कुमार, साबिर अली सौरभ प्रताप सिंह जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे, डॉ आदर्श कुमार कनिष्ठ अनुसंधान सहायक उपस्थित रहे है।

## अंबेडकर जयंती का बैनर जलाने का आरोप सीओ से शिकायत

पीलीभीत। थाना माधौटांडा क्षेत्र के गांव मल्लपुर खजुरिया में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर लगाए गए बैनर को जलाए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में अधिवक्ता राजीव गौतम जिलाध्यक्ष सुशासन समिति उत्तर प्रदेश ने शुक्रवार दोपहर दो बजे पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायत पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 जनवरी 2026 की शाम करीब सात बजे ग्राम मल्लपुर खजुरिया निवासी तीन युवकों पर आरोप है कि उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के बैनर को धार्मिक स्थल पीपल के पेड़ से उतारकर जला दिया। बैनर पर डॉ. अंबेडकर सहित कई महापुरुषों की तस्वीरें अंकित थीं। आरोप है कि इस कृत्य से न केवल संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं अन्य महापुरुषों का

## हाइटेंशन लाइन में दोबारा फाल्ट, सेलर के मीटर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

पूरनपुर। नगर के मोहल्ला अहमदनगर में शुक्रवार सुबह हाइटेंशन विद्युत लाइन में बार-बार फाल्ट होने से अफरा-तफरी मच गई। सुबह करीब 11 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब लाइन सही करने के बाद जैसे ही विद्युत सप्लाई शुरू कराई गई, लगभग 20 मीटर की दूरी पर अचानक फाल्ट हो गया और पास स्थित सेलर के मीटर में आग लग गई। आग लगते ही आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि इससे पहले सुबह करीब 8 बजे हाइटेंशन विद्युत लाइन टूटकर सरफुद्दीन पुत्र अलीशेर के लोहे के खोखे पर गिर गई थी। खोखे में टायर रखे होने के कारण आग भड़क गई, जिससे टायर सहित करीब सात लाख रुपये का नुकसान हुआ। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त हाइटेंशन लाइन को ठीक किया। मरम्मत के बाद जैसे ही सप्लाई चालू की गई, तभी दोबारा फाल्ट होने से चक्की सेलर के मीटर में आग लग गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विद्युत कर्मचारियों ने तत्काल सप्लाई बंद कराई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

# अमेठी में तेइस जनवरी को होगा ब्लैकआउट व माक ड्रिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर आगामी तेइस जनवरी को जनपद अमेठी में ब्लैकआउट एवं माक ड्रिल का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने बताया कि तेइस जनवरी को शाम छह बजे नई पुलिस लाइन, गौरीगंज में माक ड्रिल आयोजित की जायेगी। माक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की स्थिति को दर्शाया जायेगा। सायरन बजते ही सभी लोगों को जमीन पर लेटने तथा खुले स्थानों पर मौजूद लोगों को निकटतम सुरक्षित (भूमिगत) स्थानों में जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस दौरान समस्त यातायात रोक दिया जायेगा और विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जायेगी। साथ ही इनवर्टर, जनरेटर एवं मोबाइल फोन के उपयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि माक ड्रिल में हवाई हमले के पश्चात आग लगने, लोगों के घायल होने अथवा मृत्यु जैसी परिस्थितियों का भी अभ्यास कराया जायेगा।आग लगने की स्थिति में अग्निशमन विभाग द्वारा तत्काल आग पर काबू पाया जायेगा। स्वयंसेवकों एवं स्वास्थ्य विभाग की मदद से घायलों को अस्पताल भेजकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जायेगा। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त दूरसंचार एवं विद्युत व्यवस्था को बहाल कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा अवशेष हटाने एवं मृतकों के सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार की व्यवस्था की जाएगी। इस संपूर्ण अभ्यास में आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, नगर पालिका, होमगार्ड, स्वयंसेवक, एनसीसी सहित सभी विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपने-अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण सजग रहने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आम जनमानस में इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि सायरन बजने पर लोग घबराएं नहीं और शांति बनाए रखें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन किलो दो सौ ग्राम गांजा के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने दो किलो सौ ग्राम गांजा के साथ दो बाइक सवार तस्करों एवं गौरीगंज पुलिस ने एक किलो सौ ग्राम गांजा के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये दोनों तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शुक्रवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल संख्या यूपी 44 बीके 0816 सवार पवन कुमार यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी पिलाई मजरा निमडी थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या व हरिश चंद्र यादव पुत्र रामअवध यादव निवासी महुली थाना बल्दीराय जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को इन दोनों युवकों के कब्जे से कुल दो किलो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। मोटरसाइकिल उपरोक्त के कागज मांगने पर दिखा नही सके। इसी क्रम में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान हनुमान सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह निवासी अबादमऊ मजरे हरदो थाना गौरीगंज उम्र तैंतालिस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को पकड़े गये युवक की तलाशी में उसके कब्जे से एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ।इस सम्बंध में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है और बाइक को एमवी एक्ट के तहत सीजकर दिया गया है।

## सभासदो ने धार्मिक स्थलों पर लाइटे लगवाने की सांसद से करी मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 20 के सभासद नादिर रजा बरकाती एवं वार्ड नंबर 15 की सभासद नुसरत परवीन कादरी के प्रतिनिधि तौफीक अहमद कादरी ने सामूहिक रूप से एक पत्र क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भारत सरकार जितिन प्रसाद को भेजा है।पत्र में कहा गया है कि हम लोगों के दोनों वार्डो क्रमशः 15 और 20 मोहल्ला गणेशगंज पूर्वी नगर पालिका परिषद पूरनपुर में हाई मास्ट लाइटों की जन हित अति आवश्यकता है।जिसे वार्ड वासियों को अंधेरे से मुक्ति मिल सके। क्षेत्र के ब्लॉक रोड पर स्थित कब्रिस्तान, रजा मस्जिद, पूरनपुर स्थित कर्बला के पास शमशान घाट, पूरनपुर देहात में स्थित रजवी मस्जिद सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर लाइट लगवाने की मांग की है। सांसद के प्रयास इन धार्मिक स्थलों पर लाइट लगने से इन धार्मिक स्थलों पर आने जाने वाले लोगों को अंधेरे से मुक्ति मिल सकती है।

## रेलवे क्रॉसिंग के पास हाइटेंशन लाइन टूटने से लोहे के खोखे में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शेरपुर रेलवे क्रासिंग के पास शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। ढका जमीमा निवासी सरफुद्दीन पुत्र अलिशेर का टायरों का लोहे का खोखा हाइटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। बताया गया कि सरफुद्दीन ने कुछ दिन पूर्व किराए की दुकान खाली की थी, जिसके बाद दुकान का सारा सामान पास में बने लोहे के खोखे में रख दिया था। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे अचानक ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर सीधे लोहे के खोखे पर गिर गया। इससे तेज चिंगारी के साथ आग लग गई और देखते ही देखते खोखा आग की लपटों में घिर गया। आग लगने से खोखे में रखे सभी टायर, मशीनरी, औजार सहित अन्य सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। पीड़ित के अनुसार इस घटना में करीब 6 से 7 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था। घटना की सूचना विद्युत विभाग को दी गई। पीड़ित ने मुआवजे की मांग की है।

## जिम के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।कोतवाली क्षेत्र में जिम के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। साहूकारा मोहल्ला निवासी नीराजना शर्मा पत्नी राम निवास शर्मा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी स्कूटी एक्टिवा प्रीमियम दिनांक 29 दिसंबर 2025 को चोरी हो गई। पीड़िता के अनुसार उनका पुत्र देवांश शर्मा शाम करीब सात बजे अल्फा जिम गया था और स्कूटी जिम के बाहर खड़ी कर अंदर चला गया। आरोप है कि इसी दौरान भोपतपुर क्षेत्र का रहने वाला जितेन्द्र उर्फ जोतिहंस स्कूटी चोरी कर ले गया। चोरी की पूरी घटना जिम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़िता व परिजनों ने स्कूटी की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थक-हारकर पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में वितरण की खिचड़ी उपस्थित रहे कर्मचारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद के जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें कलेक्ट्रेट के कई कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया। यह कार्यक्रम लोगों को एक साथ लाने और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता और प्रेम की भावना को बढ़ावा देते हैं।

# सीडीओ ने फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर वेतन किया अवरुद्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## फार्मर रजिस्ट्री में जनपद अमेठी की खराब प्रगति पर सीडीओ ने की कार्यवाही

अमेठी,भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना फार्मर रजिस्ट्री में जनपद अमेठी की अत्यंत असंतोषजनक प्रगति को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा कड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है। फार्मर रजिस्ट्री के क्रियान्वयन में अपेक्षित लक्ष्य की प्राप्ति न होने, प्रभावी अनुश्रवण के अभाव तथा फील्ड स्तर पर अभियानात्मक कार्यवाही न किए जाने के कारण संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध वेतन अवरोधन की कार्यवाही की गई है। चौदह जनवरी को मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान फार्मर रजिस्ट्री में जनपद अमेठी की प्रगति प्रदेश स्तर पर अत्यंत खराब पाई गई, जिस पर मुख्य सचिव महोदय द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि जनपद अमेठी में फार्मर रजिस्ट्री का कुल लक्ष्य 3,18,853 कृषकों के सापेक्ष मात्र 1,87,913 कृषकों का ही पंजीकरण पूर्ण किया गया है, जबकि 1,30,940 कृषकों का पंजीकरण अब भी लंबित है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की गई समीक्षा में यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ कि फार्मर रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता वाले कार्य में उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी स्तर से नियमित समीक्षा, प्रभावी मॉनिटरिंग, विशेष अभियान संचालन तथा लक्ष्य आधारित रणनीति का अभाव रहा है। इसके परिणामस्वरूप न केवल योजना की प्रगति प्रभावित हुई, बल्कि जनपद की छवि एवं प्रतिष्ठा भी प्रदेश स्तर पर प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई है।उक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा उप कृषि निदेशक, जनपद अमेठी एवं जिला कृषि अधिकारी, जनपद अमेठी का माह जनवरी, 2026 का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरुद्ध किए जाने के निर्देश निर्गत किए गए हैं। यह वेतन अवरोधन तब तक प्रभावी रहेगा, जब तक कि फार्मर रजिस्ट्री में शेष 1,30,940 कृषकों का पंजीकरण पूर्ण करते हुए लक्ष्य के अनुरूप संतोषजनक प्रगति सुनिश्चित नहीं कर ली जाती।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि तत्काल प्रभाव से विशेष अभियान संचालित करते हुए फार्मर रजिस्ट्री के अवशिष्ट लक्ष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाए तथा की गई कार्यवाही एवं दैनिक प्रगति की सूचना नियमित रूप से जिला स्तर पर उपलब्ध कराई जाए। संतोषजनक प्रगति की समीक्षा के उपरांत ही वेतन अवरोधन के संबंध में अग्रिम आदेश निर्गत किए जाएंगे।जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता अथवा लक्ष्य प्राप्ति में शिथिलता को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# गिग-वर्कर की सुध

गिग वर्कर्स की हड़ताल और उनके मुश्किल हालात को लेकर समाज में बढ़ती फिक्र के बाद हुए सरकारी हस्तक्षेप से गिग वर्कर्स की बड़ी मुश्किल हल हुई है। कोहरे-ठंड और बेतरतीब ट्रैफिक के बीच गिग-वर्कर्स पर दस मिनट में सामान उपभोक्ता तक पहुंचाने का दबाव एक बड़े तनाव की वजह बना हुआ था। गिग-वर्कर्स को हीमैन मानकर द्रुत गति से वाहन दौड़ाकर अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती थी। कुछ डिलीवरी ब्वॉयज के दुर्घटनाग्रस्त होकर जान गंवाने व घायल होने के भी समाचार थे। अब यह सुखद ही है कि केंद्रीय श्रममंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद क्विक कॉमर्स कंपनियां कष्टदायक दस मिनट में डिलीवरी की व्यवस्था खत्म करने को तैयार हो गई हैं। इटर्नल के स्वामित्व वाली इकाई ब्लिंकिट, जिसने दस मिनट में डिलीवरी को अपने कारोबार की आक्रामक विज्ञापन रणनीति का हथियार बना लिया था, ने अब अपने मंचों से दस मिनट में डिलीवरी का दावा हटा लिया है। निश्चित रूप से यह अमानवीय ही था कि बेकारी का त्रास झेलते युवाओं पर आनन-फानन दस मिनट में सामान उपभोक्ता तक पहुंचाने का दबाव बनाया जाए। लंबी ड्यूटी, कम पैसा और जल्दी सामान पहुंचाने के दबाव में बड़ी संख्या में गिग-वर्कर्स काम छोड़ जाते थे। आजकल ठंड के मौसम में उपभोक्ता घर से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। अतरू उत्तर भारत में भीषण सर्दी और कोहरे के बीच दस मिनट में तेजी से सामान पहुंचाना दुष्कर कार्य था। भारत में आम ट्रैफिक की जटिल स्थिति किसी से छिपी नहीं है। सड़क हादसों के कारण उनका जीवन जोखिम में बना रहता था। इतना ही नहीं, कई बार डिलीवरी ब्वॉयज को बहुमंजिला इमारतों और कालोनियों के सुरक्षा गार्डों से जूझना पड़ता था, जिससे उन्हें सामान पहुंचाने में देरी हो जाती थी। फिर उपभोक्ता के मोबाइल पर मिले ओटीपी के बाद उनका सामान डिलीवर माना जाता था। समय पर सामान की डिलीवरी न होने पर उनके कार्य प्रदर्शन का मूल्यांकन कमतर आंका जाता है। दरअसल, गिग वर्कर्स को अच्छी रैंक तभी मिलती है जब वे दस मिनट में सामान पहुंचा देते हैं, जिसके चलते वे मानसिक तनाव में रहते थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दस मिनट में डिलीवरी का दबाव झेलते तथा मेहनताने में कमी आदि मांगों को लेकर गिग-वर्कर्स ने देशव्यापी हड़ताल की थी। हालांकि, कंपनी मालिकों ने साल के आखिरी दिनों में उत्सव के माहौल में डिलीवरी बाधित होते देख हड़ताल को कामयाब नहीं होने दिया, लेकिन इस हड़ताल से पूरे देश का ध्यान गिग-वर्कर्स की जायज मांगों की तरफ गया। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा समेत कई राजनेताओं ने भी गिग-वर्कर्स के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। पिछले दिनों ध्यान आकर्षण के लिए बाकायदा राघव चड्ढा डिलीवरी ब्वॉय की ड्रेस पहनकर सामान डिलीवर करने भी गए। निस्संदेह, डिलीवरी ब्वॉयज का काम बेहद चुनौतीपूर्ण है, काम के घंटे बहुत ज्यादा हैं और उसके अनुपात में मेहनताना बेहद कम है। इन्हीं चिंताओं के बाद केंद्र सरकार द्वारा लाया गया नया लेबर कोड चर्चा में आया, जिसमें उल्लेख है कि गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें पर्याप्त सुविधाएं नियोक्ता कंपनी द्वारा दी जाएं। यह विडंबना ही है कि गिग वर्कर्स की मेहनत से क्विक कॉमर्स कंपनियों का कारोबार तो तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन गिग वर्कर्स की माली हालत नहीं सुधरी है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में गिग वर्कर्स थोड़े समय काम करके नौकरी छोड़ देते हैं। निर्विवाद रूप से आज जरूरी है कि गिग वर्कर्स ही नहीं, तमाम असंगठित क्षेत्र के कामगारों को अविलंब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जाए। उन्हें बीमा, न्यायोचित काम के घंटे, समय पर समुचित भुगतान व चिकित्सा आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इस दिशा में कानून बनाना ही काफी नहीं होगा, जरूरत लगातार इस बात की निगरानी की भी होगी कि धरातल पर इन कानूनों का कितना अमल हो रहा है। निश्चित रूप से असंगठित क्षेत्र के हर कामगार की सुध ली जानी चाहिए। तभी देश में श्रम की गरिमा स्थापित हो सकेगी। यही देश की युवा श्रमशक्ति का भी सम्मान होगा।

# जानलेवा साबित होते गैस गीजर और अंगीठी

**22 दिसंबर को यूपी के पीलीभीत में शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गुरुकुल पुरम में बाथरूम में गैस गीजर का प्रयोग करने के कारण ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से डीआरडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। नहाते समय पत्नी का दम घुटने पर पति उन्हें बचाने के लिए पहुंचा, लेकिन वह भी चपेट में आ गया और दोनों की मौत हो गई। दो जनवरी को पंजाब के शिवसेना नेता दीपक कंबुज की 22 वर्षीय पुत्री मुनमुन की बाथरूम में दम घुटने से मौत हो गई। 27 दिसम्बर, 2025 को छपरा (बिहार) में ठंड से बचने के लिए एक कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे 3 बच्चों और उनकी नानी की दम घुटने से मृत्यु हो गई तथा परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। इस घटना में मारे गए तीनों बच्चे रिश्ते में भाई-बहन थे जो सर्दी की छुट्टियों में ननिहाल आए हुए थे 31 दिसम्बर, 2025 को गयाजी (बिहार) के कुर्किहार गांव में कमरे के भीतर ठंड से बचने के लिए दरवाजा और खिड़की बंद करके अंगीठी जला कर सो रहे सुजीत कुमार और अंशु कुमारी नामक भाई-बहन तथा उनकी नानी मीना देवी की दम घुटने से मौत हो गई।**

इन दिनों देश के अनेक भागों में कड़ाके की ठंड पड़ने से तापमान शून्य से भी नीचे चला गया है। ऐसे में शरीर को गर्मी देने के लिए लोग कमरों में अंगीठी जला कर सो जाते हैं। बंद कमरे में जहरीला धुआं फैलने से कई लोग मौत शिकार हो रहे हैं। वहीं सैकड़ों लोग बिना रोशनदान वाले बाथरूम में गैस गीजर का इस्तेमाल करने से आक्सीजन कम होने पर जान गंवा देते हैं। भारत के अलग-अलग हिस्सों से हर साल सर्दियों में ऐसी एक जैसी खबरें सामने आती हैं। बाथरूम में नहाते समय गैस गीजर से निकली जहरीली गैस, दम घुटना और फिर अचानक बाथरूम में नहाने वाले की मौत हो जाना। ये खबरें चौंकाती जरूर हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद भुला दी जाती हैं। यही भूल सबसे खतरनाक है क्योंकि गैस गीजर कोई अचानक खराब होने वाली मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा खामोश खतरा है, जो ज़रा-सी लापरवाही पर जान ले सकता है। कमरे में लकड़ी या कोयले की अंगीठी जला कर रखने से कार्बन मोनोआक्साइड उत्पन्न होती है जिससे वातावरण में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है जो सीधे वहां उपस्थित लोगों के दिमाग पर असर डालती है, जो सांस के जरिए पूरे शरीर में फैल जाती है। इससे शरीर में हीमोग्लोबिन कम हो जाने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसी कारण पिछले लगभग 2 सप्ताह से ऐसी दर्दनाक मौतों की झड़ी लगी हैं। इसी तरह बाथरूम में गैस गीजर चलाने पर भी आक्सीजन कम हो जाती है और अनेक लोग हर साल जान गंवा देते हैं। 22 दिसंबर को यूपी के पीलीभीत में शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गुरुकुल पुरम में बाथरूम में गैस गीजर का प्रयोग करने के कारण ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से डीआरडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। नहाते समय पत्नी का दम घुटने पर पति उन्हें बचाने के लिए पहुंचा, लेकिन वह भी चपेट में आ गया और दोनों की मौत हो गई। दो जनवरी को पंजाब के शिवसेना नेता दीपक कंबुज की 22 वर्षीय पुत्री मुनमुन की बाथरूम में दम घुटने से मौत हो गई। 27 दिसम्बर, 2025 को छपरा (बिहार) में ठंड से बचने के लिए एक कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे 3 बच्चों और उनकी नानी की दम घुटने से मृत्यु हो गई तथा परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। इस घटना में मारे गए तीनों बच्चे रिश्ते में भाई-बहन थे जो सर्दी की छुट्टियों में ननिहाल आए हुए थे 31 दिसम्बर, 2025 को गयाजी (बिहार) के कुर्किहार गांव में कमरे के भीतर ठंड से बचने के लिए दरवाजा और खिड़की बंद करके अंगीठी जला कर सो रहे सुजीत कुमार और अंशु कुमारी नामक भाई-बहन तथा उनकी नानी मीना देवी की दम घुटने से मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को तरनतारन (पंजाब) में गुरमीत सिंह तथा उनकी पत्नी जसबीर कौर की ठंड से बचने के लिए कमरे में जला कर रखी लकड़ियों की गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को ही पटौदी (हरियाणा) में ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी सुलगा कर सोना एक श्रमिक के परिवार पर आफत बन कर टूटा तथा दम घुटने से एक 11 वर्षीय बच्ची की मृत्यु हो गयी एवं परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। 9 जनवरी, 2026 को हजारीबाग (झारखंड) के बानादाग गांव में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे दम्पति की दम घुटने से जान चली गई। 9 जनवरी, 2026 को ही कोडरमा (झारखंड) के पूरना नगर में ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में कोयला जला कर सो रहे पति-पत्नी वीरेंद्र शर्मा और कांति देवी की दम घुटने से मौत हो गई। 9 जनवरी, 2026 को ही उत्तर काशी (उत्तराखंड) के चाम्पकोट में कमरे में जल रही अंगीठी की गैस के कारण एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से बीमार हो गया। 10 जनवरी, 2026 को आरा (बिहार) के छोटकी सिंगरी गांव में एक कमरे में अपने माता-पिता और बहन के साथ ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे 12 वर्षीय बच्चे बजरंगी सिंह की मौत हो गई जबकि उसके माता-पिता और बहन गंभीर रूप से बीमार हो गए। और अब 11 जनवरी, 2026 को तरनतारन (पंजाब) में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे अर्शदीप सिंह (20), उसकी पत्नी जशनदीप कौर (19) तथा 2 महीने के मासूम बेटे गुरबाज सिंह की दम घुटने से मौत हो गई और अर्शदीप सिंह का साला किशन सिंह बेहोश हो गया। उक्त सब घटनाओं का सबक यही है कि बंद कमरे में अंगीठी नहीं जलानी चाहिए और यदि जलानी ही पड़े तो सोने से पहले उसे बुझा देना चाहिए ताकि धुआं पैदा न हो। इसके अलावा सोते समय खिड़की और रोशनदान भी कुछ खुले रखने चाहिए। इसी तरह गैस गीजर एलपीजी से पानी गर्म करता है। इस प्रक्रिया में आंशिक दहन होता है, जिससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस निकलती है। यह गैस न दिखती है, न सूंघी जा सकती है। यानी इंसान को पता ही नहीं चलता कि वह ज़हर सांस के साथ अंदर ले रहा है। बंद बाथरूम में यह गैस कुछ ही मिनटों में जानलेवा स्तर तक पहुंच जाती है। पहले चक्कर, फिर घबराहट, बेहोशी और कई मामलों में मौत से जुड़े मामले भी सामने आए हैं। ऐसे अनेक खतरनाक हादसों के बारे में हम पढ़ चुके हैं और यह पहला और आखिरी मामला नहीं है। हर साल देश भर में अलग अलग हादसों में एक हजार से अधिक लोगों की जान ऐसी ही छोटी लेकिन गंभीर लापरवाही के कारण जा रही है। आखिर अपने बाथरूम में लोग खुद से मौत लेकर क्यों आते हैं? क्यों बंद कमरे में हीटर या अंगीठी लगा कर सो जाते हैं? स्थानीय प्रशासन और स्वयं सेवी संस्थाओं को भी चाहिए कि इस बारे लोगों को जागरूक करे, ताकि इस तरह की दर्दनाक और असामयिक मौतों के परिणामस्वरूप परिवार तबाह होने से बच सकें। **-मनोज कुमार अग्रवाल**



# ग्रामीण स्कूलों में शिक्षिकाओं की कमी

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारत में शिक्षा की गुणवत्ता और समानता हमेशा से एक चुनौती रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच, संसाधनों, शिक्षक उपलब्धता और शिक्षा के अवसरों में व्यापक अंतर दिखाई देता है। इस असमानता का सबसे स्पष्ट उदाहरण प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती और लिंग संतुलन में देखा जा सकता है। शहरों के प्राथमिक स्कूलों में अक्सर 10 से 18 शिक्षक तैनात होते हैं, जिनमें अधिकांश महिलाएं होती हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्कूलों में औसतन 3ऽ4 शिक्षक ही होते हैं और उनमें से एक भी महिला नहीं होती। यही वह असमानता है, जो न केवल शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित करती है बल्कि समाज में लिंग समानता की दिशा में भी बड़ी बाधा बनती है। भारत में शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए 50% आरक्षण का प्रावधान है। यह कानून स्पष्ट रूप से महिलाओं को समान अवसर देने की दिशा में उठाया गया कदम है। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब भर्ती में आरक्षण है, तो पोस्टिंग में यह क्यों लागू नहीं होता? ग्रामीण क्षेत्र में पुरुष शिक्षकों की तैनाती क्यों अधिक होती है और महिलाओं को वहां सेवा देने के लिए क्यों नहीं प्रोत्साहित किया जाता? इसका उत्तर जटिल है। सबसे पहले, सुरक्षा और सुविधाओं की कमी एक बड़ा कारण है। सुदूर और दूर-दराज के गांवों में रहने की सुविधा सीमित होती है। कई महिला शिक्षक वहां तैनाती के लिए अनिच्छुक रहती हैं। परिवहन की समस्या, सुरक्षित आवास की कमी, सामाजिक और पारिवारिक प्रतिबंध जैसे कारक भी उनके निर्णय को प्रभावित करते हैं। दूसरी ओर, सरकारी नीतियाँ इस असमानता को सीधे संबोधित नहीं करती हैं। भर्ती में आरक्षण को तो लागू किया जाता है, लेकिन पोस्टिंग में 'इच्छा' और 'सुविधा' को प्राथमिकता दी जाती है। परिणामस्वरूप, ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुष शिक्षकों की संख्या अधिक रहती है। यही वह दोहरा मापदंड है, जो महिलाओं के समानता के अधिकारों और शिक्षा के मूल सिद्धांत के खिलाफ जाता है। सामाजिक दृष्टि से यह असमानता और भी चिंताजनक है। महिला शिक्षक केवल शैक्षिक कर्तव्य नहीं निभाती हैं; वे बच्चों के लिए रोल मॉडल होती हैं। विशेष रूप से लड़कियों के लिए, महिला शिक्षक शिक्षा में प्रेरणा और विश्वास का स्रोत होती हैं। ग्रामीण स्कूलों में महिला शिक्षकों की अनुपस्थिति का मतलब है कि लड़कियां उच्च शिक्षा और करियर के विकल्पों के प्रति प्रेरित नहीं हो पातीं। इसके अलावा, शिक्षकों की संख्या और लिंग संतुलन का प्रभाव बच्चों की सीखने की क्षमता पर भी पड़ता है। शोधों से पता चलता है कि लिंग संतुलन वाले कक्षा वातावरण में बच्चों की सामाजिक और भावनात्मक विकास बेहतर होता है। वे सहकर्मी सहयोग, समानता की भावना और सामाजिक संवेदनशीलता सीखते हैं। यदि ग्रामीण स्कूलों में केवल पुरुष शिक्षक हैं, तो यह अनुभव बच्चों से छूट जाता है। कानूनी और संवैधानिक दृष्टि से भी यह असमानता चुनौतीपूर्ण है। भारतीय संविधान की धारा 14 और 15 हर नागरिक को समानता का अधिकार देती है और लिंग के आधार पर भेदभाव से बचाती है। भर्ती में 50% आरक्षण तो महिलाओं को समान अवसर देता है, लेकिन पोस्टिंग में इसे नजरअंदाज करना संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत है। यह नीति केवल कानूनी रूप से नहीं बल्कि नैतिक रूप से भी असंगत है। सरकार की इस दोहरी नीति का असर स्पष्ट है। शहरी स्कूलों में महिलाएं भरपूर तैनात हैं, इसलिए 50% आरक्षण दिखाई देता है। वहीं, ग्रामीण स्कूलों में महिला शिक्षकों की कमी, उनके आरक्षण का वास्तविक लाभ न के बराबर कर देती है। यह नीति न केवल ग्रामीण शिक्षा को कमजोर करती है, बल्कि सामाजिक और लैंगिक समानता के मूल सिद्धांत को भी कमजोर करती है। इस असमानता को दूर करने के लिए ठोस कदम जरूरी हैं। महिला शिक्षकों को आकर्षित करने के लिए विशेष भत्ता, सुरक्षित और संरचित आवास, परिवहन सुविधा और स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित की जानी चाहिए। अगर महिलाओं को सुरक्षा और सुविधा मिलेगी, तो वे ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने के लिए अधिक इच्छुक होंगी। भर्ती के साथ-साथ पोस्टिंग नीति में भी महिलाओं का 50% प्रतिनिधित्व अनिवार्य होना चाहिए। इसे लागू करने के लिए सरकार को विशेष निर्देश जारी करने होंगे और तैनाती की निगरानी करनी होगी। स्थानीय समुदाय के सहयोग से महिला शिक्षकों की सेवा को सरल और सुरक्षित बनाया जा सकता है। ग्राम स्तर पर महिला शिक्षकों के लिए सहायता समूह और स्थानीय सुरक्षा नेटवर्क बनाए जा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देने वाली महिला शिक्षिकाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और पेशेवर विकास के अवसर सुनिश्चित करने होंगे।

## सेहत मंत्र

# दिन में ज्यादा नींद का कारण हो सकता है नार्कोलेप्सी रोग

नार्कोलेप्सी नींद से जुड़ा एक डिस्आर्डर है, जिसमें व्यक्ति को जरूरत से ज्यादा नींद आती है। आमतौर पर दिन में ज्यादा नींद आना इस रोग का लक्षण होता है। नार्कोलेप्सी के कारण व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में अचानक सो सकता है। कई बार तो मरीज बैठे-बैठे, हंसते हुए या रोते समय भी सोने लगता है। आमतौर पर किसी को ज्यादा नींद आने पर लोग समझते हैं कि ये ज्यादा थकान या ज्यादा खाने का परिणाम है मगर नार्कोलेप्सी को मेडिकल साइंस में एक न्यूरोलॉजिकल समस्या माना जाता है, जिसका आसानी से इलाज संभव है। आइये आपको बताते हैं क्या है नार्कोलेप्सी और कैसे करें इससे बचाव। क्या है नार्कोलेप्सीः नार्कोलेप्सी एक तरह का स्लीप डिस्आर्डर है, जिसमें मरीज़ कभी भी अचानक सो जाता है। इस डिस्आर्डर के कारण रातभर पूरी नींद लेने के बावजूद मरीज दिन भर उनींदा और थका हुआ महसूस करता है। इस रोग से प्रभावित मरीज कितना भी सो ले लेकिन उसे ऐसा लगता है, जैसे वह सोया ही नहीं है। यह बीमारी ज्यादातर 15 से 25 साल की उम्र के लोगों को अपना शिकार बनाती है और ये पुरुष या महिला किसी को भी हो सकती है। क्या हैं नार्कोलेप्सी के लक्षणः नार्कोलेप्सी के मरीज को पूरे दिन नींद आती रहती है। 8-9 घंटे नींद लेने के बाद भी मरीज को नींद अधूरी लगती है। ज्यादा नींद के साथ-साथ मरीज को आलस और थकान की समस्या होती है। मरीज कहीं भी और कभी भी सो जाता है जैसे- हंसते हुए, रोते हुए, बैठे हुए या खाते हुए। आमतौर पर नार्कोलेप्सी के मरीज सुबह बहुत देर से उठते हैं। नार्कोलेप्सी के मरीज को कई बार स्लीप पैरालिसिस की समस्या भी हो सकती है। क्या है नार्कोलेप्सी का इलाजः सोने और जागने का समय करें निर्धारित- नार्कोलेप्सी के मरीजों के लिए सोना का शेड्यूल बनाना बहुत जरूरी है। हर रोज एक ही समय पर सोने के लिए बिस्तर पर जाएं और सुबह बिस्तर छोड़ें। बेडरूम में रीडिंग या फिर टीवी देखने जैसी एक्टीविटी न करें, इससे नींद में खलल पड़ सकता है।

## धर्म मंत्र

# कामाख्या का महामंत्र करेगा हर मनोकामना पूरी

मां कामाख्या देवी शक्ति की सबसे पूजनीय रूपों में से एक हैं। मां कामाख्या असीम आध्यात्मिक शक्ति और तंत्र साधना से जुड़ी देवी हैं। मां कामाख्या की दिव्य ऊर्जा का आह्वान इच्छाओं की पूर्ति, आध्यात्मिक उन्नति और समस्याओं के समाधान के लिए किया जाता है। असम में पवित्र कामाख्या मंदिर है। असम में स्थित कामाख्या मंदिर तंत्र साधना का एक प्रसिद्ध केंद्र है और यह 51 शक्तिपीठों में से एक है। मां कामाख्या की पूजा और मंत्र जाप करने से व्यक्ति अपने जीवन की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कामाख्या देवी के मंत्र का महत्व और जप विधि के बारे में बताने जा रहे हैं।

प्रणाम मंत्रः कामाख्ये कामसम्पन्ने कामेश्वरि हरप्रिये । कामनां देहि मे नित्यं कामेश्वरि नमोस्तु ते ?

बीज मंत्रः 'क्लीं क्लीं कामाख्या क्लीं क्लीं नमः'

मां कामाख्या के इस मंत्र का रोजारा सुबह स्नान आदि करने के बाद पूजा स्थान पर बैठकर 3 माला जप करना चाहिए। मंत्र जाप शुरू करने से पहले मां कामाख्या का मन में स्मरण करना चाहिए और कृपा व आशीर्वाद पाने के लिए अरदास लगाना चाहिए। लगातार 41 दिनों तक इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आने लगती है।

## पर्यटन



# महाबलीपुरम है अकेले घूमने के लिए बहुत ही बेहतरीन और सुरक्षित जगह

अकेले घूमना-फिरना बेशक अलग एक्सपीरियंस देता है लेकिन गोवा, अंडमान, नैनीताल जैसी जगहें अकेले घूमने के लिहाज से सही नहीं यहां तो ग्रूप के साथ ही एन्जॉय किया जा सकता है। सोलो ट्रिप के लिए मंदिर, किले और महल ज्यादा अच्छे ऑप्शन होते हैं जहां आप आराम से उनके बारे में जान सकते हैं और एक्सप्लोर कर सकते हैं। महाबलीपुरम ऐसी ही जगह में शामिल है जहां बैगपैक कर निकल जाएं अकेले घूमने। महाबलीपुरमः महाबलीपुरम तमिलनाडु का एक ऐतिहासिक शहर है। जो कांचीपुरम शहर में बसा है। चेन्नई से 55 किमी दूर महाबलीपुरम दुनियाभर में अपने विशाल मंदिरों और समुद्र तट के लिए मशहूर है। यहां के ज्यादातर स्मारक पल्लव शासकों द्वारा बनाए गए हैं। जिसकी खूबसूरती और अद्भुत वास्तुकला को देखने के लिए यहां आना पड़ेगा। कृष्णा बटर बॉलः खड़ी चट्टान पर टिके हुए इस विशाल पत्थर को देखकर बहुत आश्चर्य होता है। शोर टेंपलः द्रविड शैली का यह मंदिर 8वीं सदी में बना था। मंदिर के अंदर एक चट्टान पर भगवान विष्णु और शिव के चित्र बने हुए हैं। कृष्णा मंडपमः इस मंदिर में भगवान कृष्ण की कथाओं को चित्रित किया गया है। जहां आकर आप सुकून और रिलैक्स महसूस करेंगे। पांच रथः खूबसूरत नक्काशी और कला के लिए दुनियाभर में मशहूर है महाबलीपुरम का पांच रथ। जो पांच पांडवों के नाम से जाना जाता है। इसकी खास बात यह है कि इसे एक ही पत्थर से काटकर बनाया गया है। चोलामदल आर्टिस्ट गांवः इस गांव आकर आपको शिलालेख, चित्र और कला के कई बेहतरीन नमूने देखने को मिलेंगे। घड़ियाल बैंकः ये एक पिकनिक स्पॉट है जहां आकर आप अपना पूरा दिन एन्जॉय कर सकते हैं। कैसे पहुंचेः चेन्नई से 1.5 घंटे का सफर तय करके आप महाबलीपुरम पहुंच सकते हैं। वैसे चेन्नई से बसों और टैक्सी की भी सुविधा अवेलेबल है। यहां के लिए सबसे नज़दीकी रेलवे स्टेशन चेंगलपट्टू है जो महाबलीपुरम से 29 किलोमीटर दूर है।

# शब्दों ने रच दिया इतिहास सी. बी. सिंह लॉ कॉलेज के छात्र अविनाश शुक्ला ने काशी की धरती से राष्ट्रीय मंच पर बिखेरा साहित्यिक उजास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अकबरपुर, अम्बेडकरनगर । जब प्रतिभा को मंच मिलता है, तो शब्द इतिहास रचते हैं। सी. बी. सिंह लॉ कॉलेज के होनहार छात्र अविनाश शुक्ला ने साहित्य के क्षेत्र में जनपद ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का मान राष्ट्रीय स्तर पर ऊँचा कर दिया है। मूल रूप से अयोध्या निवासी अविनाश शुक्ला को वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन ‟हिंदी है हम” में सम्मानित किया गया, जहाँ उनकी कविताओं ने श्रोताओं के हृदय को स्पर्श कर लिया।

काशी की पावन और सांस्कृतिक चेतना से सराबोर कमिश्नरी सभागार में आयोजित यह भव्य साहित्यिक समारोह वैदिक फाउंडेशन काशी द्वारा संपन्न हुआ। देशभर से पधारे प्रतिष्ठित कवि, साहित्यकार और हिंदी प्रेमियों की उपस्थिति में जब अविनाश शुक्ला का नाम पुकारा गया, तो यह क्षण केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि संघर्ष, साधना और शब्दों की साधना का सार्वजनिक स्वीकार था। उन्हें यह सम्मान राष्ट्रीय स्तर के प्रख्यात कवि श्री शेखर त्रिपाठी (लखनऊ) एवं सुप्रसिद्ध कवयित्री श्रीमती श्वेता शुक्ला (लखनऊ) के कर-कमलों से प्रदान किया गया।

सम्मान के इन भावुक क्षणों के बीच अविनाश शुक्ला ने अपनी चर्चित कविता ‟वकालत” का सशक्त और संवेदनशील पाठ किया। उनकी आवाज़ में आत्मविश्वास, शब्दों में पीड़ा और भावों में सच्चाई थी। कविता जैसे-जैसे आगे बढ़ी, सभागार मौन में डूब गया और अंत में तालियों की गूंज ने पूरे वातावरण को भावनाओं से भर दिया। श्रोताओं की आँखों में सराहना और चेहरों पर सम्मान स्पष्ट झलक रहा था। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि ने न केवल अविनाश शुक्ला के गृह जनपद अयोध्या को गर्व से भर दिया, बल्कि सी. बी. सिंह लॉ कॉलेज के लिए भी यह अविस्मरणीय क्षण बन गया। कॉलेज प्रबंधन, शिक्षकों और सहपाठियों ने उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि यहाँ के छात्र कानून की पढ़ाई के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति की आत्मा को भी पूरी संवेदनशीलता से जी रहे हैं। अविनाश शुक्ला की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनकर सदैव मार्गदर्शन करती रहेगी।

# नए साल का कुर्सी क्षेत्र वासियों को साकेंद्र का तोहफा, निर्बाध मिलेगी बिजली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



निंदूरा बाराबंकी।क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने आज नव वर्ष 2026 का कुर्सी क्षेत्र वासियों को? सुचार बिजली व्यवस्था का तोहफा दिया। विधायक श्रीवर्मा ने बाबागंज क्षेत्र के जनकपुर गांव में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 योजना के अंतर्गत स्थापित 33/11 के.वी. नवीन विद्युत उपकेंद्र का फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया। इस उपकेंद्र के चालू हो जाने से बाबागंज व आसपास के 300 से अधिक गांवों को अब निर्बाध, स्थिर और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी। वर्षों से चली आ रही बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज जैसी गंभीर समस्याओं से अब आम जनता को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इसका सीधा लाभ किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगा।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक भी हर सरकारी योजना का लाभ पहुंचे। भाजपा सरकार ‟सबका साथ, सबका विकास” के मूल मंत्र को धरातल पर उतारते हुए बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार की योजनाएं केवल समर्थकों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन लोगों तक भी पहुंच रही हैं जो सीधे तौर पर सरकार से जुड़े नहीं हैं।

विधायक ने कहा कि इस नए विद्युत उपकेंद्र के बन जाने से क्षेत्र में बिजली व्यवस्था मजबूत होगी, जिससे कृषि, उद्योग-धंधों और व्यापार को नया संबल मिलेगा। बेहतर बिजली आपूर्ति से क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी और लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार होगा।

इस अवसर पर विशाल सिंह, प्रदीप रावत, राजन सिंह सहित जेई विकास शुक्ल मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला, वहीं ग्रामीणों ने उपकेंद्र के निर्माण को क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

# उत्तर प्रदेश बार कौंसिल चुनाव के पहले दिन 703 अधिवक्ताओं ने डाले वोट,17 को अंतिम मतदान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश बार कौंसिल चुनाव के प्रथम चरण के पहले दिन जनपद के 3061 मतदाताओं में से कुल 703 ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

सुबह 10 बजे मतदान शुरुआत के समय मौसम शर्द होने के कारण मतदान धीमा रहा।दोपहर में तहसीलों से अधिवक्ता वोट डालने पहुंच गए साथ ही जिला मुख्यालय के भी अधिवक्ता काफी संख्या में आ गए इससे लाइन बहुत लम्बी हो गई और अंत तक लाइन लगी रही। 5 बजे तक जितने मतदाता मतदान परिसर के अन्दर आ गए उनका मतदान अपर जिला जज अशद अहमद हाशमी ने करा दिया। बार कौंसिल द्वारा दिए गए निर्देशों से काफी समस्या का सामना मतदाताओं वा व्यवस्था से जुड़े लोगों को करना पड़ा। चुनाव प्रभारी अपर जिला जज अशद अहमद हाशमी ने भीड़ को देखते हुए पोलिंग बूथों की संख्या तो आठ से बढ़ा कर 25 कर दी इससे लोगो को बैठकर मतदान करने में तो आसानी हुई लेकिन मतपत्र देने का एक ही टेबल होने के कारण उस काउंटर पर भीड़ लगी रही तथा लंबी लंबी लाइन लगी रही।अधिवक्ताओं ने चुनाव प्रभारी,अपर जिला जज अशद अहमद हाशमी से मतपत्र देने के काउंटर बढ़ाने की मांग की लेकिन उन्होंने इसके लिए असमर्थता जताई। मतदान स्थल के आसपास भारी पुलिस बल तैनात रहा। 25 सदस्यीय बार कौंसिल चुनाव के लिए 333 प्रत्यासी चुनाव मैदान में होने के कारण प्रत्याशियों ने अपने अपने कैंप भी कचेहरी के बाहर अयोध्या रोड पर वी डिग्री कालेज रोड पर लगा रखे थे जहां पर प्रत्यासियों के समर्थकों का जमावड़ा दिखा।

# पुण्यतिथि पर समाजवादी पुरोधा को भावभीनी श्रद्धांजलि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समाजवादी चिंतक पूर्व विधायक स्वर्गीय मास्टर अशर्फीलाल यादव को 11 वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह ‘गोप‘, राकेश कुमार वर्मा, फरीद महफूज किदवई और पूर्व विधायक राम गोपाल रावत सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। स्वर्गीय अशर्फीलाल यादव के पुत्र और जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव ने अपने पिता के राजनीतिक जीवन की चर्चा की।श्रद्धांजलि सभा को पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह ‘गोप‘ ने कहा कि मास्टर साहब हमेशा शोषितों, दलितों, नौजवानों और किसानों के हितों की बात करते थे।पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मास्टर साहब को गरीबों का मसीहा माना जाता था। उन्होंने हमेशा वंचितों के लिए संघर्ष किया और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी।इस अवसर पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, राजा रितेश कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा, पूर्व एमएलसी राजेश कुमार यादव, अजय कुमार बबलू, सपा जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज, जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अहमद शहंशाह ,मिथिलेश तिवारी, रामराज यादव, विकास यादव और सरताज चौधरी सहित कई अन्य नेताओं ने भी सभा को संबोधित किया।

## अटकलों पर विधायक फरीद का विराम



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर से सपा विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई ने सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों पर प्रतिक्रिया दी है।मीडिया से बातचीत में कहा कि वह अब ‘छुट्टी‘ चाहते हैं और पार्टी के निर्देशों का पालन करेंगे।दरअसल, सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट चल रही थीं कि वह रामनगर विधानसभा छोड़कर ‘कुर्सी‘ विधानसभा की ओर बढ़ रहे हैं। इन अटकलों पर पूर्व मंत्री ने स्पष्ट किया कि वह कहीं नहीं जा रहे हैं और उनका तो कुर्सी घर है।अपनी उम्र और उम्र जनित बीमारियों के कारण विधायक फरीद महफूज किदवई ने सार्वजनिक रूप से ‘छुट्टी‘ लेने की बात कही। गौरतलब है कि विधायक श्री किदवई क्षेत्र में अपने युवा पुत्र के साथ सार्वजनिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होते हैं।

## फंासी लगाकर दी जान

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्बर बजहा निवासी 40 वर्षीय कुलदीप उर्फ़ दीपू पुत्र बाबादीन गांव के बाहर आहाता बनाकर परिवार के साथ रहता था।बीती रात्रि कुलदीप ने अज्ञात कारणों के चलते घर मे ही रस्सी से फंासी लगाकर आत्महत्या की मृतक के एक 16 वर्षीय पुत्र घनश्याम व 14 वर्षीय पुत्री शिवांशी है भोर मे जानकारी होते ही गाँव एव घर मे कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## जमीनी विवाद, जानलेवा हमला, गंभीर

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के हथोइया गांव केआकाश पुत्र दयाशंकर मिश्र ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनका चचेरा भाई आशीष उम्र 35 वर्ष घर पर था।घर के सामने की विवादित जमीन पर कृपाराम की पत्नी सोना देवी व उनकी पोती की चीख पुकार सुनाई दी शोर सुनकर आशीष मौके पर पहुंचे।वहां पहुंचते ही विपक्षी दीनदयाल पुत्र गणेशप्रसाद अरविन्द कुमार हिमांशु व आनन्द ने अचानक आशीष पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया।आरोपियों ने आशीष को चारों ओर से घेरकर बेरहमी से पीटा। हमलावर उसे मृत समझ फरार हो गए।परिजनों द्वारा घायल को सीएचसी फिर जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताई है।इस बारे में थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जांच की जा रही है दोषियों पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## पदोन्नति पर दीपक को बधाई

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। वन रेंज बाराबंकी मे तैनात वन दरोगा दीपक कुमार गौर को डिप्टी रेंजर के पद पर पदोन्नति मिलने पर विभागीय अधिकारियों ने उन्हें सम्मानित किया। डी एफ ओ एवं एसडीओ ने स्टार लगाकर बधाई दी ।

## संगठित रहना हिंदू समाज की सुरक्षा का आधार : गंगा प्रसाद

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय पटेल नगर में परमेश्वर पैलेस में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता गंगा प्रसाद तिवारी ने उपस्थित भारी जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हिन्दू समाज का संगठित रहना ही उसकी सुरक्षा और मजबूती का आधार है। उन्होंने सामाजिक एकता पर विशेष बल दिया। सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि हिन्दू समाज आपस में भाई-भाई है और सभी को खिचड़ी की तरह एक-दूसरे में मिलकर रहना चाहिए, तभी समाज सशक्त बन सकता है। इसके बाद युगांतर इंटर कॉलेज प्रबंधकआशुतोषवर्मा ने कहा कि आज के दौर में ऐसे आयोजनों की नितांत आवश्यकता है, जिससे समाज में जागरूकता और एकता की भाव उत्पन्न हो। विद्यामंदिर इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य वीरेंद्र वर्मा, गंगा प्रसाद तिवारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा प्रमुख (लखनऊ पश्चिम), युगांतर इंटर कॉलेज प्रबंधक आशुतोष वर्मा तथा समाजसेवी विश्वनाथ गुप्ता नगर से संघचालक रामनाथ की हम उपस्थिति रही। धनीराम, विपुलशर्मा भाजपानेता गिरधरगोपाल, दद्दान सिंह, दुर्गेशसिंह, अशोकसिंह तथा माताएं-बहनें मौजूद रहीं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दूधिया घायल

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर करौता निवासी रिंकू यादव पुत्र बंशी लाल प्रतिदिन की तरह फतेहपुर से दूध बेचकर तेलवाय की ओर जा रहा था। रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रिंकू सड़क पर गिरकर गंभीररूप से चोटिल हो गए।हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही राहगीर और कुछ देर बाद परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। घायल रिंकू यादव को तुरंत फतेहपुर सीएचसी ले जाया गया।वहां तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार बाद उनकी गंभीर हालत देख इलाज हेतु जिलास्पताल रेफर कर दिया। हालांकि,परिजन उन्हें जिला अस्पताल के बजाय एक निजी अस्पताल ले गए।स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज रफ्तार और अज्ञात वाहनों की आवाजाही पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है।

## दबंगों ने रास्ता रोकने पर दंपति को पीट-पीटकर किया अधमरा

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के करौंदीकला थाना क्षेत्र के बूढ़ापुर गांव में दबंगई की हद पार हो गई। निजी भूमि से जबरन रास्ता निकालने का विरोध करना एक दंपति को भारी पड़ गया। आरोप है कि दबंगों ने पति-पत्नी को लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा, पति को अधमरा कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे मजबूर होकर उन्होंने अयोध्या परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। घटना 2 जनवरी 2026 की शाम करीब 5:30 बजे की है। पीड़िता पूनम उपाध्याय पत्नी सदाशिव उपाध्याय निवासी ग्राम बूढ़ापुर ने आरोप लगाया है कि गांव के ही जयप्रकाश, संतोष, दीपक, शनि और उनके साथी सुशील पांडेय जबरन उनकी निजी भूमि से रास्ता निकालने का प्रयास कर रहे थे। राजस्व अभिलेखों में उस स्थान पर किसी भी प्रकार का चकमार्ग या रास्ता दर्ज नहीं है। विरोध किया तो टूट पड़े दबंग जब पूनम उपाध्याय और उनके पति सदाशिव उपाध्याय ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते मारपीट पर उतर आए। लात-घूंसों से की गई बर्बर पिटाई में सदाशिव उपाध्याय गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गए। हमलावर उन्हें मरा समझकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति देखी और थाने में तहरीर देने की सलाह दी। लेकिन पीड़िता का आरोप है कि करौंदीकला थाने में लिखित शिकायत देने के बावजूद न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही किसी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई।

# बीएलओ को एसडीएम ने दिए दिशा निर्देश, बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील सभागार में शुक्रवार को आयोजित पंचायत बीएलओ की अध्यक्षता ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी तेजस के० ने की।इस बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण और डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में अशुद्धि रोकने के लिए कार्य को निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ करें।तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने सभी बीएलओ को मतदाता सूची का पुनः सत्यापन करने और दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया।खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने इस कार्य को तेजी और जिम्मेदारी के साथ पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे और न ही कोई डुप्लीकेट नाम सूची में शामिल रहे। इसके लिए मतदाताओं से संपर्क कर उनका सत्यापन सुनिश्चित किया जाए।बैठक में सुपरवाइजर और बीएलओ भी उपस्थित रहे।

# संजय सिंह के आचार संहिता मामले की सुनवाई टली, अगली सुनवाई 4 फरवरी को

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले की एमपी/एमएलए कोर्ट में आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह से जुड़े एक पुराने मामले की सुनवाई शुक्रवार को टल गई। यह कार्यवाही प्रशासनिक कारणों से स्थगित की गई है। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 4 फरवरी की तारीख तय की है। अधिवक्ता मदन सिंह ने मीडिया को यह जानकारी दी। अदालती कार्यवाही स्थगित होने का मुख्य कारण एमपी-एमएलए जज का अवकाश पर होना था। जज बार काउंसिल चुनाव में ड्यूटी पर थे, जिसके चलते शुक्रवार को कोई सुनवाई नहीं हो सकी। यह मामला बंधुआ कला क्षेत्र में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित है। मुकदमा वर्तमान में साक्ष्य दर्ज करने के चरण में है। यह घटना 13 अप्रैल 2021 की है। आरोप है कि पंचायत चुनाव के दौरान बंधुआकलां थाने के हसनपुर गांव में बिना अनुमति के एक सभा आयोजित की गई थी। यह सभा जिला पंचायत सदस्य सलमा बेगम के समर्थन में हुई थी। पुलिस ने इस संबंध में संजय सिंह सहित 12 नामजद और 45 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच के बाद मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी और जगदीश यादव सहित कुल 11 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस मामले में अन्य आरोपियों ने पहले ही जमानत प्राप्त कर ली थी। संजय सिंह के लगातार गैरहाजिर रहने के कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। जुलाई 2024 में उन्होंने अदालत में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद उन्हें 20 हजार रुपए के दो जमानत मुचलके और निजी मुचलका दाखिल करने पर रिहा किया गया था। जून में विशेष कोर्ट ने इन आरोपियों के अधिवक्ता की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी थी। अदालत ने आरोप पत्र स्वीकार करते हुए आरोप तय किए थे। अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि इस मामले में साक्ष्य दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही थी और वादी मुकदमा के साथी तथा तत्कालीन सब-इंस्पेक्टर अजय पाल की गवाही भी हुई थी।

# शहर भर की सारी सड़कों पर ई-रिक्शा, ऑटो, अवैध वाहनों का कब्जा

## भविष्य की रक्षा, सड़क सुरक्षा माह‘ कोषला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**







बाराबंकी। देश के सबसे बड़े सूबे के मुखिया यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पैदल यात्रियों और चालकों के सड़क व्यवहार में परिवर्तन की सोच- साधना का प्रतिकार ‘सड़क सुरक्षा माह‘

नव वर्ष 2026 का जनवरी टैक्सी स्टैंड संचालकों व खाकी के मेलजोल के खेल में उद्देश्यों से कोसों दूर भटक गया है। टेंपो टैक्सी और डग्गामार चार पहिया वाहन चालकों द्वारा पुलिस के संरक्षण में सड़क पर उल्टा अवैध कब्जा कर वाहन मुख्य मार्ग पर तने खड़े मिलते हैं। फल स्वरुप अन्य वाहनों एवं पैदल यात्रियों को जाम की विकेट समस्या से जूझना पड़ रहा है। टैक्सी चालक सड़कों पर अवैध रूप से खड़े और यातायात नियमों की खिल्ली उड़ाते मिलते हैं, जबकि रोडवेज बसों को नियमों का पालन करने के बावजूद चालान का सामना करना पड़ता है। यह दोहरा मापदंड है और इससे आम जनता को परेशानी होती है।

हैरत होगी यह जानकर कि ऑटो एवं तीन पहिया ई- वाहनों को हाईवे पर चलने की अनुमति नहीं है, फिर भी वे बाराबंकी-लखनऊ हाईवे पर दौड रहे हैं। वह भी सैकड़ों की संख्या में।इससे न सिर्फ यातायात नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में है। राजमार्ग हो या शहर के भीतरी मार्ग पर ऑटो वाहन पुरुजोर काबिज दिखते हैं।शहर के भीतर रूट निर्धारित न होने के बाद भी पीरबटावन, धनोखर व सतरिख नाका तथा पुराना नेबलेट तिराहा तक ऑटो टैक्सी फर्राटा भरते दिखाई देते है।

**आइए अब देखते हैं शहर की तस्वीर**

किसी भी जिलें सड़क सुरक्षा माह और उसके जनक मसीहा की सोच पर खाकी कैसे पानी फ़ेर रही है, शायद ही दूसरा कोई उदाहरण मिले। पटेल तिराहा, बस स्टेशन, जिलाधिकारी आवास से जमुरिया नाला पुल और गोंडा बहराइच तिराहा तक निजी वाहनों का सरकारी सड़क पर पूर्णतया जमावड़ा मिलता है। चार पहिया व तिपहिया ऑटो वाहनों की सड़क पर भरमार और इनका विचरण आमजन के लिए जान जोखिम भरा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज बढ़ती दुर्घटनाओं और यतीम होते परिजनों को लेकर चिंतित और सदमे में है। वहीं खाकी पर इसका तनिक भी असर नहीं।

बाराबंकी डिपो पुलिस लाइन चौराहा पटेल तिराहा आदि अति आवाजाही वाले स्थलों पर डग्गामार वाहन व तिपहिया ऑटो वाहनों का जमावड़ा सुबह से शाम तक लगा रहता है। आश्चर्य कि इन बहुतेरे सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस कर्मी उपस्थित रहते हैं। परंतु उनकी दृष्टि इन पर नहीं पड़ती, इनकी कृपा दृष्टि से कोई वंचित है तो सरकारी वाहन? अर्थात रोडवेज बसें। रोडवेज बस के चालकों को गाली भी मिलती है और चालान चिट भी।

**करिश्मा, लखनऊ बाराबंकी**

मुख्य मार्ग पर,जज कंपाउंड के समीप डग्गामार वाहन सुबह से शाम तक कब्जा जमाए रहते हैं। इनका बेतरतीबी ठहराव लोकप्रिय खाकी व यातायात कर्मियों को नहीं दिखाई देता। शहर के भीतर जहां आटो व ई-रिक्शा का झूठ निर्धारित नहीं बे खौफ दौड़ते हैं। कहना अतिश्योक्ति नहीं खाकी जितना की टैक्सी यूनियन के दबाव में है उतना सरकार के प्रभाव में नहीं।

परिवहन अधिकारी हो या फिर पुलिस अधिकारी अनियमित वाह सीमित द गामा वाहनों को छूना तो दूर की बात इनकी ओर नजर उठा कर देखते भी नहीं। हां रोडवेज बस वो का ठहराव उनकी आंखों में चुभता अवश्य? सारी नीम कानून का पाठ रोडवेज बस चालकों तक ही सीमित है। काबुली गोरखी की लखनऊ से चलकर जो भी बसे बाराबंकी आती है इनसे आने वाले अधिकतर यात्री गोल्ड कचहरी जिला पंचायत या फिर रजिस्ट्री कार्यालय आते हैं। बस चालकों की मजबूरी कि वह इन स्थानों पर यात्री को उतारे। असमर्थता पर उन्हें वाद विवाद गाली गलौज से जूझना तय। अब से पहले प्रशासन द्वारा सैनिक बोर्ड के सामने एक स्थान खाली कर दिया गया था। अब वह अतिक्रमित है। इसी प्रकार सड़क के दूसरी ओर भी जिला जज आवास से पहले एक स्थान यात्रियों के रुकने के लिए निश्चित कर वहां बैठने की सुविधा की गई थी। इंटरलॉकिंग के दौरान वह स्थान भी समाप्त हुआ अब दोनों तरफ लखनऊ बाराबंकी आने जाने वाले तिपहिया वाहनों का कब्जा हो गया। सड़क पर खड़े हो जाने पर प्राइवेट व रोडवेज वाहनों के चालान का नियम है जो बकायदे पालन भी होता है। परंतु राष्ट्रीय राजमार्गों फर्राटा भरने वाले वाहनों की मुख्य मार्ग पर भीड़ जिससे आवागमन प्रभावित होता है, जिम्मेदारों को दिखाई नहीं देती। लव बोलो आप सर का सारा मुख्य मार दूंगा वाहनों और ऑटो रिक्शा के लिए आरक्षित सुरक्षित है.?

पटेल तिराहा , काशीराम कॉलोनी जाने वाला मार्ग व जमुरिया नाला हिरवाड़ा एजेंसी के सामने धार रोडवेज बस स्टेशन की सीमामें सैकड़ो की तादाद में तीन व चार पहिया डागा मा वाहनों का संचालन किसके संरक्षण में होता है, कौन कौन किसके संरक्षण में संचालन कर रहा है। परिवहन विभाग के अधिकारीयों व पुलिस अधिकारियों को देखना होगा अन्यथा मुख्यमंत्री ने क नियति ‘सड़क सुरक्षा माह‘ बेमतलब।

# डब्ल्यूपीएल: तीन दिन में दूसरी बार आमने-सामने होंगे यूपी वॉरियर्स और मुंबई इंडियंस

एजेंसी

नवी मुंबई। सत्र की अपनी पहली जीत हासिल करके उत्साह से ओतप्रोत यूपी वॉरियर्स की टीम शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। पहले तीन मुकाबलों में जीत हासिल नहीं कर पाने वाली वॉरियर्स ने गुरुवार को मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर अपना खाता खोला। यह दोनों टीम तीन दिनों में दूसरी बार एक-दूसरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। वॉरियर्स को हालांकि अभी भी अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर समस्या का समाधान ढूंढना होगा, क्योंकि सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे लगातार चौथे मैच में नहीं चल पाई। मुख्य कोच अभिषेक नायर और कप्तान मेग लैनिंग अब फोएबे लिचफील्ड से पारी की शुरुआत कराने या श्वेता सहरावत जैसी किसी खिलाड़ी को





शीर्ष क्रम में आजमाने के विकल्प पर विचार कर सकते हैं। ऐसे में नवगिरे को मध्यक्रम में या फिनिशर के रूप में खेलने के लिए कहा जा सकता है। हरलीन देओल ने 39 गेंदों में 64 रन की शानदार पारी खेली और वह अपनी इस लय को जारी रखने की कोशिश करेगी। नायर ने कहा, ''हरलीन एक ऐसी खिलाड़ी है जो टीम के हित को प्राथमिकता देती है। इस टीम में खिलाड़ियों की सोच इसी तरह की है। वह अब हरमनप्रीत कौर के बाद इस सत्र में अर्धशतक बनाने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज हैं और हम यही चाहते थे। हरलीन और क्लो ट्रायोन की शानदार पारियों से वॉरियर्स ने जीत का स्वाद चखा। दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन, हरलीन और लिचफील्ड जैसी विश्व स्तरीय खिलाड़ियों की मौजूदगी में वॉरियर्स की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। वॉरियर्स से हार के कारण मुंबई इंडियंस का दो मैच से चला आ रहा जीत का सिलसिला रुक गया। हरमनप्रीत की अगुवाई वाली टीम अब बदला लेने के लिए बेताब होगी। मुंबई के गेंदबाजों ने अपने पिछले मैच में खासकर हरलीन के खिलाफ वाइड और शॉर्ट गेंदें फेंकने की गलती की और इसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। बीमारी के कारण एक मैच से बाहर रहने के बाद नैट साइवर ब्रंट ने वॉरियर्स के खिलाफ बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। निकोला कैरी ने भी अब तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित किया है, जबकि हेली मैथ्यूज अपनी जोरदार बल्लेबाजी के लिए जानी जाती हैं। मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण में अमेलिया केर और शबनीम इस्माइल जैसी शानदार खिलाड़ी हैं।

# भारत की नजरें लगातार दूसरी जीत पर, पहले मैच में दी थी अमेरिका को करारी शिकस्त

एजेंसी

बुलावायो। भारत अंडर19 शनिवार को यहां क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 के अपने दूसरे ग्रुप स्टेज मैच में बांग्लादेश अंडर 19 से भिड़ेगा। टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत के बाद, नीली जर्सी वाले लड़के अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखने के लिए फ़ेवरेट हैं, फैंस हेनिल पटेल को बेसब्री से देख रहे हैं, जिनके शुरुआती मैच में शानदार प्रदर्शन ने सुर्खियां बटोरी हैं। अमेरिका के खिलाफ अपने शुरुआती गेम में, भारत अंडर19 ने बारिश से प्रभावित हालातों को पार करते हुए 96 रनों के बदले हुए टारगेट का पीछा किया। कप्तान आयुष म्हात्रे और उप-कप्तान वैभव सूर्यवंशी सस्ते में निपट गए, लेकिन विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने 41 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाकर भारत को 6 विकेट से जीत दिलाई। लेकिन, सबसे ज़्यादा चर्चा 18 साल के हेनिल पटेल की रही, जिन्होंने अमेरिका की बैटिंग लाइनअप को तहस-



नहस कर दिया। उन्होंने 7 ओवर में 16 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने अपनी उम्र से कहीं ज़्यादा तेज़, सटीक और शांत गेंदबाज़ी दिखाई। क्रिकेट फ़ैन्स और एक्सपर्ट्स ने इसे टूर्नामेंट में अब तक के सबसे शानदार बॉलिंग परफ़ॉर्मेंस में से एक बताया है। भारत की टीम, जिसमें कई आईपीएल-कैप्ड खिलाड़ी हैं, को इस कॉम्पिटिशन में सबसे मजबूत टीमों में से एक माना जा रहा है। हेनिल के अलावा, दीपेश देवेंद्रन और आरएस अंबरीश जैसे गेंदबाज़ों ने भी डिसिप्लिन्ड स्पेल से प्रभावित किया है, जबकि म्हात्रे की कप्तानी में बैटिंग ऑर्डर आक्रामक इरादे का वादा करता है। दूसरी ओर, बांग्लादेश अंडर19 एक अलग कहानी लेकर आया है। 2020 के चैंपियन, जिन्होंने उस ऐतिहासिक फ़ाइनल में भारत को हराया था, इस टूर्नामेंट के लिए उनकी तैयारी ठीक नहीं रही है। उन्हें अंडर19 एशिया कप 2025 में पाकिस्तान से सेमीफ़ाइनल में भारी हार का सामना करना पड़ा, और उनके दो वार्म-अप मैच बारिश के कारण रद्द हो गए। उनके कैंपेन का ज़्यादातर दारोमदार ज़वाद अबरार पर है, जिन्होंने एशिया कप के चार मैचों में 224 रन बनाए, लेकिन लगातार अच्छा नहीं कर पाए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय कप्तान संदेश झिंगन समेत एफसी गोवा के खिलाड़ियों ने वेतन में कटौती स्वीकार की

**नयी दिल्ली।** भारतीय कप्तान संदेश झिंगन सहित एफसी गोवा के खिलाड़ियों और सहायक स्टाफ ने 14 फरवरी से शुरू होने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए वेतन में कटौती स्वीकार कर ली है। एफसी गोवा ने इसकी जानकारी देते हुए खिलाड़ियों के इस फैसले को 'निस्वार्थ' कार्य बताया। गोवा के क्लब ने गुरुवार रात 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि उसने भारतीय फुटबॉल में चल रही उथल-पुथल के मद्देनजर आगे आने वाली चुनौतियों को लेकर खिलाड़ियों और सहायक स्टाफ के साथ बातचीत की। बयान में कहा गया है, ''भारतीय फुटबॉल के लिए अनिश्चितता के इस दौर में हमारे क्लब ने अपने सामने मौजूद चुनौतियों को लेकर पूरी ईमानदारी के साथ बातचीत की और इसके बाद जो कुछ हुआ उस पर हमें बहुत गर्व है। एफसी गोवा ने कहा, ''हमारी प्रथम टीम के खिलाड़ियों और तकनीकी स्टाफ ने एकजुटता दिखाई और इस अवधि के दौरान अपना वेतन कम करने पर सहमति जताकर क्लब का समर्थन करने का विकल्प चुना। यह आसान निर्णय नहीं था। यह एक निस्वार्थ फैसला था। एफसी गोवा की टीम में उदांता सिंह और बोरिस सिंह जैसे कुछ अन्य भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। इस महीने की शुरुआत में एक अन्य आईएसएल टीम बेंगलुरु एफसी के मालिक पार्थ जिंदल ने आईएसएल में भाग लेने के लिए क्लब पर पड़ने वाले 'वित्तीय बोझ' को देखते हुए खिलाड़ियों से 'बलिदान करने' की अपील की थी और कहा था कि अगर खिलाड़ियों का समर्थन नहीं मिलता है तो क्लब को हमेशा के लिए बंद करना पड़ सकता है। जिंदल ने यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया कि खिलाड़ियों को किस तरह का बलिदान करना होगा, लेकिन उनके कहने का मतलब खिलाड़ियों के वेतन में कटौती हो सकती है। इस क्लब में पूर्व भारतीय कप्तान सुनील छेत्री और स्टार गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। जिंदल की यह अपील खेल मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा यह घोषणा करने के ठीक एक दिन बाद आई थी कि आईएसएल का 2025-26 का सत्र 14 फरवरी से शुरू होगा जिसमें सभी 14 क्लब भाग लेंगे। इस बीच एशियाई फुटबॉल महासंघ (एएफसी) ने एएफसी चैंपियंस लीग दो में खेलने के लिए आईएसएल टीमों को अनिवार्य रूप से 24 मैच खेलने के मानदंड में भी छूट दे दी है। उसने हालांकि स्पष्ट किया है कि आईएसएल चैंपियन को ग्रुप चरण में सीधे प्रवेश नहीं मिलेगा। इस बीच पिछले 48 घंटों में क्लबों से विदेशी खिलाड़ियों का पलायन जारी रहा। स्पेनिश फॉरवर्ड इकर गुआरोटक्सेना एफसी गोवा को छोड़कर इंडोनेशिया के पर्सिजाप जेपारा में शामिल हो गए हैं। दो अन्य स्पेनिश खिलाड़ी डेविड तिमोर और बोरजा हेरेरा पहले ही क्लब को छोड़ चुके हैं। पिछले दो दिनों में विभिन्न आईएसएल क्लबों को छोड़ने वाले विदेशी खिलाड़ियों में स्पेन के चेमा नुनेज (नॉर्थईस्ट यूनाइटेड), जॉन टोरल (मुंबई सिटी एफसी) और जुआन रोड्रिगेज (केरल ब्लास्टर्स) तथा जापान के हिरोशी इबुसुकी (ईस्ट बंगाल) शामिल हैं।

### सोनी ओपन में येल्लामाराजू और राय का अच्छा प्रदर्शन, थीगाला को संघर्ष करना पड़ा

**होनोलूलू (हवाई)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर सहित थीगला ने 2026 के पीजीए टूर में अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की और वह सोनी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 73 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 104वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के कनाडाई खिलाड़ी सुदर्शन येल्लामाराजू ने हालांकि अपने राउंड की शुरुआत डबल बोगी से करने के बावजूद तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने पांच बर्डी लगाईं, एक डबल बोगी और दो बोगी की तथा नौवें होल पर ईगल के साथ अपना खेल समाप्त किया। वह संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन राय भी संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। उन्होंने भी तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। मौजूदा चैंपियन निक टेलर ने आठ अंडर 62 का स्कोर बनाकर केविन रॉय के साथ शुरुआती बढ़त साझा की है।

### बार्टमैन की हैट्रिक से पार्ल रॉयल्स एसए20 के प्लेऑफ में

**सेंचुरियन।** ओटनेल बार्टमैन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक सहित पांच विकेट लिए जिससे पार्ल रॉयल्स ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। बार्टमैन ने 16 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे रॉयल्स ने कैपिटल्स को 19.1 ओवर में 127 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद रॉयल्स के बल्लेबाजों ने 4.5 ओवर शेष रहते हुए आसानी से लक्ष्य हासिल कर दिया। उसने 15.1 ओवर में चार विकेट पर 128 रन बनाकर बोनस अंक हासिल किया। इससे वह 21 अंक लेकर पहले स्थान पर पहुंच गया है। बार्टमैन एसए20 के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले प्रिटोरिया कैपिटल्स के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने पिछले हफ्ते ही किंग्समीड में डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ यह कारनामा किया था। बार्टमैन ने आंद्रे रसेल, लिज़ाद विलियम्स और एनगिडी को आउट करके हैट्रिक बनाई। इससे पहले उन्होंने कॉनर एस्टरहुइज़न और जॉर्डन कॉक्स को लगातार गेंद पर आउट किया। यह 32 वर्षीय गेंदबाज लीग में अब 57 विकेट ले चुका है जो इस टूर्नामेंट का नया रिकॉर्ड है। उन्होंने मार्को यानसन को पीछे छोड़ा।

### श्रीलंका में चक्रवात दितवाह के बाद हुए आर्थिक नुकसान का आकलन करेगा आईएमएफ

कोलंबो। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का आकलन दल चक्रवात 'दितवाह' से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए 22 से 28 जनवरी तक श्रीलंका की यात्रा करेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का दल इस बात का पता लगाएगा कि वह श्रीलंका को उसके पुनर्निर्माण प्रयासों में सर्वोत्तम सहायता कैसे प्रदान कर सकती है। इसमें विस्तारित निधि सुविधा द्वारा समर्थित कार्यक्रम को फिर से शुरू करना और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सलाह एवं तकनीकी सहायता प्रदान करना शामिल है। श्रीलंका में आईएमएफ मिशन के प्रमुख इवान पापाजॉर्जियो ने बयान में कहा, '' चक्रवात दितवाह से हुए नुकसान के पैमाने एवं दायरे पर अधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए आईएमएफ का एक दल 22 से 28 जनवर 2026 तक श्रीलंका की यात्रा करेगा। मिशन के निष्कर्षों को आईएमएफ समर्थित कार्यक्रम पर आगे की चर्चाओं में शामिल किया जाएगा।'' इस यात्रा के दौरान आईएमएफ का दल सरकारी अधिकारियों और संबंधित हितधारकों से बातचीत करेगी ताकि बुनियादी ढांचे, आजीविका एवं आर्थिक स्थिरता पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव को समझा जा सके। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब आईएमएफ ने श्रीलंका को आर्थिक सुधार में मदद के लिए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की है। आईएमएफ ने 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर के राहत पैकेज की पांचवीं समीक्षा को अगले महीने तक के लिए टाल दिया है। छठी किस्त के तहत लगभग 33 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि प्राप्त होगी।

# प्रज्ञाननंदा विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करते हैं, तो चेन्नई कर सकता है मेजबानी: आनंद

एजेंसी

जयपुर। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के उपाध्यक्ष और भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद का मानना है कि अगर आर प्रज्ञाननंदा कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर मौजूदा चैंपियन और हमवतन डी गुकेश को चुनौती देते हैं तो इस साल की विश्व चैंपियनशिप चेन्नई में हो सकती है। बीस वर्षीय प्रज्ञाननंदा उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं जो इस वर्ष मार्च-अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में खेलेंगे। इस टूर्नामेंट का विजेता खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप में गुकेश का सामना करेगा। फैबियानो कारुआना, हिकारू नाकामुरा, अनीश गिरी, वेई यी, जावोखिर सिंदारोव, एंड्री एसेपेंको और मैथियास ब्लूबाउम अन्य खिलाड़ी हैं जिन्होंने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। आनंद ने कहा, ''जो भी खिलाड़ी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जीतेगा वह विश्व चैंपियनशिप में कड़ी चुनौती पेश करेगा। मुझे लगता है कि अगर प्रज्ञाननंदा क्वालीफाई करने में सफल रहता है तो यह मुकाबला दोनों भारतीय खिलाड़ियों के लिए भावनात्मक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण होगा। आनंद जयपुर साहित्य महोत्सव में अपनी नई किताब 'लाइटनिंग किडः 64' का प्रचार करने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा, ''अगर प्रज्ञाननंदा और गुकेश आमने-सामने होंगे तो यह सामान्य मुकाबला नहीं होगा। ऐसी स्थिति में इस टूर्नामेंट का आयोजन चेन्नई में भी हो सकता है। मेरे कहने का मतलब है कि उन दोनों के लिए परिस्थितियां एक जैसी होंगी। उनके आसपास के सभी लोगों की प्रतिक्रिया बहुत भावनात्मक होगी। चेन्नई ने आखिरी बार 2013 में विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, जब आनंद का मुकाबला नॉर्वे के दिग्गज खिलाड़ी और वर्तमान में विश्व के नंबर एक मैग्नस कार्लसन से हुआ था। इससे पहले 2000 में दिल्ली ने भी विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, जब आनंद ने स्पेन के एलेक्सी शिरोव का सामना किया था। भारत के पहले ग्रैंडमास्टर आनंद ने कहा कि गुकेश का किसी भी अन्य प्रतिद्वंद्वी के साथ मुकाबला भी दिलचस्प होगा, लेकिन उससे भावनात्मक पहलू नहीं जुड़ा होगा। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि अमेरिकी खिलाड़ियों कारुआना और नाकामुरा भी क्वालीफाई करने के प्रबल दावेदार हैं। अगर उनमें से कोई क्वालीफाई करता है तो वह दिमागी खेल खेलने की कोशिश करेगा। साथ ही वे काफी उम्रदराज भी हैं। प्रज्ञाननंदा को छोड़कर कोई भी अन्य खिलाड़ी अगर क्वालीफाई करता है तो उसमें भावनात्मक पहलू नहीं जुड़ा होगा। विश्व चैंपियनशिप की तारीख और स्थान अभी तक घोषित नहीं किए गए हैं। आनंद से जब पूछा गया कि एक खिलाड़ी के रूप में आज तक उन्हें क्या प्रेरित करता है, तो उन्होंने कहा, ''मैं खेलना चाहता हूं। मुझे प्रतिस्पर्धा करना पसंद है। मैं चुनिंदा टूर्नामेंट में खेल रहा हूं। इससे मुझे काफी खाली समय भी मिल जाता है। इस दिग्गज खिलाड़ी ने कहा कि प्रज्ञाननंदा, गुकेश, आर वैशाली और अर्जुन एरिगैसी सहित जिन युवाओं को उन्होंने प्रशिक्षित किया है, उनके साथ उनका रिश्ता सम्मानजनक है, क्योंकि उनके बीच उम्र का बहुत बड़ा अंतर है। आनंद ने कहा, ''यह मुझसे काफी छोटी पीढ़ी है। अक्सर मुझे अहसास होता है कि मैं उनके माता-पिता से भी बड़ा हूं। एक समय था जब मैं छह-सात साल पहले गुकेश, प्रज्ञाननंदा और अर्जुन से मिला था।

### शेल्टन बाहर, बाएज और मेनसिक में होगा खिताबी मुकाबला

**ऑकलैंड।** विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर के खिलाड़ी और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट ऑकलैंड ओपन के दो दिन तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा। शेल्टन अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज से 7-5, 6-3 से हार गए, जो गैरवरीयता प्राप्त हैं और विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर हैं। गुरुवार रात को भारी बारिश के कारण यह मैच स्थगित करना पड़ा था। बाएज ने शुक्रवार को बाद में हुए सेमीफाइनल में अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-4 से हराया। बारिश के कारण खेल बाधित होने की वजह से तीन क्वार्टरफाइनल और दोनों सेमीफाइनल एक ही दिन खेले गए। फाइनल में बाएज का मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त याकूब मेनसिक से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में फैबियन मारोज़सन को 7-6 (9), 4-6, 6-1 से हराया। मारोज़सन ने पहले दौर में मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स और दूसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को हराया था।

# डाक से भेजे जाने वाले माल पर 15 जनवरी से निर्यात प्रोत्साहन योजनाएं लागू: सीबीआईसी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने भारत के ई-कॉमर्स सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए बड़ा पॉलिसी बदलाव किया है। सीबीआईसी ने कहा कि आरओडीटीईपी और आरओएससीटीएल जैसी निर्यात प्रोत्साहन योजनाएं अब डाक के जरिए भेजे जाने वाले माल पर भी लागू होंगी। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि इसके तहत पोस्टल रूट से भेजे जाने वाले सामानों पर भी जरूरी निर्यात प्रोत्साहन दिए जाएंगे। 15 जनवरी, 2026 से लागू होने वाला यह कदम छोटे एक्सपोर्टर्स को ग्लोबल ट्रेड नेटवर्क में शामिल करने के लिए डिजाइन किया गया है। इन प्रोत्साहनों से सूक्ष्म, लघु एवं मंझोले उद्यम (एमएसएमई) निर्यातकों विशेष रूप से छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों के निर्यातकों की प्रतिस्पर्धा में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है और डाक निर्यात को काफी बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने कहा, ''सीबीआईसी ने 'ड्यूटी ड्रॉबैक', निर्यातित उत्पादों पर शुल्क एवं करों की छूट (आरओडीटीईपी) और राज्य एवं केंद्रीय करों तथा शुल्क की छूट (आरओएससीटीएल) योजनाओं के तहत निर्यात से संबंधित लाभों को 15 जनवरी से डाक के जरिए इलेक्ट्रॉनिक रूप में किए गए निर्यातों तक विस्तारित कर दिया है।'' 'ड्यूटी ड्रॉबैक' निर्यात को बढ़ावा देने वाली एक महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक इसके तहत निर्यात किए गए माल के निर्माण या उत्पादन में उपयोग किए गए कच्चे माल पर चुकाए गए सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क (या उनके समकक्ष कर) का पूरा या आंशिक 'रिफंड' निर्यातक को दिया जाता है। मंत्रालय ने बताया कि इस उपाय का उद्देश्य डाक माध्यमों का उपयोग करने वाले निर्यातकों के लिए समान अवसर प्रदान करना एवं सीमा पार ई-कॉमर्स के विकास के लिए एक अनुकूल तथा समावेशी परिवेश बनाना है। सीबीआईसी ने इन लाभों को क्रियान्वित करने के लिए डाक निर्यात (इलेक्ट्रॉनिक घोषणा और प्रसंस्करण) विनियम, 2022 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इससे निर्यातकों को डाक मार्ग से निर्यात किए गए माल के लिए 'ड्यूटी ड्रॉबैक', आरओडीटीईपी और आरओएससीटीएल लाभों का दावा करने में सक्षम बनाया जा सके। भारत में वर्तमान में सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा-7 के तहत अधिसूचित 28 विदेशी डाकघर (एफपीओ) हैं। सीबीआईसी ने डाक और 'कूरियर' माध्यमों से सीमा पार व्यापार को मजबूत करने के लिए कई उपाय किए हैं। डाक निर्यात (इलेक्ट्रॉनिक घोषणा एवं प्रसंस्करण) विनियम, 2022 डाक निर्यात के लिए निर्यात घोषणाओं के संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक प्रसंस्करण को सक्षम बनाते हैं। इसके अलावा डाक आयात विनियम, 2025 को डाक आयात की इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए अधिसूचित किया गया था। डाक निर्यात के लिए आईजीएसटी 'रिफंड' का स्वचालन सितंबर 2024 में लागू किया गया था।

# कर्नाटक को 11 महीनों में 4.71 लाख करोड़ रुपये का निवेश मिला : मंत्री पाटिल

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के मध्यम एवं बड़े उद्योग मंत्री एम बी पाटिल ने शुक्रवार को कहा कि राज्य ने फरवरी 2025 में आयोजित अपने वैश्विक निवेशक सम्मेलन के 11 महीने के भीतर 4.71 लाख करोड़ रुपये का निवेश हासिल कर लिया है। यह निवेशक सम्मेलन में हासिल की गई 10.27 लाख करोड़ रुपये की प्रतिबद्धताओं का 46 प्रतिशत है। दावोस में विश्व आर्थिक मंच में अपनी भागीदारी से पहले पाटिल ने कहा कि त्वरित मंजूरी एवं पूरी तरह से डिजिटल एकल-खिड़की प्रणाली के कारण राज्य में निवेश प्रतिबद्धताओं को जमीनी परियोजनाओं में तेजी से परिवर्तित किया गया है। पाटिल 19 से 23 जनवरी तक दावोस में रहेंगे। उन्होंने बताया कि विनिर्माण क्षेत्र में निवेश के लिए किए गए 5.66 लाख करोड़ रुपये की प्रतिबद्धताओं में से 3.22 लाख करोड़ रुपये का निवेश पहले ही मिल चुका है जो 58 प्रतिशत की सफलता दर दर्शाता है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 4.25 लाख करोड़ रुपये की प्रतिबद्धताओं के मुकाबले 1.41 लाख करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है जबकि अवसंरचना विकास क्षेत्र में 45,000 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धताओं में से 8,500 करोड़ रुपये का निवेश मिला है। पाटिल ने कहा कि राज्य, 30 से अधिक विभागों में 150 से अधिक सेवाओं को एकीकृत करने वाले एक डिजिटल एकल-खिड़की मंच के माध्यम से भूमि आवंटन, वैधानिक अनुमोदन एवं आवेदन प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित करके समझौता ज्ञापन के चरण से आगे बढ़ गया है। मंत्री ने कहा, '' हम केवल समझौता ज्ञापन के चरण तक ही नहीं रुके हैं। निवेश प्रस्ताव जमा होने के बाद, आवेदन प्रक्रिया, भूमि आवंटन, वैधानिक मंजूरी और अनुमोदन जैसी प्रक्रियाओं को पूरी तरह से डिजिटल एकल-खिड़की प्रणाली के माध्यम से सुगम बनाया जा रहा है। इस व्यवस्था के तहत 30 से अधिक विभागों की 150 से अधिक सेवाओं को एकीकृत किया गया है।

# डेलॉयट ने आगामी बजट में एमएसएमई निर्यात के लिए ऋण बढ़ाने का दिया सुझाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में व्यापारिक स्थिरता बढ़ाने एवं बाहरी कमजोरियों को कम करने के लिए निर्यात ऋण तथा रियायती वित्तपोषण के माध्यम से छोटे उद्यमों को समर्थन देने के साथ-साथ महत्वपूर्ण खनिजों की खोज के लिए वित्तपोषण जैसे उपायों पर विचार किया जाना चाहिए। वित्तीय परामर्श एवं सलाहकार कंपनी डेलॉयट इंडिया ने यह बात कही। डेलॉयट ने बजट को लेकर अपनी आकांक्षाओं पर कहा कि भारत के निर्यात में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) का 46 प्रतिशत हिस्सा है और कृषि के बाद ये दूसरे सबसे बड़े नियोक्ता हैं। वित्तीय एवं अनुपालन संबंधी दबावों को कम करने से इन उद्यमों को वैश्विक अस्थिरता से निपटने, उत्पादन बनाए रखने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा, '' एमएसएमई को मजबूत करने से रोजगार सुरक्षित होंगे और समावेशी आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी, ग्रामीण आय में वृद्धि होगी तथा भारत की वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की महत्वाकांक्षा को समर्थन मिलेगा। डेलॉयट ने अंतिम छोर तक एमएसएमई की प्रतिस्पर्धा को बेहतर बनाने और सरलीकृत डिजिटल प्रक्रियाओं के माध्यम से अनुपालन बोझ को कम करने के लिए व्यापक प्रशिक्षण का सुझाव दिया। इसने यह भी सुझाव दिया कि शुल्क के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों (तैयार वस्त्र, रत्न, आभूषण, चमड़ा) को लक्षित निर्यात प्रोत्साहन या बढ़ी हुई शुल्क छूट प्रदान की जाए। डेलॉयट की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि बढ़ते वैश्विक संरक्षणवाद एवं तदर्थ उपायों (शुल्क में बढ़ोतरी, उत्पत्ति नियमों में बदलाव एवं गैर-शुल्क बाधाएं) से भारतीय निर्यातकों के लिए अनिश्चितता बढ़ जाती है। वैश्विक व्यापारिक टकरावों का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि पर प्रत्यक्ष प्रभाव 0.40 प्रतिशत से 0.80 प्रतिशत तक सीमित हो सकता है लेकिन एमएसएमई और रोजगार पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ सकता है।

# सर्राफा बाजार में सोने की रफ्तार पर लगा ब्रेक, चांदी ने लगातार चौथे दिन बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की तेजी पर आज ब्रेक लगता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, चांदी आज एक बार फिर मजबूती के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। चांदी ने आज लगातार चौथे दिन ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है। सोना आज 370 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसके विपरीत चांदी ने भी आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 5 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। कीमत में आज आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,43,610 रुपये से लेकर 1,43,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,640 रुपये से लेकर 1,31,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के



बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज ये चमकीली धातु 2,95,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,43,760 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,43,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,43,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,31,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,43,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,43,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,31,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भाजपा को 20 जनवरी को नया अध्यक्ष मिलेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम जारी करते हुए कहा कि इस पद के लिए नामांकन 19 जनवरी को दाखिल किए जाएंगे और अगले दिन नए पार्टी अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की संभावना है, क्योंकि इस बात की उम्मीद कम ही है कि कोई और नेता इस मुकाबले में शामिल होगा। भाजपा के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण द्वारा जारी संगठन चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे के बीच दाखिल किया जा सकेगा और उम्मीदवार उसी दिन शाम 5 बजे से शाम 6 बजे के बीच नामांकन वापस ले सकेंगे। उम्मीदवारों के नामांकन पत्र की छानबीन 19 जनवरी को शाम 4 बजे से शाम 5 बजे के बीच की जाएगी। लक्ष्मण ने कहा, 'अगर जरूरत पड़ी तो 20 जनवरी को मतदान होगा और उसी दिन नए चुने गए भाजपा अध्यक्ष के नाम की आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी।' नवीन भाजपा अध्यक्ष के तौर पर जे पी नड्डा की जगह ले सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत पार्टी का शीर्ष नेतृत्व नवीन की उम्मीदवारी का समर्थन कर रहा है। नड्डा को भी जून 2019 में पहले भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और बाद में 20 जनवरी, 2020 को उन्हें निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। दिवंगत भाजपा नेता और पूर्व विधायक नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के बेटे नितिन नवीन (45) को पार्टी में सक्रिय रहने वाले नेता के तौर पर देखा जाता है जो संगठन से गहराई से जुड़े हैं। उनकी पृष्ठभूमि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की है। नवीन बिहार की बांकीपुर विधानसभा से विधायक हैं और दो बार बिहार सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 1008 कुण्डीय हनुमान महायज्ञ में हुई शामिल

एजेंसी




जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को एक दिवसीय यात्रा पर जयपुर पहुंचीं। मुर्मु सीकर रोड़ स्थित नींदड़ में 1008 कुण्डीय हनुमान महायज्ञ और श्रीराम कथा में शामिल हुईं। उन्होंने जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ विश्वकल्याण के लिए हवन में पूर्णाहुति दी। इस दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान राष्ट्रपति ने महायज्ञ में पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने यज्ञशाला की परिक्रमा लगाई। इस दौरान राष्ट्रपति ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य से मुलाकात कर उनका अभिनंदन भी किया। इससे पहले राष्ट्रपति के जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनकी अगवानी की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद मदन राठौड़, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## भारतीयों ...

हुए उन्होंने कहा जोखिम लेना मेरी भी आदत रही है। जिन कामों को दशकों से किसी ने नहीं छुआ जिनके लिए लोग कहते थे कि राजनीतिक जोखिम है मैं उन्हें अपना दायित्व समझकर जरूर करता हूं। नुकसान होगा तो मेरा होगा लेकिन अगर फायदा होगा तो देश के करोड़ों परिवारों का होगा।

श्री मोदी ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया मिशन ने देश में एक नयी संस्कृति को जन्म दिया है। पहले नया कारोबार केवल बड़े.बड़े घरों के बच्चे ही लेकर आते थे क्योंकि उन्हें ही आराम से फंडिंग मिलती थी। गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चे सिर्फ नौकरी की सोच सकते थे। स्टार्टअप इंडिया ने इसे बदल दिया। आज टीयर.2 तथा टीयर.3 शहरों और गांवों के बच्चे भी स्टार्टअप शुरू कर रहे हैं। आज 45 प्रतिशत मान्यता प्राप्त स्टार्टअप में कम से कम एक की निदेशक या सहसंस्थापक महिला है। महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप में भारत दुनिया में दूसरे नंबर पर है। प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप को सरकार से साथ मिलने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहाए ष्जैसे.जैसे हम आगे बढ़ रहे हैंए हमें वैश्विक नेतृत्व का लक्ष्य रखना होगा।

आप नये आइडिया पर काम करेंए समाधान खोजने पर काम करें। आप विनिर्माण पर फोकस करें। आपके हर प्रयास में सरकार आपके साथ खड़ी है। मुझे आपकी क्षमता पर विश्वास है। हमारा लक्ष्य होना चाहिये कि आने वाले 10 साल में भारत नये स्टार्टअप ट्रेंड और प्रौद्योगिकी में दुनिया का नेतृत्व करे।

उन्होंने कहा कि पहले स्टार्टअप स्थापित कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा की सोच भी नहीं सकते थे। आज 200 स्टार्टअप अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे हैं। ड्रोन सेक्टर में पुराने पड़ चुके कानून हटाकर सरकार ने स्टार्टअप पर भरोसा किया। आज 35 हजार छोटी कंपनियां और स्टार्टअप जैम पोर्टल पर पंजीकृत हैं।

उन्होंने कहा कि पूंजी के बिना सबसे अच्छे आइडिया भी बाजार तक नहीं पहुंच सकते। इसलिए सरकार ने स्टार्टअप के लिए पूंजी की व्यवस्था की है। स्टार्टअप को विभिन्न योजनाओं के तहत सीड फंडिंग दी जा रही है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि साल 2016 में जब स्टार्टअप इंडिया मिशन शुरू हुआ तो देश में सिर्फ 400 स्टार्टअप हुआ करते थे। आज उनकी संख्या दो लाख से अधिक हो चुकी है। अनुमान है कि इन स्टार्टअप्स ने अब तक 21 लाख लोगों को नौकरी दी है। वे आज 50 क्षेत्रों में काम कर रहे हैं।

सरकार ने साल 2016 में 10 हजार करोड़ रुपये का फंड ऑफ फंड्स बनाया था। पिछले बजट में 10 हजार करोड़ रुपये के एक और फंड ऑफ फंड्स की घोषणा की गयी है। डीप टेक रिसर्च के लिए एक लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की घोषणा की गयी है।

उन्होंने कहा कि पूरा विश्व आत्मविश्वास से भरपूर एक नये भारत की तरफ उम्मीद से देख रहा है। अनुमान है कि लगभग 100 देश भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के साथ अपना नेटवर्क बनाना चाहते हैं।

## प्रधानमंत्री...

मालदा टाउन रेलवे स्टेशन का दौरा करेंगे जहां वे कोलकाता हावड़ा और गुवाहाटी कामाख्या के बीच वंदे भारत एसी स्लीपर ट्रेन को झंडी दिखा कर रवाना करेंगे और वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कामाख्या से हावड़ा के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रेलवे का 2047 तक तीव्र रफ्तार घरेलू डिजाइन तथा अधिक सुविधा और सुरक्षा वाली प्रणालियों से युक्त 4500 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का लक्ष्य है।

वह कल ही वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हरी झंडी दिखा कर पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार स्टेशनों से चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को रवाना करेंगे। इनमें से न्यू जलपाईगुड़ी से तमिलनाडु के नागरकोइल और तिरुचिरापल्ली के लिए दो अलग अलग ट्रेन तथा अलीपुरद्वार से एसएमवीटी बेंगलुरु तथा मुंबई पनवेल के लिए एक-एक ट्रेन होगी। प्रधानमंत्री रविवार को असम में नगांव जिले के कालियाबोर में आयोजित कार्यक्रम से गुवाहाटी. रोहतक तथा डिब्रूगढ़ लखनऊ के बीच दो अलग-अलग अमृत भारत ट्रेनों को और पश्चिम बंगाल में सिलिगुड़ी जिले में आयोजित कार्यक्रम स्थल से कोलकाता हावड़ा आनंद विहार कोलकाता सियालदह बनारस और कोलकाता सतरागाछी ताम्बरम के बीच तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को डिजिटल तरीके से हरी झंडी दिखायेंगे।

रेल मंत्रालय ने कहा है कि भूटान के गेटवे से लेकर भारत की सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरू को जोड़ने वाली अलीपुरद्वार बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस पूर्वी और दक्षिणी भारत के बीच एक मजबूत लिंक बनाएगी। यह ट्रेन हफ्ते में दोनों ओर से एक बार चलायी जाएगी। यह अलीपुरद्वार से एसएमवीटी बेंगलुरु के लिए रात 10.25 बजे सोमवार को रवाना होगी और बेंगलुरु सुबह 3.00 बजे गुरुवार को पहुँचेगी। बेंगलुरु से यह शनिवार सुबह 8.50 बजे रवाना होगी और सोमवार को सुबह 10.25 बजे अलीपुरद्वार पहुँचेगी।

यह ट्रेन पश्चिम बंगाल में अलीपुरद्वार दार्जिलिंग जलपाईगुड़ी उत्तर दिनाजपुर मालदा बीरभूम पुरबा बर्धमान हुगली हावड़ा और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों को बिहार में यह किशनगंज और कटिहार को ओडिशा में बालेश्वर भद्रक जाजपुर कटक खोरधा और गंजाम जैसे जिलों आंध्र प्रदेश में यह रूट श्रीकाकुलम विजयनगरम विशाखापत्तनम पूर्वी गोदावरी पश्चिमी गोदावरी गुंटूर प्रकाशम और नेल्लोर तथा तमिलनाडु और कर्नाटक में वेल्लोर चित्तूर कोलार और बेंगलुरु शहरी जिलों को जोड़ेगी।

इसी तरह कामाख्या. रोहतक साप्ताहिक सेवा अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा कामाख्या से शुक्रवार को रात 10.00 बजे रवाना होगी और रविवार को दोपहर 2.45 बजे रोहतक पहुँचेगी। रोहतक से वापसी रात 10. 10 बजे चल कर मंगलवार को दोपहर 12. 15 बजे कामाख्या पहुँचेगी। यह ट्रेन असम में कामरूप बारपेटा बोंगाईगांव और कोकराझार पश्चिम बंगाल में कूच बिहार और जलपाईगुड़ी बिहार में किशनगंज कटिहार भागलपुर खगड़िया सारण बेगुसराय और वैशाली उत्तर प्रदेश में बलिया गाजीपुर वाराणसी भदोही प्रयागराज कानपुर नगर फिरोजाबाद और गाजियाबाद और हरियाणा में झज्जर और रोहतक सहित जिलों के यात्रियों के लिए सुविधा देगी।

अलीपुरद्वार-मुंबई पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलेगी और पूर्वी भारत और पश्चिमी तट के बीच एक महत्वपूर्ण रेल लिंक प्रदान करेगी जो उत्तर बंगाल के रणनीतिक सीमा क्षेत्र को मुंबई महानगरीय क्षेत्र से जोड़ेगी। यह हर गुरुवार को अलीपुरद्वार से सुबह 4.45 बजे प्रस्थान करेगी और शनिवार को शाम 5.30 बजे पनवेल पहुँचेगी। पनवेल से यह सुबह 11.50 बजे सोमवार रवाना होगी और बुधवार को दोपहर 1.50 बजे अलीपुरद्वार पहुंचेगी। इससे पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग जलपाईगुड़ी और उत्तर दिनाजपुर बिहार में किशनगंज कटिहार भागलपुर खगड़िया समस्तीपुर मुजफ्फरपुर वैशाली सारण पटना भोजपुर और बक्सर उत्तर प्रदेश में चंदौली मिर्ज़ापुर प्रयागराज और चित्रकूट मध्य प्रदेश में सतना कटनी जबलपुर और होशंगाबाद और महाराष्ट्र में जलगांव नासिक ठाणे और रायगढ़ जिलों को सुविधा होगी।

डिब्रूगढ़-लखनऊ गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस डिब्रूगढ़ से शुक्रवार रात 9. 00 बजे प्रस्थान करेगी और रविवार को दोपहर 1.30 बजे गोमतीनगर लखनऊ पहुंचेगी। गोमतीनगर से यह शाम 6.40 बजे रविवार रवाना होगी और डिब्रूगढ़ सुबह 12.40 बजे मंगलवार पहुंचेगी।

मंत्रालय का कहना है कि कोलकाता हावड़ा आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक गुरुवार को रात 11.10 बजे हावड़ा से रवाना होगी और शनिवार को सुबह 02.50 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। आनंद विहार टर्मिनल से यह हर शनिवार को सुबह 05.15 बजे रवाना होगी और रविवार को सुबह 10.50 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इससे कोलकाता और दिल्ली एनसीआर के बीच रेल यात्रा सुविधा में सुधार होगा। यह बर्धमान और हुगली गया ए पटना वाराणसी जौनपुर लखनऊ बरेली मुरादाबाद के रास्ते आनंद विहार पहंचेगी। कोलकाता सियालदह बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस रोज़ाना शाम 7.30 बजे सियालदह से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 7.20 बजे बनारस पहुंचेगी। बनारस से यह रोज़ाना रात 10.10 बजे बनारस हो कर अगले दिन सुबह 09. 55 बजे सियालदह पहुंचेगी।

न्यू जलपाईगुड़ी.तिरुचिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस सप्तह में एक दिन शुक्रवार शाम 4. 45 बजे न्यू जलपाईगुड़ी से रवाना होगी और रविवार को शाम 4.15 बजे तिरुचिरापल्ली पहुंचेगी। वापसी में यह तिरुचिरापल्ली से सुबह 5. 45 बजे बुधवार रवाना होगी और सुबह 5. 00 बजे शुक्रवार न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी।

न्यू जलपाईगुड़ी से नागरकोइल के लिए शुरू की जा रही अमृत भारत एक्सप्रेस हर बुधवार शाम 4.45 बजे न्यू जलपाईगुड़ी से प्रस्थान करेगी और शुक्रवार रात 11. 00 बजे नागरकोइल कन्याकुमारी पहुंचेगी। वापसी में यह नागरकोइल से रविवार रात 11.00 बजे चला करेगी और बुधावार सुबह 5.00 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी।

लोकतांत्रिक...

को राष्ट्रमंडल संसदीय सहयोग के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में स्मरण किया जाए। उन्होंने कहा कि चर्चाओं से यह स्पष्ट हुआ कि संसदों को अधिक जन-केंद्रित, जवाबदेह और प्रभावी बनाने पर सामूहिक चिंतन के लिए सीएसपीओसी एक अद्वितीय मंच के रूप में आज भी प्रासंगिक है।

सम्मेलन के सत्रों पर चर्चा करते हुए बिरला ने कहा कि संसदों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार उपयोग, सोशल मीडिया के प्रभाव, चुनावों से परे नागरिक सहभागिता तथा सांसदों और संसदीय कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण जैसे विषयों पर हुई चर्चाएँ विशेष रूप से विचारोत्तेजक रहीं।

इससे पहले विशेष पूर्णाधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए बिरला ने कहा कि आधुनिक लोकतंत्र अभूतपूर्व अवसरों के साथ-साथ जटिल, बहुआयामी चुनौतियों का भी सामना कर रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि पीठासीन अधिकारियों का प्रमुख दायित्व है कि वे समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप लोकतांत्रिक संस्थाओं को निरंतर अनुकूलित करें और संवैधानिक मूल्यों में दृढ़ता से निहित रहें।

उन्होंने कहा कि संसदों की वास्तविक प्रासंगिकता नागरिकों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं के प्रति उनकी प्रतिक्रिया-क्षमता में निहित है, ताकि बहसें और विमर्श जन-समस्याओं के सार्थक समाधान तक पहुँचें। उनके अनुसार, व्यापक और गहन चर्चा सीधे तौर पर अधिक पारदर्शिता, जवाबदेही और विधायिकाओं में सार्वजनिक विश्वास के सुदृढ़ीकरण में योगदान देती है।

बिरला ने कहा कि सहमति और असहमति-दोनों ही लोकतंत्र की शक्तियाँ हैं, किंतु इन्हें संसदीय मर्यादा के ढाँचे के भीतर व्यक्त किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में, उन्होंने सदन की गरिमा की रक्षा, निष्पक्षता सुनिश्चित करने और संस्थागत विश्वसनीयता को मजबूत करने में पीठासीन अधिकारी की भूमिका को निर्णायक बताया।

उन्होंने बल दिया कि संसदें जनता की हैं और समाज के सभी वर्गों; सामाजिक पदानुक्रम में अंतिम व्यक्ति सहित की आवाज़ के लिए स्थान उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहसों में सदस्यों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना, सदन के समय का संतुलित उपयोग और सभी पक्षों को समान अवसर देना, पीठ की अनिवार्य जिम्मेदारियाँ हैं।

## दिल्ली...

संबंधित संदर्भों से जुड़ा है, जिनका सर्वोच्च बलिदान अंतरात्मा, साहस और आस्था की रक्षा का शाश्वत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुरुओं के चरणों में शीश झुकाना सौभाग्य और श्रद्धा का विषय है, जो भारत की सभ्यतागत और नैतिक परंपरा में गहराई से निहित है। उन्होंने कहा कि जिनमें संवेदना, भावना और श्रद्धा का अभाव होता है, वे ही इस सत्य को गरिमा के साथ स्वीकार नहीं कर पाते। गुप्ता ने यह भी रेखांकित किया कि विपक्ष के नेता तथा सदन के नेता, दोनों ही जनता की संवैधानिक आवाज हैं और उन पर सार्वजनिक भावना तथा विधानसभा के माध्यम से व्यक्त जन-आकांक्षाओं का सम्मान करने की समान जिम्मेदारी है।

विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि तथ्यों के पूर्ण सत्यापन को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित प्राधिकरणों को नोटिस जारी किए गए हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तथा जालंधर के पुलिस आयुक्त से उत्तर प्राप्त हुए हैं। डीजीपी को व्यक्तिगत कारणों से 22 जनवरी 2026 तक उत्तर प्रस्तुत करने के लिए समय दिया गया है। जालंधर के पुलिस आयुक्त को वीवीआईपी दौरे से संबंधित आधिकारिक व्यस्तताओं के कारण समय प्रदान किया गया है।

फॉरेंसिक परीक्षण के संबंध में अध्यक्ष ने बताया कि पंजाब के विशेष पुलिस महानिदेशक (साइबर अपराध) द्वारा एक लिखित उत्तर प्रस्तुत किया गया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि साइबर अपराध शाखा की इस घटना में कोई परिचालन या जांच संबंधी भूमिका नहीं है। यह उत्तर वर्तमान में विस्तृत जांच का विषय है तथा स्थिति को और स्पष्ट करने के लिए संबंधित अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा जा सकता है, ताकि किसी भी प्रकार की अस्पष्टता न रहे और सत्य पूर्ण रूप से अभिलेख पर स्थापित हो सके।

गुप्ता ने बताया कि दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने इस मामले में कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। विपक्ष की नेता आतिशी को कथित विशेषाधिकार उल्लंघन के संबंध में नोटिस जारी किया गया है और उनसे 19 जनवरी 2026 तक लिखित उत्तर प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है। गुप्ता ने स्पष्ट किया कि विशेषाधिकार समिति को संदर्भ सदन के पटल पर ही भेजा गया था तथा आगे की सभी कार्यवाहियां, जिनमें वीडियो को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजना भी शामिल है, सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों के समर्थन से ही की गयी हैं। इस घटना की पृष्ठभूमि का जिक्र कर विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि यह मुद्दा छह जनवरी को सदन की कार्यवाही के दौरान उठा, जिसके कारण विधायी कार्य में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई। सात जनवरी को कार्यवाही का प्रतिलेख शब्दशः सदन में पढ़कर सुनाया गया। विपक्ष की नेता आतिशी को अपनी स्थिति स्पष्ट करने या सदन के समक्ष खेद व्यक्त करने के लिए बार-बार अवसर दिए गए, किंतु कोई स्पष्टीकरण अभिलेख पर नहीं रखा गया। इसके परिणामस्वरूप सदन की कार्यवाही कई बार बाधित हुई थी।

## उपराष्ट्रपति...

मित्रता एवं मजबूत संसदीय संबंधों को रेखांकित करती है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह दौरा न केवल उपयोगी बल्कि आनंददायक भी होगा तथा भारत की संसदीय परंपराओं, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों को निकट से समझने का अवसर प्रदान करेगा। बैठक के दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत और यूनाइटेड किंगडम का इतिहास दीर्घकालिक और पारस्परिक रहा है, जिसमें सदियों से विकसित होती संसदीय परंपराएं शामिल हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि भारत की संसदीय प्रणाली वेस्टमिंस्टर मॉडल से प्रेरणा लेने के साथ ही भारत के विशिष्ट लोकतांत्रिक संरचना को प्रतिबिंबित करते हुए स्वाभाविक रूप से विकसित हुई है। साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने विधि द्वारा शासन, संसदीय विशेषाधिकार तथा कार्यपालिका पर प्रभावी लोकतांत्रिक पर्यवेक्षण के प्रति दोनों संसदों की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि ये साझा सिद्धांत परस्पर सीखने के लिए एक सुदृढ़ आधार प्रदान करते हैं।

उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रमंडल संबंधों की नींव के तौर पर संसदीय कूटनीति के महत्व पर बल दिया और संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के लिए विनिमय कार्यक्रमों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

उन्होंने कहा कि भारत ने अनेक अंतर-संसदीय प्रतिनिधिमंडलों की मेज़बानी की है तथा उनमें भाग लिया है और उन्होंने यह सुझाव दिया कि संयुक्त कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा ज्ञान साझाकरण संबंधी पहलों के कार्यान्वयन पर विचार करना लाभप्रद होगा।

उपराष्ट्रपति ने उल्लेख किया कि डिजिटल नवाचार ने वैश्विक स्तर पर संसदीय कार्यप्रणाली को रूपांतरित कर दिया है और भारत ने भी अपनी संसदीय कार्यप्रणाली के अंतर्गत ई-संसद प्रणालियों, लाइव स्ट्रीमिंग तथा डिजिटाइज़्ड अभिलेखों को एकीकृत किया है।

उन्होंने डिजिटल पहलों के कार्यान्वयन में विशेष रूप से पहुंच बढ़ाने, पारदर्शिता को बढ़ावा देने तथा जन सहभागिता को प्रोत्साहित करने के संदर्भ में हाउस ऑफ लॉर्ड्स के अनुभवों में विशेष रुचि व्यक्त की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रमंडल संसद सदस्यों को विचारों के आदान-प्रदान, परस्पर सीखने तथा लोकतांत्रिक मानकों को बनाए रखने के लिए एक विशिष्ट मंच प्रदान करता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि पीठासीन अधिकारियों की यह साझा जिम्मेदारी है कि संसदीय लोकतंत्र समाज के सभी वर्गों के लिए प्रभावी रूप से कार्य करता रहे।

उपराष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि भारत और यूनाइटेड किंगडम संसदीय एवं बहुपक्षीय मंचों के माध्यम से प्रमुख वैश्विक प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य कर सकते हैं। इनमें महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना, विधायी कार्रवाई के माध्यम से जलवायु अनुकूलता का संवर्धन करना, शिक्षा के क्षेत्र- में विशेषकर उच्च शिक्षा को सॉफ्ट पावर के रूप में मजबूत बनाना तथा प्रौद्योगिकी का उपयोग कर शासन को अधिक समावेशी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाना शामिल है। बैठक के समापन पर उपराष्ट्रपति ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारत की दृढ़ एवं साझा प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की, जो दोनों देशों के बीच निरंतर सहभागिता के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करती है। उन्होंने यह आशा भी व्यक्त की कि यह दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ करेगी तथा ऐसी संयुक्त पहलों को प्रेरित करती रहेगी, जो राष्ट्रमंडल एवं विश्व के लिए एक आदर्श के रूप में कार्य कर सकें।

## बांसेरा...

के लिए एक प्रमुख पर्यटन और सांस्कृतिक स्थल के रूप में विकसित हो चुका है।

इस मौके पर गृह मंत्री के साथ दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मुख्य सचिव राजीव वर्मा और डीडीए के उपाध्यक्ष श्रवण कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## गडकरी...

को बताया कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से भोपालऽविदिशाऽसागरऽराहतगढ़ऽब्यावरा सहित प्रमुख औद्योगिक, कृषि और पर्यटन मार्गों पर यातायात सुगम होगा। चार-लेन चौड़ीकरण से जहां यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी, वहीं ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी और सड़क सुरक्षा में वृद्धि सुनिश्चित होगी। कई खंडों पर ब्लैक स्पॉट सुधार, अंडरपास तथा ज्यामितीय सुधार किए गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं के जोखिम में कमी आएगी।

ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरः सड़क सुरक्षा की मजबूत नींव

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की पहल के तहत विदिशा और सागर जिलों में प्रस्तावित 3 ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं से युक्त होंगे। आईडीटीआर एवं आरडीटीसी अवधारणा पर विकसित ये केंद्र सुरक्षित, अनुशासित और जिम्मेदार ड्राइविंग को प्रोत्साहित करेंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इन तीनों सेंटर का शिलान्यास भी किया जायेगा।

लोकार्पित होने वानी परियोजनाएं

1. रातापानी वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र, अब्दुल्लागंज-इटारसी खंड

4-लेन चौड़ीकरण लंबाई- 12 किमी, लागत- ?418 करोड़

यह परियोजना ओबेदुल्लागंज-इटारसी-बैतूल कॉरिडोर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो बैतूल के माध्यम से नागपुर तक बेहतर सड़क संपर्क प्रदान करती है। पहले यह खंड दो-लेन का होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक प्रमुख बॉटलनेक बना हुआ था, जिससे भारी यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न होती थी। चार-लेन चौड़ीकरण के बाद यातायात प्रवाह सुचारू होगा, जिससे लगभग 15- 30 मिनट तक का यात्रा समय बचेगा तथा ईंधन की बचत और प्रदूषण में कमी आएगी। परियोजना के अंतर्गत वन्यजीव संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए एनिमल अंडरपास एवं साउंड-प्रूफ कॉरिडोर का निर्माण किया गया है, जिससे टाइगर सहित अन्य वन्यजीवों को सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित होगी और मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी आएगी।

लंबाई- 42 किमी, लागत- ?1,041 करोड़

यह परियोजना भोपाल-कानपुर कॉरिडोर का एक प्रमुख हिस्सा है, जिसका उद्देश्य मौजूदा मार्ग को हाई-कैपेसिटी नेशनल हाईवे मानकों के अनुरूप विकसित करना है। परियोजना से अंतर-जिला एवं अंतर-राज्यीय यातायात अधिक सुगम होगा तथा लंबी दूरी और माल ढुलाई ट्रैफिक की आवाजाही सुरक्षित एवं तेज़ बनेगी। इस मार्ग से रायसेन जिले में स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे पर्यटन, व्यापार और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

2. विदिशा-ग्यारसपुर खंड का 4-लेन चौड़ीकरण

लंबाई- 29 किमी, लागत - ?543 करोड़

इस परियोजना से विदिशा और आसपास के क्षेत्रों के बीच यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। चौड़ीकरण और ज्यामितीय सुधारों से सड़क सुरक्षा एवं ड्राइविंग आराम में वृद्धि होगी। परियोजना से सांची जैसे ऐतिहासिक स्थलों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी तथा विदिशा जिले के उच्च गुणवत्ता वाले गेहूं एवं अन्य कृषि उत्पादों के परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

3. ग्यारसपुर-राहतगढ़ खंड का 4-लेन चौड़ीकरण

लंबाई- 36 किमी, लागत- ?903 करोड़

यह खंड क्षेत्रीय एवं लंबी दूरी की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। परियोजना से यात्रा समय में कमी, सड़क सुरक्षा में सुधार और माल ढुलाई को गति मिलेगी। व्यापार, लॉजिस्टिक गतिविधियों और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलने से क्षेत्रीय आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी।

4 राहतगढ़-बेरखेड़ी खंड का 4-लेन चौड़ीकरण

लंबाई- 10 किमी, लागत- ?731 करोड़

यह परियोजना राष्ट्रीय एवं अंतर-राज्यीय यातायात के लिए सड़क क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। चौड़ीकरण से यातायात सुचारू होगा और दुर्घटनाओं के जोखिम में कमी आएगी। इसके माध्यम से व्यापार, कृषि उत्पादों के परिवहन और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

5. सागर वेस्टर्न बायपास (ग्रीनफील्ड) का 4-लेन निर्माण

लंबाई - 20.2 किमी, लागत- ?688 करोड़

यह परियोजना एनएच-146 को सीधे एनएच-44 से जोड़ने के उद्देश्य से प्रस्तावित है, जिससे सागर शहर के भीतर से गुजरने वाले ट्रैफिक को बाहर डायवर्ट किया जा सकेगा। बायपास के निर्माण से यात्रा समय में लगभग 70% तक की कमी आएगी और लॉजिस्टिक दक्षता में उल्लेखनीय सुधार होगा। शहरी ट्रैफिक जाम में कमी, ईंधन बचत और परिवहन लागत में कमी के साथ यह परियोजना क्षेत्रीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी।

6. भोपालऽब्यावरा खंड पर 05 अंडरपास (एलवीयूपी/वीयूपी)

लंबाई- 5 किमी, लागत- ?122 करोड़

यह परियोजना ब्लैकस्पॉट सुधार के तहत विकसित की जा रही है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। अंडरपास निर्माण से हाईवे एवं स्थानीय मार्गों के बीच सुरक्षित और बाधारहित यातायात सुनिश्चित होगा। परियोजना से ग्रामीण-शहरी कनेक्टिविटी मजबूत होगी तथा व्यापार, कृषि और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## मुझे...

जरिए नए-नए नोटिस भेजे जा रहे हैं, जिससे बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) भारी दबाव में आ गए हैं। ममता बनर्जी का दावा है कि यह पूरी प्रक्रिया योजनाबद्ध तरीके से केवल पश्चिम बंगाल में ही लागू की जा रही है, ताकि भ्रम और असंतोष फैलाया जा सके।

राजनीतिक रणनीतिकार संस्था आई-पैक के कार्यालय में हुई तलाशी के मामले को लेकर भी मुख्यमंत्री ने प्रतिक्रिया दी। इस संबंध में मामला न्यायालय में विचाराधीन है और अगली सुनवाई तीन फरवरी को तय है। इस पर सवाल पूछे जाने पर ममता बनर्जी ने कहा कि कुछ लोग यह कहते फिर रहे हैं कि मुझे वर्षों तक जेल में डाल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह लोगों के लिए जरूरत पड़ी तो अपना जीवन देने को भी तैयार हैं और इस तरह की धमकियों से डरने वाली नहीं हैं।

## खेल...

प्रदेश में बड़े पैमाने पर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को आगे बढ़ाया गया है। प्रदेश की हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान व ओपन जिम, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम, जिला स्तर पर स्टेडियम बनाने के कार्य युद्धस्तर पर आगे बढ़े हैं। खेल गतिविधियां अनौपचारिक न रहें, बल्कि दिनचर्या का हिस्सा बनें, इसके लिए सरकार ने 96 हजार से अधिक युवक मंगल दलों और महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट वितरित की हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि ओलंपिक में प्रदेश के प्रतिभागी खिलाड़ी को सरकार 10 लाख रुपये देती है। ओलंपिक एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता को छह करोड़ रुपये का पुरस्कार और क्लास वन जॉब देने की व्यवस्था बनाई गई है। ओलंपिक की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ी को तीन करोड़ और एकल स्पर्धा में रजत पदक विजेता को भी तीन करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जाता है। ऐसे ही ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता सहित एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को भी नकद पुरस्कार दिए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अब तक 500 से अधिक पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरी दे चुकी है। खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी, तहसीलदार और क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी के पद पर भी नियुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स गुजरात में होंगे। हर राज्य और खिलाड़ियों को इसके अनुरूप खुद को तैयार करना होगा। भारत 2036 के ओलंपिक गेम्स की मेजबानी के लिए भी आवेदन कर रहा है। कॉमनवेल्थ और ओलंपिक में अधिक पदक जीतने की तैयारी अभी से करनी होगी। मंचीय कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुब्बारे उड़ाकर तथा बास्केटबॉल कोर्ट में फीता काटकर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने स्वयं भी बास्केटबॉल कोर्ट में बॉल उछाली। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर विश्वविद्यालय और शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ की खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मंचीय कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने फर्स्ट हाफ का मैच देखा और ताली बजाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

## रुपये...

दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद चलकर गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और समझा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता दर्शन में एक महिला ने गांव में गरीबों के जमीन पट्टा आवंटन में अनियमितता की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि जहां भी रुपये लेकर जमीन पट्टा दिया गया हो, वहां संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। अपराध से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इसी क्रम में एक महिला ने आर्थिक तंगी को लेकर बिटिया की शादी की चिंता व्यक्त की तो मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों से कहा कि बिटिया का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कराने की व्यवस्था करें। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्चस्तरीय इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। एस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

## भाजपा...

वार्डों में गिनती में देरी का आरोप लगाते हुए मतगणना प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए। हालांकि चुनाव अधिकारियों ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मतगणना पूरी तरह पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नगर निगम चुनावों में भाजपा महायुति की यह जीत आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिहाज से भी बेहद अहम है।

खासकर मुंबई जैसी आर्थिक राजधानी में बीएमसी पर कब्जा भाजपा गठबंधन के लिए बड़ी राजनीतिक उपलब्धि मानी जा रही है।

# दरभंगा के लगमा में 17 जनवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ संघ सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले होंगे मुख्य वक्ता



पटना। बिहार के दरभंगा जिले के तारडीह प्रखंड अंतर्गत लगमा गांव में नरक निवारण चतुर्दशी के अवसर पर 17 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। लगमा गांव में आयोजित इस विराट हिन्दू सम्मेलन और संगोष्ठी का उद्देश्य सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र निर्माण के विचारों का प्रसार करना है। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख राजेश कुमार झा और ज्योति झा ने संयुक्त रूप से मधेपुर से प्रचार रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ज्योति झा ने कहा कि मिथिला की पावन धरती सदैव सनातन हिन्दुत्व की रक्षा करती रही है। प्राचीन काल से लेकर आधुनिक समय तक मिथिलावासियों ने अपने आचरण और व्यवहार से हिन्दू जीवन पद्धति को समृद्ध किया है। उन्होंने बताया कि 17 जनवरी को लगमा स्थित ब्रह्मचारी आश्रम में संत बौआ भगवान की अध्यक्षता में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में पातेपुर के महंथ विश्वमोहन दास जी महाराज, कबीर मठ के महंथ मनमोहन दास जी महाराज, गलमा सिद्धपीठ के जीवेश्वर जी सहित एक सौ से अधिक संत-महात्माओं की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले भाग लेंगे। ज्योति झा ने बताया कि नरक निवारण चतुर्दशी के दिन सुबह 09 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जो पूरे दिन चलेगा। कार्यक्रम के आरंभ में संत-महात्माओं की उपस्थिति में महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में लगभग दस हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। मधुबनी और दरभंगा जिले के मधेपुर, झंझारपुर, घोघरडीहा, अंधराठाढ़ी, फुलपरास, बाबूबरही, तारडीह, अलीनगर, मनीगाछी सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में हिन्दू धर्मावलंबी पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि इस विशाल हिन्दू सम्मेलन में बिहार के कई राजनेता भी शामिल होंगे। इस भव्य और दिव्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आमजन से अपील की गई है।

# अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, पांच अपराधी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस से पहले दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध हथियार बनाने और सप्लाई करने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में हत्या, गैंगस्टर एक्ट, लूट और आर्म्स एक्ट जैसे संगीन मामलों में शामिल पांच कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 20 अत्याधुनिक देसी पिस्टल, 12 जिंदा कारतूस और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली भारी मशीनरी बरामद की है। दक्षिण-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ उप्र और हरियाणा में सक्रिय गैंगस्टरों और बदमाशों को अवैध हथियार सप्लाई कर रहा था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार चार जनवरी को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध हथियारों की सप्लाई में शामिल एक आरोपित राजोकरी टी-पॉइंट, कापसहेड़ा के पास आने वाला है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर विजय कुमार बलियान के नेतृत्व में स्पेशल स्टाफ की टीम ने जाल बिछाया और भारत उर्फ भारू को गिरफ्तार कर लिया। उसकी तलाशी में एक देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस पर कापसहेड़ा थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपित ने मेरठ के काइली गांव में चल रही अवैध हथियार फैक्ट्री का खुलासा किया। इसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया और मौके से अशरफ अली, उपेंद्र और सतीश को गिरफ्तार कर लिया। फैक्ट्री पूरी तरह चालू हालत में पाई गई, जहां बड़े पैमाने पर हथियार बनाए जा रहे थे। जांच के दौरान पुलिस ने इम्तेयाज नामक आरोपित को भी गिरफ्तार किया, जो हथियारों की खरीद-फरोख्त और सप्लाई का काम संभालता था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित पहले भी कई संगीन वारदातों में शामिल रह चुके हैं। इनमें से कुछ पर हत्या और गैंगस्टर एक्ट के मामले दर्ज हैं, जबकि कुछ पर लूट, स्नैचिंग और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप हैं। जेल से बाहर आने के बाद ये दोबारा अपराध की दुनिया में सक्रिय हो गए थे। पुलिस ने मौके से हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले लोहे के बैरल, ग्राइंडर, वेल्डिंग रॉड, स्प्रिंग, छेनी, हथौड़े, आरी और अन्य औजारों के साथ कच्चा माल भी जब्त किया है।

# पूर्व सांसद जगमीत बराड़, मान के पूर्व विशेष कार्याधिकारी भाजपा में शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के पूर्व ओएसडी रहे चरणजीत बराड़, पूर्व सांसद जगमीत बराड़ एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के पूर्व विशेष कार्याधिकारी प्रो. ओंकार सिंह शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। इसके अलावा कोटकपूरा से विधायक रहे जगमीत बराड़ के भाई रिपजीत सिंह बराड़ ने भी भाजपा जॉइन किया। जगमीत बराड़ 2022 में अकाली दल से मौड़ मंडी विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें चंडीगढ़ स्थित पंजाब भाजपा कार्यालय में पार्टी की सदस्यता दिलायी। गौरतलब है कि चरणजीत बराड़ ने पहले शिरोमणि अकाली दल छोड़कर श्री अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह की अगुवाई में बनी शिरोमणि अकाली दल का दामन थामा था। हालांकि, दो दिन पहले ही उन्होंने उस दल को भी छोड़ दिया था, जिसके बाद अब उन्होंने भाजपा का रुख किया है। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा में शामिल हुए नेताओं ने पंजाब की भलाई के लिए अहम कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा, ल्ल पंजाब के लोग आज जिस भय के माहौल से गुजर रहे हैं, वैसा ही माहौल 2014 से पहले देश में था। उस भय से मुक्ति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिलायी और अब पंजाब को भी उसी दिशा में ले जाया जाएगा। ङ्क उन्होंने आरोप लगाया कि आज पंजाब में उद्योगपतियों से लेकर आम लोगों तक में भय का माहौल है। वह पंजाब के लोगों के बीच जाते हैं, तो भाजपा को लोग उम्मीद की किरण के रूप में देखते हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि पंजाब ने पहले कांग्रेस सरकार और अब आम आदमी पार्टी की सरकार भी देख ली है, लेकिन दोनों ही सरकारें लोगों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर सकीं।

# दिल्ली में मंदिर दरगाह पर बुलडोजर कार्यवाही पर शांति प्रार्थना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हल्द्वानी। दिल्ली के झंडेवाला क्षेत्र में स्थित मंदिर दरगाह बाबा श्री पीर रतन नाथ जी महाराज के स्थान पर डीडीए एवं एमसीडी द्वारा की गई बुलडोज़र कार्रवाई पर हल्द्वानी मंडल द्वारा पुरजोर विरोध किया । मंदिर ट्रस्ट द्वारा मुख्यमंत्री दिल्ली एवं अन्य विभागीय अधिकारियों से ध्वस्त करी गई बिल्डिंग, सेवा स्थल, आदि का विरोध किया गया एवं मंदिर ट्रस्ट की जमीन वापस देने का आग्रह भी किया गया। इस कार्रवाई में मंदिर के लंगर हॉल एवं श्री भगवान जी की तुलसी वाटिका को भारी नुकसान पहुंचाया गया साथ ही बिजली एवं पानी की व्यवस्था काट दी गई, जिससे श्री भगवान जी की सेवा में अत्यधिक परेशानी उत्पन्न हुई । यह स्थान प्राचीन सिद्ध श्री गुरु गोरखनाथ जी का है, जो लगभग 1500 वर्ष पुराना समृद्ध स्थल है । दिल्ली में यह स्थान मंदिर दरगाह बाबा श्री पीर रतन नाथ जी के नाम से प्रसिद्ध है । यह परंपरा 1947 से निरंतर चली आ रही है, जिसमें प्रतिदिन प्रातः 4:30 बजे से श्री भगवान जी की आरती, हवन, श्री सुंदरकांड का पाठ, श्री रामायण का पाठ तथा पूरे दिन राम नाम का कीर्तन होता है । इस प्रसिद्ध स्थान पर शिवरात्रि एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर दो बड़े मेले लगते हैं, जिनमें देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं । इन श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था इसी स्थान द्वारा की जाती है, जिसे डीडीए और एमसीडी द्वारा तोड़ दिया गया है। हल्द्वानी मंडल द्वारा व्यवस्था को शीघ्रातिशीघ्र पुनः बहाल कराया जाए तथा इस पवित्र स्थल को उसके मूल स्वरूप में लौटाया जाने का दिल्ली सरकार से अनुरोध किया गया। हल्द्वानी मंडल द्वारा राम नाम जप के साथ शांति प्रार्थना प्रदर्शन किया गया। विरोध करने वालों में श्री रतन सेवादार हल्द्वानी मंडल का प्रधान शिव राजपाल, सेवादार रक्षित आहूजा, टेकचंद कपूर, जय किशन कपूर, द्वारिका नाथ कपूर, मनोज कपूर, अमरनाथ सपरा, शिवांग कपूर, शम्मी कपूर, मधुबाला कपूर, श्वेता कपूर, साधना कपूर, अनीता राजपाल, नीना कपूर, स्नेह लता कपूर, शशि आहूजा, चारु कपूर, शिखा आहूजा, आदि उपस्थित रहे ।

## पंजाब कांग्रेस ने वीबी जी राम जी विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित दिशा कमेटी की बैठक में केंद्र सरकार के वीबी जी राम जी विधेयक के खिलाफ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में सह अध्यक्ष डॉ अमर सिंह भी मौजूद रहे। प्रस्ताव में वीबी जी राम जी बिल को गरीब-विरोधी और कल्याण विरोधी बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की गई। इस दौरान दिशा कमेटी ने मनरेगा को 100 प्रतिशत केंद्रीय फंडिंग के साथ जारी रखने की स्पष्ट मांग की। कमेटी ने 60:40 फंडिंग मॉडल को पंजाब जैसे राज्यों के लिए आर्थिक रूप से असंभव और अन्यायपूर्ण करार दिया गया। श्री वड़िंग ने कहा कि मनरेगा खत्म होने से ग्रामीण रोजगार गारंटी कमजोर, पलायन और गरीबी बढ़ेगी। दिशा कमेटी ने बताया कि पंजाब में 70 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति समुदाय मनरेगा पर निर्भर है और नया कानून उन्हें सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा केंद्र सरकार से मांग की गई कि राज्यों, मजदूर संगठनों और विशेषज्ञों से व्यापक परामर्श के बाद ही कोई फैसला लिया जाए।

## 'वॉटर मास्टर' का जलावतरण, यमुना को निर्मल बनाने की सशक्त शुरूआत: प्रवेश साहिब सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुक्रवार को नई 'वॉटर मास्टर' मशीन के जलावतरण एवं नजफगढ़ ड्रेन में ड्रेजिंग कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने के संकल्प की सशक्त शुरुआत है। प्रवेश सिंह ने एक्स पोस्ट में बताया कि फिनलैंड से आई यह अत्याधुनिक 'वॉटर मास्टर' मशीन आज नजफगढ़ ड्रेन (पूर्व साइबी नदी) में कार्यरत हुई। यह मशीन दशकों से जमी 30ऽ40 वर्ष पुरानी सिल्ट को काटकर सक्शन तकनीक के माध्यम से सीधे बाहर निकालती है, जिससे पानी तुरंत वापस ड्रेन में चला जाता है और सिल्ट अलग स्थान पर एकत्र होती है। पहले की मशीनों की तुलना में यह तकनीक कई गुना अधिक तेज, प्रभावी और आधुनिक है।

# रिस्पना-बिंदाल एलिवेटेड कॉरिडोर पर पुनर्विचार की मांग : अमित बघेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। देहरादून सिटीजन फोरम की रिस्पना-बिंदाल नॉलेज सीरीज के दूसरे सत्र में शहरी मोबिलिटी विशेषज्ञ अमित बघेल ने प्रस्तावित रिस्पना-बिंदाल एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना पर पुनर्विचार की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि एलिवेटेड सड़कें ट्रैफिक जाम को कम नहीं करतीं, बल्कि लंबे समय में समस्या और बढ़ाती हैं। ऑनलाइन आयोजित इस कार्यक्रम में बघेल ने कहा कि टियर-2 शहरों की असली जरूरत मजबूत सार्वजनिक परिवहन, सुरक्षित फुटपाथ और पैदल चलने योग्य सड़कें हैं, न कि महंगी एलिवेटेड सड़कें। उन्होंने बताया कि लोग यह तय नहीं करते कि वे पैदल चलेंगे या वाहन से जाएंगे, बल्कि शहर की सड़क संरचना यह तय करती है। जहां फुटपाथ और सार्वजनिक परिवहन नहीं होते, वहां लोग मजबूरी में निजी वाहन अपनाते हैं। चौड़ी सड़कें और एलिवेटेड रोड अधिक वाहनों को आकर्षित करती हैं, जिससे कुछ समय बाद वे भी जाम हो जाती हैं। इसे इंड्यूस्ड डिमांड कहा जाता है। अमित बघेल ने कहा कि एलिवेटेड रोड पर चलने वाले वाहनों को अंततः नीचे उतरना ही पड़ता है, जिससे एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर भारी जाम लग जाता है। अब तक कोई भी शहर इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं खोज पाया है। नदियों के ऊपर एलिवेटेड सड़क बनाने पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह न केवल पर्यावरण और नदी तंत्र को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि आसपास के रिहायशी इलाकों, फुटपाथों और स्थानीय सड़कों पर भी नकारात्मक असर डालता है। उन्होंने जोर दिया कि देहरादून जैसे शहर में छोटी दूरी की यात्राओं के लिए पैदल चलना और साइकिल सबसे बेहतर विकल्प हैं, लेकिन फुटपाथों की कमी लोगों को वाहन इस्तेमाल करने पर मजबूर करती है। वर्तमान में सार्वजनिक परिवहन की हिस्सेदारी मात्र 6 प्रतिशत है, जिसे बेहतर सेवाओं से बढ़ाया जा सकता है। देहरादून की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए उन्होंने कहा कि यहां मेट्रो जैसी परियोजनाएं व्यवहारिक नहीं हैं। उन्होंने 2019 में बने और 2024 में अपडेट हुए देहरादून कम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें कई अच्छे सुझाव हैं, लेकिन सवाल यह है कि कितने सुझाव वास्तव में लागू होंगे। उन्होंने मांग की कि यदि रिस्पना-बिंदाल पर एलिवेटेड रोड बनाई जाती है, तो उसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों की पूरी जानकारी पारदर्शी तरीके से जनता के सामने रखी जाए। नागरिकों को यह जानने का अधिकार है कि यह परियोजना शहर की पहचान और पर्यावरण को कैसे प्रभावित करेगी। भारती जैन ने सार प्रस्तुत किया और अनूप नौटियाल ने बताया कि रिस्पना-बिंदाल नॉलेज सीरीज़ आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम का संचालन देहरादून सिटीजन फोरम की ऋतु चटर्जी ने किया। इस ऑनलाइन बैठक में देहरादून सिटीजन फोरम के 40 से अधिक स्थानीय सदस्य शामिल हुए।

# नाबार्ड ने 2026-27 के लिए संभाव्यतायुक्त ऋण योजना जारी की

कपूरथला। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 8319.40 करोड़ रूपये की संभाव्यतायुक्त ऋण योजना (पी एल पी) जारी की। अतिरिक्त उपायुक्त वरिंदर पाल सिंह बाजवा ने जिला परामर्श समिति (डीसीसी) की बैठक के दौरान पीएलपी जारी की। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र की कुल ऋण क्षमता 8319.40 करोड़ रूपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि इस पीएलपी के आधार पर जिले में कार्यरत सभी बैंक शाखाओं को आगामी वर्ष के लिए प्राथमिकता क्षेत्र दिशानिर्देशों के तहत विशिष्ट ऋण लक्ष्य आवंटित किए जाएंगे। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक जसमिंदर सिंह बिंद्रा ने संभावित योजना/क्षेत्र का विस्तृत मदवार विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और इस क्षेत्र के लिए ऋण का अनुमान 4020.88 करोड़ है। इस राशि में से 2647.13 करोड़ रूपये फसल ऋण के लिए, 804.72 करोड़ रूपये कृषि क्षेत्र के दीर्घकालिक ऋण के लिए, 296.99 करोड़ रूपये कृषि अवसंरचना के लिए और 272.02 करोड़ रूपये सहायक गतिविधियों के लिए निर्धारित हैं, जैसा कि पीएलपी में बताया गया है। इसके अलावा, योजना में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, ( एम एस एम ई) क्षेत्र के लिए 2993.61 करोड़ रूपये का अनुमान लगाया गया है। निर्यात ऋण के लिए 430.87 करोड़ रूपये, शिक्षा ऋण के लिए 124.77 करोड़ रूपये और आवास क्षेत्र के लिए 586.87 करोड़ रूपये का अनुमान है।

# सरस्वती पूजा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की गई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



छपरा। सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने संयुक्त रूप से सभी जिला स्तरीय अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ अहम बैठक की। बैठक में निर्देश दिए गए कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सार्वजनिक जुलूस के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। सभी आयोजकों को इस नियम का कड़ाई से अनुपालन करना होगा। इसके साथ ही जुलूस में डीजे का उपयोग पूरी तरह वर्जित रहेगा। यदि कहीं भी डीजे बजता पाया गया, तो उपकरण को तत्काल जब्त कर संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे पूर्व में ही सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें इन नियमों से अवगत करा दें। सुरक्षित विसर्जन सुनिश्चित करने के लिए बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारियों को आपसी समन्वय के साथ विसर्जन मार्गों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग को निर्देश दिया कि विसर्जन मार्गों पर बिजली के तारों का सुरक्षा ऑडिट किया जाए। लटकते या ढीले तारों को समय रहते दुरुस्त किया जाए ताकि कोई दुर्घटना न हो। नगर निकायों को विसर्जन मार्गों पर विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन इस बार तकनीक का भी सहारा ले रहा है। चिन्हित संवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी की जाएगी और ड्रोन कैमरों के जरिए चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जाएगी। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निष्पक्षता के साथ कठोर निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर मौजूद थे। साथ ही, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी भी जुड़े रहे।

## पंजाब में दो दिन और जारी रहेगी कड़ाके की ठंड, 18 जनवरी से बारिश के आसार

चंडीगढ़। पंजाब और चंडीगढ़ में कड़ाके की ठंड का दौर अभी दो दिन और जारी रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र, चंडीगढ़ ने शुक्रवार को राज्य के कई हिस्सों में घने कोहरे और शीतलहर को लेकर चेतावनी जारी की है। खराब मौसम को देखते हुए जहां प्रशासन अलर्ट मोड पर है, वहीं आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान बठिंडा में 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि अधिकतम तापमान में 2.6 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज हुई है लेकिन यह अभी भी सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस कम बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार से अगले चार दिनों तक न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही 18 जनवरी से राज्य के कई जिलों में बारिश होने के आसार हैं। घने कोहरे और ठंड को देखते हुए राज्य सरकार ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल, मान्यता प्राप्त और निजी स्कूल अब सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक संचालित होंगे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063